ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● वैशाख कृष्ण पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 10 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-174 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

विकलांग शख्स के बर्ताव से प्रीति जिंटा परेशान... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### कदमा में उपद्रवियों ने किया पथराव व आगजनी

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 3 में शनिवार को हुए विवाद के बाद रविवार को माहौल और बिगड़ गया। रविवार को उपद्रवियों ने पथराव किया और कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर डाला। कुछ दुकानों में आग भी लगा दी गई है। दोनों समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। सूचना पाकर एसएसपी, सिटी एसपी समेत अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और माहौल को संभालने का प्रयास किया। समझौते की कोशिशें विफल होती रहीं। मौके पर जैप और क्यूआरटी पहुंची। इन्होंने लाठी चार्ज किया। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने धर्म विरोधी नारे भी लगाए।

### स्वास्थ्य मंत्री ने की उपायुक्तों और सिविल सर्जन संग बैठक

**रांची।** झारखंड में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। राज्य के सभी उपायुक्तों और सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान निर्देश दिया गया है कि कोरोना से प्रभावित आठ राज्यों (दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु) से झारखंड आने वाले लोगों की विशेष निगरानी रखी जाए। थर्मल स्क्रीनिंग के बाद यदि किसी में भी कोरोना के लक्षण मिलतें हैं तो उनका रैट (रैपिड एंटीजन टेस्ट) और आरटी-पीसीआर जांच की जाएगी। संक्रमित मरीजों के सैंपल का जीनोम सीक्वेंसिंग भी कराया जाएगा, ताकि वैरिएंट का पता चल सके। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोरोना जांच शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### गहलोत के समर्थन में उतरी पार्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जब दावा किया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेता वसुंधरा राजे के खिलाफ किसी भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की और उन्होंने विरोध के प्रतीक के रूप में 11 अप्रैल को एक दिन का उपवास रखने की घोषणा की। उसके बाद कांग्रेस रविवार को पार्टी के दिग्गज नेता और मुख्यमंत्री के समर्थन में उतर आई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहाः मुख्यमंत्री के रूप में गहलोत के साथ राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने बड़ी संख्या में योजनाएं लागू की हैं और कई नई पहल की हैं, जिसने लोगों को गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा राज्य में पार्टी संगठन के समर्पण और दृढ़ संकल्प से संभव हुई एक उत्कृष्ट सफलता है। उन्होंने कहाः बाद में कांग्रेस इन ऐतिहासिक उपलब्धियों और हमारे संगठन के सामूहिक प्रयासों के बल पर लोगों से नए जनादेश की मांग करेगी। इससे पहले गहलोत पर निशाना साधते हुए राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहाः वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमने विपक्ष में रहते हुए वादा किया था कि जांच कराई जाएगी। अगर गहलोत और वसुंधरा राजे के बीच कोई गठबंधन था तो सवाल उठाए जा सकते थे।

(ब्यूरो/एजेंसियां)

### रमजान

उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 10 अप्रैल को संध्या 6:14 और सेहरी का समय 11 अप्रैल को सुबह 4:23 मिनट में

# धूमधाम से ईस्टर मनाया गया, गिरजाघरों में हुई विशेष मिस्सा पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को ईसाई धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार ईस्टर मनाया गया। इसे पास्का पर्व, जी उठना पर्व या कब्र पर्व भी कहा जाता है। ईस्टर ईसा के पुनरुत्थान का पर्व है। इस दिन को संसार भर के ईसाई धर्मावलंबी बड़े धूमधाम से मनाते हैं। राजधानी रांची के सभी गिरजाघरों में मध्य रात्रि से ही ईस्टर की विशेष मिस्सा पूजा का आगाज हुआ। रांची कैथोलिक धर्म प्रांत के

महाध्यक्ष विशप फेलिक्स टोप्पो ने ईस्टर का संदेश देते हुए कहा कि ईस्टर, पाप, मृत्यु और सभी दुखों पर विजय होने का त्योहार है। ईस्टर पर ईसाई धर्मावलंबी अपने मृत सगे-संबंधी और पूर्वजों को भी याद करते हैं और उनकी कब्र पर मोमबत्ती जलाकर उनके पुनरुत्थान के लिए प्रार्थना करते हैं।

# आज झारखंड बंद

**रांची।** नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। बंद की पूर्व संध्या पर रांची में मशाल जुलूस निकाला गया। रांची विश्वविद्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला। इसी बीच झारखंड यूथ एसोसिएशन, झारखंड उलगुलान मार्च, पंचपरगना फाइटर, आदिवासी छात्र संघ, आयमा व अन्य आदिवासी-मूलवासी ने 10 अप्रैल को संपूर्ण झारखंड बंद बुलाया है। दूसरी ओर छात्रों के एक और गुट ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन की वजह फिलहाल इस आंदोलन को टालने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री के सम्मान में 10 अप्रैल का झारखंड बंद स्थगित करते हुए 17 अप्रैल से आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। 19 अप्रैल को झारखंड बंद कर छात्र राज्य सरकार के 60:40 नियोजन नीति का विरोध करेंगे।

## टेरर फंडिंग मामला : लोहरदगा में एनआईए की छापेमारी

# कई ठिकानों पर तलाशी

### पिस्टल, कारतूस, मोबाइल व कई महत्वपूर्ण कागजात किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

टेरर फंडिंग मामले को लेकर एन.आई.ए और स्थानीय पुलिस की टीम ने रविवार को लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के ओपा गांव स्थित ईंट भट्ठा में छापेमारी की। जहां से टीम ने एक पिस्टल, छह गोली, जमीन और बैंक के कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त किए हैं। वहीं, मौके से ईंट भट्ठा मालिक फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एनआईए और पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

एन.आई.ए एसपी की अगुवाई में कुडू में करीब छह घंटे तक चली एनआईए की कार्रवाई पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के

मुताबिक भाकपा माओवादी उग्रवादी से साठ-गांठ व टेरर फंडिंग मामले में की गई छापेमारी के दौरान कुडू के व्यवसायी राजू साहू के विश्रामगढ़ और कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित आवास, विभिन्न स्थानों पर संचालित ईंट भट्ठों, बस स्टैंड स्थित संचालित होटल सहित कई जगहों पर तलाशी ली गई। एन.आई.ए की कुल 9 टीम में शामिल दो दर्जन सदस्यों के द्वारा एक-एक कुंडली खंगाली गई। इस दौरान सभी जगहों पर भारी सुरक्षा बल तैनात किये थे। वहीं, किसी के आने-जाने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई थी। एन.आई.ए ने ईंट भट्ठे से नाइन एमएम पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और लेन-देन का कागजात, आधा दर्जन मोबाइल सहित कई महत्वपूर्ण जमीन के दस्तावेज बरामद किए हैं। टीम द्वारा एक को हिरासत में लेने की सूचना है।

बताया जा रहा है कि एन.आई.ए को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी रिजनल कमांडर 15 लाख का इनामी रविंद्र गंझू के करोड़ों रुपए ईंट भट्ठा मालिक द्वारा अलग-अलग व्यवसाय में इन्वेस्ट किया जा रहा है। जिसके बाद एन.आई.ए की टीम ने पहुंच कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। हालांकि, मौके पर माओवादी कमांडर तो नहीं मिला और न ही व्यवसायी ही हाथ लगा, लेकिन माओवादी कमांडर से जुड़े हुए कई महत्वपूर्ण कागजात और हथियार बरामद किए गए हैं। माओवादियों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के बाद माओवादी समर्थकों में हड़कंप मच गया है।

## प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल

# खुली जीप में सफारी

### एलिफेंट कैंप में हाथी को खिलाया गन्ना

### पीएम मोदी ने जारी किए बाघों के ताजा आंकड़े

**एजेंसी। बांदीपुर (कर्नाटक)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक दौरे पर थे। उन्होंने राज्य के बांदीपुर और मुदुमलाल टाइगर रिजर्व का दौरा किया। पीएम ने यहां बाघों को बचाने के लिए 50 साल पहले शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर की सालगिरह पर कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने देश में बाघों की जनसंख्या के आंकड़े भी जारी कर दिए। भारत में 2022 तक बाघों की आबादी 3167 पहुंच गई है, जो कि पिछली बार के 2967 के आंकड़े से 200 ज्यादा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान अपने अलग अलग अंदाज में नजर आए। बांदीपुर टाइगर

रिजर्व, चामराजनगर और थेप्पाकडु हाथी शिविर के दौरे के समय पीएम मोदी कैमरे के साथ नजर आए। इसके अलावा पीएम ने बांदीपुर टाइगर रिजर्व में फोटोग्राफी की। कैमरा लगा कर दूर-दूर के नजारों का मजा लिया। पीएम ने एक ट्वीट में कहाः आज की सुबह खूबसूरत बांदीपुर टाइगर रिजर्व में बिताई और भारत के जंगली जीवन, प्राकृतिक सुंदरता और अनेकता का मजा लिया।

हाथी को खिलाया गन्ना : पीएम ने टाइगर रिजर्व की कुछ तस्वीरें भी शेयर किए हैं, जिसमें वह जंगल के अंदर जीप में घूमते नजर आए। इसके अलावा उन्होंने जंगल के अंदर के कुछ दृश्यों को दिखाया है जिसमें कुछ जानवरों को दिखाया गया है। इस दौरान उन्होंने हाथी को गन्ना भी खिलाया। कर्नाटक में प्रोजेक्ट टाइगर की सालगिरह पर कार्यक्रम के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहाः हम सभी एक बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव के साक्षी बन रहे हैं। प्रोजेक्ट टाइगर को 50 वर्ष हो गए हैं। भारत ने न सिर्फ टाइगर को बचाया है बल्कि उसे फलने फूलने का एक बेहतरीन ईको सिस्टम दिया है। दशकों पहले भारत से चीता विलुप्त हो गए थे। हम शानदार चीतों को नामीबिया और दक्षिण अफ्रिका से भारत लेकर आए। कुछ दिन पहले ही कूनो नेशनल पार्क में 4 सुंदर शावकों ने जन्म लिया है।

# नौसेना प्रमुख ने परिवार संग किए नैना देवी के दर्शन

**एजेंसी। नैनीताल**

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार उत्तराखंड दौरे पर हैं। परिवार सहित नैनीताल पहुंचे नौसेना प्रमुख ने मां नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा उन्होंने परिवार के साथ नैनी झील में नौकायन का लुत्फ भी उठाया। नौसेना प्रमुख ने सेना से संबंधित कार्यालयों और क्षेत्रों का भ्रमण कर सेना के अधिकारियों से जानकारियां भी जुटाईं और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल पहुंचकर छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने अनुभव भी छात्रों के साथ साझा किए। बताया जा रहा है कि नौसेना प्रमुख आज ही नैनीताल से दिल्ली के लिए रवाना हो सकते हैं।नौसेना प्रमुख कुमार ने नैनी झील में नौकायन किया, फिर मां नैना देवी मंदिर के दर्शन किए। नैना देवी मंदिर आने से पहले नौसेना अध्यक्ष न्याय के देवता के रूप में पूजे जाने वाले घोड़ाखाल स्थित गोलू देवता के मंदिर भी पहुंचे। जहां उन्होंने परिवार संग पूजा अर्चना की। हालांकि, नौसेना अध्यक्ष का यह दौरा निजी था। वे सीमित अधिकारियों के सुरक्षा के साथ नैनीताल पहुंचे थे। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार अपनी पत्नी के नैनीताल पहुंचे हैं। जहां उन्होंने न केवल नैना देवी के दर्शन किए, बल्कि काफी देर तक शक्तिपीठ नैना देवी के बारे में जानकारी भी ली। इस दौरान पंडित बसंत बल्लभ पांडे ने उनकी तरफ से पूजा कर्वाई।

# नौ राज्यों ने सीबीआई को दी गई आम सहमति वापस ली

### संसदीय पैनल ने नए कानून का दिया सुझाव

### छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल ने सीबीआई को दी गई आम सहमति ले ली है वापस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तेलंगाना और मेघालय समेत नौ राज्यों ने चुनिंदा अपराधों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को बताया कि दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम (डीएसपीई एक्ट) की धारा 6 के तहत किसी राज्य की सीमा के भीतर जांच के लिए सीबीआई को संबंधित राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। सिंह ने बताया कि राज्यों ने कुछ खास तरह के अपराधों और कुछ विशेष श्रेणी के लोगों के खिलाफ जांच के लिए सीबीआई को एक आम सहमति दे रखी थी ताकि वह सीधे केस दर्ज कर जांच कर सके। हालांकि, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल ने सीबीआई को दी गई आम सहमति वापस ले ली है। गैर-भाजपा शासित राज्यों ने सीबीआई पर विपक्षी नेताओं को चुन-चुनकर निशाना बनाने का आरोप लगाया है। आम सहमति वापस लेने से सीबीआई को उन मामलों की जांच में भी दिक्कत आ सकती है जिनका राष्ट्रीय महत्व है या अंतर-राज्यीय विस्तार है। यह देखना होगा कि सीबीआई इन चुनौतियों का किस प्रकार सामना करती है और प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। नौ राज्यों के आम सहमति वापस लेने के बाद डीएसपीई एक्ट, 1946 और सीबीआई के अधिकार क्षेत्र तथा अधिकारों की वृहद समीक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस साल मार्च में एक संसदीय समिति ने कई राज्यों द्वारा सीबीआई को दी गई आम सहमति वापस लेने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि संघीय जांच एजेंसी को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानूनों की कई सीमाएं हैं।

समिति ने सीबीआई के अधिकार और काम के लिए नए सिरे से

कानून बनाने का सुझाव दिया है। उसने कहाः समिति महसूस करती है कि दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम की कई सीमाएं हैं और इसलिए सिफारिश करती है कि एक नया कानून बनाने और सीबीआई की स्थिति, कार्यों और शक्तियों को परिभाषित करने की आवश्यकता है और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों को निर्धारित करने की भी आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट के वकील रुद्र विक्रम सिंह ने कहा कि आम सहमति वापस लेने का मतलब है कि सीबीआई को हर मामले की जांच से पहले नए सिरे से आवेदन करना होगा और सहमति दिए जाने से पहले वह कार्य नहीं कर सकती है। उन्होंने कहाः सीबीआई आम सहमति वापस लेने से पहले उस राज्य में पंजीकृत मामलों की जांच जारी रख सकती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जुलाई 2022 में अवैध कोयला खनन और पशु तस्करी के मामले में यह फैसला सुनाया कि केंद्रीय एजेंसी को केंद्र सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ जांच करने से किसी भी राज्य में नहीं रोका जा सकता है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि देश भर में भ्रष्टाचार के मामलों को एक ही नजर से देखा जाना चाहिए। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को इस आधार पर जांच से छूट नहीं दी जा सकती कि वे उन राज्यों में कार्यरत हैं जिन्होंने आम सहमति वापस ले ली है। आम सहमति वापस लेने से सिर्फ वहीं मामले प्रभावित होंगे जो सिर्फ और सिर्फ राज्य सरकार के कर्मचारियों से जुड़े हैं। हालांकि, इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है, जहां मामला अभी भी लंबित है। इसलिए, सीबीआई कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का उपयोग करते हुए कुछ मामलों में तब तक जांच जारी रख सकती है जब तक कि सर्वोच्च न्यायालय आदेश को खारिज नहीं कर देता। कानून विशेषज्ञ और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य गुरमीत नेहरा ने कहा कि सीबीआई सर्च वारंट जारी करने के लिए उस राज्य की स्थानीय अदालत से संपर्क कर सकती है और वह दिल्ली में मामला दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा सकती है।

## आशंका — सरकारी 'फैक्ट-चेक इकाई' के पास होंगी क्या 'फर्जी, गलत या भ्रामक है'

# फैक्ट चेक हो सकता है सेंसरशिप के समान

### निर्धारित करने की व्यापक शक्तियां

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

एडिटर्स गिल्ड ने केंद्र सरकार की नई सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधन नियम, 2023 (जो ऑनलाइन सूचनाओं और उन्हें इंटरनेट से हटाने की सरकार की शक्तियों से संबंधित है) को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध व सेंसरशिप के समान बताया है। एडिटर्स गिल्ड का कहना है कि नए नियमों से केंद्र सरकार ने खुद की एक फैक्ट-चेक इकाई गठित करने की शक्ति दी है, जिसके पास केंद्र सरकार के किसी भी कामकाज आदि के संबंध में क्या फर्जी, गलत या भ्रामक है, यह निर्धारित करने की व्यापक शक्तियां होंगी और वह मध्यस्थों

(सोशल मीडिया मंच, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और अन्य सेवा प्रदाताओं सहित) को ऐसी सामग्री को हटाने के निर्देश दे सकेगी। गिल्ड की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा, महासचिव अनंत नाथ, कोषाध्यक्ष श्रीराम पवार के हस्ताक्षर वाले बयान में कहा गया है : असल में सरकार ने अपने खुद के काम के संबंध में अपने आप को क्या फर्जी है क्या नहीं- यह निर्धारित करने और इसे हटाने का निर्देश देने की पूर्ण शक्ति दे दी है। तथाकथित 'फैक्ट-चेक इकाई' का गठन मंत्रालय द्वारा एक सामान्य आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा किया जा सकता है। गिल्ड ने कहा है कि सरकार ने इस बात का कोई जिक्र नहीं किया है कि ऐसी फैक्ट-चेक इकाई के लिए संचालन तंत्र क्या होगा। न ही इसमें न्यायिक निरीक्षण, अपील करने का अधिकार की बात है ना ही यह बताया गया है कि श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सामग्री को हटाने या सोशल मीडिया हैंडल को ब्लॉक करने के संबंध में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन कैसे होगा। मालूम हो कि 2019 में स्थापित पीआईबी की फैक्ट-चेकिंग इकाई (जो सरकार और इसकी योजनाओं से संबंधित खबरों को सत्यापित करती है) पर वास्तविक तथ्यों पर ध्यान दिए बिना सरकारी मुखपत्र के रूप में कार्य करने का आरोप लगता रहा है। एक संस्था ने मई 2020 में ऐसे कई उदाहरणों पर प्रकाश डाला था जिनमें पीआईबी की फैक्ट-चेकिंग इकाई वास्तव में तथ्यों के पक्ष में नहीं थी, बल्कि सरकारी लाइन पर चल रही थी। इसके मद्देनजर कई मीडिया संगठनों ने सरकार से इस अधिसूचना को वापस लेने और मीडिया संगठनों तथा प्रेस निकायों के साथ परामर्श करने की जरूरत बताई है।

### गिल्ड का कहना है...

यह सब प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरूद्ध व सेंसरशिप के समान है। एडिटर्स गिल्ड ने इस बात की भी आलोचना की है कि मंत्रालय ने जनवरी 2023 में पेश किए गए पहले के मसौदा संशोधनों को वापस लेने के बाद इस संशोधन को बिना किसी सार्थक परामर्श (जिसका उसने वादा किया था) के अधिसूचित किया है। एडिटर्स गिल्ड व मीडिया संगठनों का कहना है कि फर्जी खबरों का निर्धारण सरकार के हाथों में होने का नतीजा प्रेस की सेंसरशिप होगी।

# दिल्ली के सेक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को ईस्टर के अवसर पर दिल्ली के सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल पहुंचे और यहां ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर इस मुलाकात और यात्रा से जुड़ी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले सुबह सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि यह अवसर हमारे समाज में सद्भाव की भावना को मजबूत करने का है। यह लोगों को समाज की सेवा करने और पिछड़ों को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए प्रेरित करता है। हम इस दिन प्रभु ईसा मसीह के पवित्र विचारों को याद करते हैं। एक बयान में सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च के फादर फ्रांसिस स्वामीनाथन ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी आज चर्च पहुंचेंगे। उन्हें लगता है कि यह पहली बार है कि कोई प्रधानमंत्री किसी चर्च में आ रहा है। उल्लेखनीय है कि सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल लेटिन रीति का कैथोलिक कैथेड्रल है। यह नई दिल्ली स्थित सबसे पुराने गिरजाघरों में से एक है।

NEWS इन ब्रीफ

## बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत

**सतबरवा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का रांची से मेदनीनगर जाने के क्रम सतबरवा में रविवार को भाजपा कार्यकताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने श्री मरांडी को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने बारी-बारी से कार्यकताओं का परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि 11 अप्रैल को झारखंड बचाओ, हेमंत हटाओ के नारों के साथ सचिवालय का घेराव किया जाएगा। इसमें झारखंड के लाखों कार्यकर्ता शामिल होंगे। उंहोंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, प्रखंड से लेकर जिला तक बिना पैसे का काम नहीं होता। सीओ, बीडीओ भ्रष्टाचार में व्यस्त हैं, जनता त्रस्त है। गरीब जनता का कोई काम बिना पैसे का नहीं हो रहा है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव ,अशोक यादव, धीरज सिंह, उदय सिंह, कुलेश्वर सिंह ,रामनाथ पाठक, सुरेंद्र प्रसाद , सुशील सिन्हा, मनोज यादव, रामनाथ पाठक, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोरिंग एसोसिएशन ने शुल्क बढ़ाने का लिया निर्णय

**मेदिनीनगर।** शहर के बिसफुटा पुल स्थित बैजनाथ सेवा आश्रम में बोरिंग एसोसिएशन पलामू, कोर कमेटी की बैठक विपिन सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी बोरिंग वाहन के मालिकों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बोरिंग का दर 110 रु प्रति फिट लिया जायेगा। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में महंगाई को देखते हुए। लेबर चार्ज बढ़ गया है। डीजल का दाम भी आसमान छू रहा है। जिसके कारण बोरिंग शुल्क बढ़ाया गया है। बैठक में शामिल विपिन कुमार सिंह, अजय सिन्हा, बैजनाथ कुमार कल्लू, नवल किशोर राय, संतोष गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र मेहता, बिनोद बिहारी महतो, दिनेश गुप्ता, विक्की चंद्रवंशी, विकास कुमार सिंह (विपु सिंह) सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मसीही विश्वासियों ने कब्रिस्तान में पूर्वजों को किया याद

**मेदिनीनगर।** प्रभु यीशु के उठने की खुशी में शहर के यूनियन चर्च व सीएनआई चर्च से जुड़े मसीही विश्वासी रविवार अहले सुबह आबादगंज स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। मसीही विश्वासियों ने अपने पूर्वजों की कब्र पर फूलमाला अर्पित की और मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना की। पादरी प्रभु रंजन मसीह व संदीप खलको ने धर्मविधि अनुष्ठान एवं प्रार्थना संपन्न कराया। मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु के उठने की खुशी में गीत गाया। मौके पर सुनील तिर्की, कल्पना तिम्गा, वार्ड पार्षद हिरामणि तिर्की, लॉरेंस कुजूर, पवन नाग, शीला कच्छप, पी कुमार, यूनियन चर्च के डॉ. नीलम होरो, डॉ. डोरा, एम एम कुमार, यू जे सोनबरे अनुराग, अनिल, आदि मौजूद थे। इस अवसर पर चर्च एवं कब्रिस्तान को सजाया गया था।

## नीरज वस्त्रालय का हुआ शुभारम्भ

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद बाजार में रविवार को नीरज वस्त्रालय का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गया जोन की राजयोगिनी बीके कंचन दीदी व राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान राजयोगिनी कंचन दीदी ने कहा कि नीरज वस्त्रालय प्रतिष्ठान से स्थानीय लोग लाभांवित होंगे।

# यूनियन व सीएनआइ चर्च में हुआ पूजा-अनुष्ठान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पास्का पर्व के अवसर पर रेडमा के सीएनआइ चर्च एवं स्टेशन रोड स्थित यूनियन चर्च में विशेष पूजा-अनुष्ठान व अराधना हुई। सीएनआइ चर्च के पादरी संजीत खालको की देखरेख में पूजा-अनुष्ठान हुआ। मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु के जी उठने की खुशी में गीत गायें। मौके पर पी कुमार, कल्पना तिग्गा, पवन नाग, शीला तिर्की,हर्ष लता कच्छप, लॉरेंस कुजूर आदि मौजूद थे। इधर, यूनियन चर्च के पादरी प्रभु रंजन मसीह की देखरेख में प्रभु भोज अनुष्ठान के साथ पास्का पर्व की आराधना हुई। परमेश्वर के वचन एवं प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया। पादरी श्री मसीह ने प्रभु यीशु के संदेशों को आत्मसात कर पाप एवं बुराई से बचते हुए समाज के दबे कुचले लोगों की सेवा में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने का संदेश दिया। इसी तरह जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शांति की महारानी गिरिजाघर में शनिवार रात 10 .30बजे से जागरण शुरू हुआ, जो देर रात करीब 1.30 बजे तक चला। प्रभु यीशु के उठने की खुशी में मसीही विश्वासियों ने रविवार को पास्का पर्व मनाया। डालटनगंज धर्मप्रांत के बिशप थेयोदोर मसक्रेनहस की देखरेख में जागरण व प्रार्थना सभा हुई। इस दौरान मिस्सा पूजा अनुष्ठान हुआ। मुख्य अनुष्ठाता विशप ने पास्का पर्व का संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु का उठना खीस्तीय विश्वास का आधार है, हर इंसान पाप एवं मृत्यु से छुटकारा पा सकता है ताकि सभी जगह न्याय, शांति, प्रेम व भाईचारा का वातावरण कायम हो सके। बिशप ने मसीही विश्वासियों को याद दिलाते हुए यीशु के क्रूस विजय पर प्रकाश डाला। मौके पर फादर माइकल कुजूर, प्रदीप बाखला, विनोद केरकेट्टा, अमरदीप केरकेट्टा, सेबेस्टियन, अमित खाखा, अरविंद मुंडा आदि पूजा अनुष्ठान संपन्न कराने में सक्रिय रहे। रविवार की सुबह सात बजे से पास्का पर्व पर चर्च अराधना शुरू हुई। मुख्य अनुष्ठाता फादर माइकल कुजुर की देखरेख में पूजा अनुष्ठान संपन्न हुई। युवा संघ ने पास्का पर्व का गीत प्रस्तुत किया। मौके पर फादर मौरिश टोप्पो, प्रदीप बाखला आदि मौजूद थे।

# श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा समिति की हुई बैठक

### महायज्ञ कार्यक्रम की रुपरेखा को लेकर लिये गये कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ सेवा समिति संतोषडीह की बैठक में यज्ञ की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीणों, धर्मप्रेमी व समिति सदस्यों ने श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में मंदिर निर्माण समेत सम्पूर्ण तैयारी पर चर्चा की। महायज्ञ कार्यक्रम की रुपरेखा को लेकर कई निर्णय लिये गये। समिति ने हैदरनगर प्रखंड के सभी ग्राम, कस्बों, टोले सहित अन्य क्षेत्रों के धर्मप्रेमी, धमार्नुरागी और श्रद्धालुओं की सहभागिता इस महायज्ञ में सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया। यज्ञ समिति के संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल, संयोजक मंडल, सह संयोजक मंडल के अलावे यज्ञ कार सेवा समिति को जिम्मेदारी दी गई। यज्ञ सेवा कार समिति के अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि महायज्ञ समिति के सभी पदधारकों को यज्ञ संचालन के लिये विभिन्न कार्य व दायित्व सौंपा गया है। इस अनुष्ठान को सफल बनाने के लिये अधिकतम जन धन व सहयोग के लिए यज्ञ समिति परिवार समय समय पर समीक्षात्मक बैठक आहुत करेगी। बैठक में समाजसेवी योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया नागेंद्र मेहता, जितेंद्र सिंह, रामरक्षया सिंह, अशोक सिंह, शिवकुमार सिंह, विवेक सिंह, बिहारी पासवान, कृष्णा बैठा, पंकज सिंह, तेजबल बैठा, सुरेंद्र मेहता, संतोष सिंह, विजय बहादुर सिंह, संजीव सिंह, जिमी सिंह सहित सैकड़ों धमार्नुरागी शामिल थे।

## पत्रकार संघ की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन पलामू इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मेदनीनगर परिसदन भवन में की गई बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने की वही संचालन महासचिव नितेश तिवारी ने किया । बैठक में प्रमुख रुप से संगठन को कैसे मजबूती प्रदान किया जाए, इसपर चर्चा की गई । संगठन में कोष गठन को लेकर झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पलामू के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाने ,प्रत्येक बैठक में सभी सदस्य को निर्धारित तिथि की बैठक में शामिल होने पर जोर दिया गया,साथ ही लगातार तीन बैठक मे शामिल नहीं होने वाले सदस्यों को कारण बताओ नोटिस निर्गत कर जवाब मांगा जाएगा। वही 1 मई को धनबाद में होने वाले प्रदेश स्तरीय संगठन के कार्यक्रम में सभी सदस्यों के शामिल होने, ,संगठन की स्मारिका पत्रिका प्रकाशन हेतु विज्ञापन के विषय पर चर्चा की गई तथा जिस प्रखंड में जो लोग संगठन से नहीं जुड़ पाए हैं उनको संगठन से जोड़ने पर बल दिया गया।

# हेमंत सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी पलामू के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। 11 अप्रैल को झारखण्ड सचिवालय घेराव को लेकर की गई प्रेसवार्ता नेता प्रतिपक्ष भाजपा के बाबु लाल मरांडी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। वहीं बाबु लाल मराण्डी ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा कहा- हेमंत की सरकार पूरी तरह से विफल सरकार है। इनकी सरकार में लूट, रेप, नक्सलवाद, रंगदारी पूरी तरह से चरम पर है। वहीं 11 अप्रैल को सरकार की विफलता को लेकर भाजपा के द्वारा सचिवालय का घेराव किया जायेगा और सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य भाजपा पार्टी करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान डालटनगंज विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाण्डेय, पूर्व सांसद मनोज भुइयां, भाजपा नेता बिनोद सिंह, अमित तिवारी, अविनाश वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रभारी रूपा सिंह, महिला मोर्चा प्रवक्ता लवली गुप्ता, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीटू गुप्ता, भाजपा नेत्री पूर्णिमा चन्द्रवंशी समेत कई भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भूमि अधिग्रहण को लेकर रैयतों ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** एनएचआई के द्वारा भोगू से संखा तक फोरलेन रोड निर्माण का कार्य होना है जिसे लेकर रैयत मे काफी निराशा झलक रही है। रैयतो का कहना है एनएचआई भू अर्जन के द्वारा ठीक ढंग से नापी का कार्य नहीं कराया गया है नहीं उचित मुआवजा देने की बात कही जा रही है। इसे लेकर कितनी बार रैयतो के द्वारा बैठक भी हुई तथा एनएचआई संबंधित पदाधिकारी को बुलाकर रैयतो ने अपनी अपनी बात भी रखी पर कोई हल निकल कर सामने नहीं आया। कुछ रैयत एसे भी है जिसका जमीन- घर रोड किनारे ही है। अगर उचित मुआवजा नहीं मिला तो फिर क्या होगा इस इस विषय को लेकर पलामू जिला उपायुक्त महोदय से मीलकर रैयत आवेदन दो बार दीये, पर कोई निराकरण नहीं निकला। इसे लेकर रैयतो ने हाईकोर्ट की शरण लेने की बात कही। वही एनएचआई की मनमानी को लेकर 12 तारीख टाइम 10:00 बजे ब्रह्ममोरिया मोड़ से संखा तक पदयात्रा निकाली जाएगी। उपस्थित रैयतों में सतीईश्वर प्रसाद सिंह सुनील पांडे अरविंद पांडे अरुण पांडे विजय पांडे उपेंद्र पांडे सौरभ पांडे रामा शंकर पांडे प्रदीप पांडे हरि सॉव नवनीत पांडे अनील मिस्त्री अरविंद साव आदि काफी संख्या में जमीन रैयत उपस्थित थे।

# किसान ब्रिगेड की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** स्थानीय डाक बंगला परिसर में रविवार को किसान ब्रिगेड की बैठक हुई। इसमें संगठन का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रघुनंदन साव तथा संचालन विनोद पासवान द्वारा किया गया। बैठक में किसान ब्रिगेड संगठन का विस्तार करते हुए बिनोद पासवान को अध्यक्ष, भीष्मनारायण सिंह को महासचिव, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव को संरक्षक, चंद्र भूषण सिंह को प्रखंड प्रभारी बनाया गया। जबकि सभी पंचायतों तथा नगर पंचायत के सभी वार्डों में संयोजक बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा की जनता इस समय भूमि गड़बड़ी, रिसर्वे, गलत बिजली बिल, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में फैला भ्रष्टाचार जैसी विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने पूर्व एवं वर्तमान जन प्रतिनिधियों की, कर्मचारी, व्यापारी, दलित, महिला एवं युवा विरोधी नीतियों का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए कहा कि ऐसे जन प्रतिनिधि को अपदस्थ करने के लिए किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ता एकजुटता के साथ काम करें। वही युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि कार्यकर्ता घर- घर जाकर डॉ. कर्नल संजय कुमार सिंह के कार्यों को उनक ी विचारधारा को लोगों को अवगत कराएं। इस मौके पर सुनील सिंह, विवेक मिश्रा, पिन्टु सिंह, सूयार्सू सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, फुटूक सिंह, बसंत सिंह, छोटू सिंह, अनुज कुमार, उपेन्द्र मेहता, विजय प्रजापति, दिनेश मेहता, पप्पू चौधरी, कृष्ण साव, पंकज साव, संतोष गुप्ता, मृत्युंजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया है गुनाह : बिट्टू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर 9 अप्रैल 2023 को 12वां दिन पलामू जिला के पाटन प्रखंड में नुक्कड़ सभा की गयी। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता जिला अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। बिट्टू पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है। मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। आज विदेश के अखबारों में भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं।

# जिप सदस्य ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड मे जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने पाटन के टंडवा में जिला परिषद मद से पीसीसी पथ का शिलान्यास किया तो वहीं जिप सदस्य संग्राम सिंह ने पाटन के सतौवा में जिला परिषद के 15वीं वित से श्मशान घाट में नव निर्मित सेड निर्माण का उद्घाटन भी किया।इस अवसर पर जिप सदस्य द्वारा दोनों ही योजना पर विधिवत पूजा-पाठ किया गया।मौके पर संग्राम सिंह ने कहा कि सतौवा में मुझे एक बार बारिश के मौसम में श्मशान घाट जाना पड़ा और उसी समय वर्षा होने लगी तो लोगो के छिपने के लिए सेड नहीं था।उस समय के किए गए वादे को हमने आज पूरा किया।जिसके कारण लोग अब बारिश के मौसम में भी आराम से श्मशान घाट के सेड में बैठ सकते हैं।जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना हि हमारा उद्देश्य है।जिससे क्षेत्र में गरीबो के लिए रोजगार उपलब्ध हो सके।इस वर्ष पूरे पलामू इलाका आकाल का सामना कर रहा है।इसके बावजूद भी पाटन के ऐसे बहुत पंचायत हैं जहाँ रोजगार का एकमात्र साधन मनरेगा योजना पूरी तरह से बंद है।मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है।इसलिए हमारा प्रयास है कि जिला परिषद के मद से ही कुछ योजना क्रियान्वयन हो जिससे गरीबो को रोजगार मिल सके।वहीं सगुना पंचायत के टंडवा में पीसीसी पथ का शिलान्यास के दौरान जिप सदस्य ने कहा कि यह टोला अभी तक मुख्य पथ नहीं जुड़ पाया था।इसलिए हमने इस टोले के गरीब किसान वर्ग के लोगो को मुख्य पथ से जोड़ने के लिए पथ निर्माण का काम करवा रहा हूँ।उन्होंने कहा कि आगे भी प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र में विकास कार्य को गति दी जाएगी।मौके पर भोकल सिंह, यमुना सिंह,धरम सिंह, मनोज चंद्रवंशी, श्रीकांत पाण्डेय, गौतम पाण्डेय, विवेक सिंह, नवीन पाण्डेय, अजित प्रसाद,अरूण भुईयां, संतोष शुक्ला, विकास शुक्ला,रौशन सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

# बिजली चोरी के मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में विभागीय उच्चाधिकारी के निर्देश के आलोक में विद्युत अवर प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हैदरनगर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष छापामारी अभियान चलाकर अवैध बिजली का उपयोग करते कुल पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें हैदरनगर बाजार क्षेत्र के दलालपट्टी मुहल्ला निवासी सुदर्शन प्रसाद सोनी, उदय पासवान (सोबा) जबकि नोनियाडीह गांव निवासी राजेश चौहान, देवराज चौहान और राजमोहन चौहान शामिल हैं। सभी पांचों आरोपियों पर पांच - पांच हजार रुपये कुल 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने इनके विरुद्ध हैदरनगर थाना में लिखीत आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। उन्होंने कहा कि नियत समय के अंदर आरोपी उपभोक्ता जुर्माना राशि का भुगतान नहीं किये तो उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से बगैर वैध कनेक्शन के बिजली उपभोग नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि छापामारी नियमित जारी रहेगी। ऐसे लोग पकड़े जाने पर आगे भी उनके विरुद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

मदद | उस दौर में खून बहाने के लिए उठाया था हथियार

# आज उन्हीं के रक्तदान से चल रहा ईलाज

### नक्सली ननकुरिया के इलाज का खर्च पुलिस वहन करेगी : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुछ दिन पहले पलामू एसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस ने जान की बाजी लगाते हुए 5 लाख के इनामी नक्सली नंदकिशोर को गिरफ्तार किया था। लेकिन अब बीमार नक्सली के इलाज लिए पलामू पुलिस रक्तदान कर रही है। जिन जवानों को मारने के लिए वह हथियार उठाया था, वही जवान आज उसकी जान बचाने के लिए जी जान लगाए हुए हैं। जिस व्यक्ति की जान बचाने के लिए पुलिस के अधिकारी और जवान मेहनत कर रहे हैं, वह 18 से अधिक जवानों को शहीद करने की घटना में शामिल रहा है। 3 अप्रैल को चतरा के लावालौंग में सुरक्षाबल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में माओवादियों के टॉप पांच कमांडर मारे गये और एक टॉप माओवादी नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया जख्मी हो गया था। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसका इलाज करवा रही है, उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया है। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया के इलाज पर होने वाला खर्च पुलिस उठा रही है, उसके लिए दो यूनिट ब्लड को सुरक्षित रखा गया है। इसके लिए पलामू पुलिस के जवानों ने ही रक्तदान किया है। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया पर राज्य की सरकार ने पांच लाख का इनाम रखा हुआ था। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया का इलाज पुलिस अभिरक्षा में रिम्स में किया जा रहा है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि नक्सली ननकुरिया के इलाज का खर्च पुलिस वहन करेगी, इलाज में कोई कमी नहीं बरती जायेगी, जरूरत के अनुसार ब्लड उपलब्ध करवाया जायेगा। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई नक्सली मजबूरी जबकि कई आर्थिक लाभ के कारण दस्ते में फंसे हुए है। पुलिस सभी से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील कर रही है और इसके लिए अभियान भी चला रही है। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया झारखंड और बिहार में 50 से अधिक नक्सली हमले करने का आरोपी है। जून 2015-16 में बिहार के औरंगाबाद और गया सीमा पर हुए नक्सल हमले में कोबरा के 10 जवान शहीद हुए थे, हमले में ननकुरिया लैंड माइंस लगाने और गोली चलाने में शामिल रहा है। 2008-09 में पलामू के मनातू चक रोड में लैंड माइंस विस्फोट में चार जवान शहीद हुए थे, इस घटना में ननकुरिया आरोपी रहा है। 2005 के बाद से पलामू चतरा और बिहार के गया औरंगाबाद सीमावर्ती क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक जवान शहीद हुए। 18 से अधिक जवानों के शहीद होने की घटना में ननकुरिया शामिल रहा है। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ का रहने वाला है और 2005 से नक्सल संगठन में सक्रिय है।

## NEWS इन ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के चियांकी हवाई अड्डा निवासी स्वर्गीय सहदेव साहू के पुत्र राजू प्रसाद गुप्ता उम्र 35 वर्ष की मौत बाइक दुर्घटना में हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि राजू प्रसाद रविवार की सुबह करीब 3:00 बजे भोर में किसी काम से सिंगरा जा रहा था। तभी रास्ते में शहर थाना क्षेत्र के निमिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। परिजनों ने बताया कि मृतक राजू प्रसाद की किराना दुकान डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन के पास है। रविवार की सुबह 3:00 बजे भोर में वह अपने स्टाफ को कह कर गया कि तुम दुकान देखना हम आ रहे हैं। स्टाफ को वह यह नहीं बताया कि वह कहां जा रहा है,इसके बाद सुबह में पता चला कि अज्ञात वाहन के धक्के से उसकी मौत हो गई है।

### एनएसयूआई ने स्थापना दिवस मनाया

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई ने 53 स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को कादूं मोहल्ला स्थित वात्सल्य धाम अनाथ आश्रम मे बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, फल ,बिस्कुट, टॉफी का वितरण किया व बच्चों के बीच रहकर ही स्थापना दिवस मनाया। मौके पर एनएसयूआई पलामू जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों के भीतर देशभक्ति भरकर हक, अधिकार, कर्तव्य और राजनीति की शिक्षा देने वाला भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन है।

# टिकट चेकिंग अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहायक वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर सीआईटी ने लक्ष्य हासिल करने के लिये टिकट चेकिंग अभियान शुरू किया। धनबाद रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार के निर्देश पर डाल्टनगंज स्टेशन के विभिन्न यात्री और एक्सप्रेस ट्रेनों में मिशन 70 हजार राजस्व हासिल करने को लेकर सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में टिकट चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। सीआईटी पांडेय ने टीम के सभी सदस्यों को निर्धारित लक्ष्य को

हासिल करने के लिए विशेष रणनीति के तहत चेकिंग अभियान का निर्देश दिया है। उन्होनें बताया कि सहायक वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर टीम के सभी ऊजार्वान सदस्यों ने अभियान शुरू कर दिया है। वही,सीआईसी सेक्शन टोरी-गढ़वा रोड स्टेशन के बीच ट्रेनों व प्लेटफार्म पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन पर बगैर टिकट यात्रा कर रहे 111 यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे 61780 रुपये का राजस्व एकत्र किया गया। इस तरह का मिशन आगे भी जारी रहेगा।

### कार व स्कूटी की टक्कर में महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना में कार व स्कूटी की टक्कर में सुदना निवासी संतोष भारती की पत्नी प्रियंका कुमारी उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार प्रियंका रविवार की सुबह 10:30 अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर पूजा करने के लिए गायत्री मंदिर जा रही थी। तभी रास्ते में एक कार ने उन्हें धक्का मार दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने प्रियंका को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

# गरीबों व दलितों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दे सरकार : सीपीआई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अंचल के ग्राम चूरू में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीणों की जनसमस्याओं से जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी अवगत हुये। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे इलाके में अकाल पड़ा हुआ है। जिसके चलते खरीफ फसल के साथ रबी की फसल भी नहीं हो पाई। वही मनरेगा में मशीनों से काम होने के कारण लोगों को मजदूरी भी नहीं मिल रही है।। तिवारी ने कहा कि आज 50 वर्षों से रह रहे ग्राम चिरु के पचासों ग्रामीणों का उनके जमीन का मालिकाना हक कागज नहीं बन पाया है और आज भी पूर्व जमींदार परिवार के लोग स्थानीय प्रशासन से मिलकर इन ग्रामीणों को उजाड़ने में लगे हुए हैं। पत्थर माफियाओं के खनन के चलते पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। आम जनता धूल फांक रही है और पत्थर माफिया एवं पूर्व जमींदार परिवार गरीबों की रैयती जमीन, पहाड़ का लीज लेकर ग्रामीणों एवं पिछड़े दलितों को उजाड़ने में लगे हैं। इन्हीं सवालों को लेकर ग्राम - कुहकू में 14 अप्रैल को कहुकूह कला में होने वाली आम सभा में अपने हक एवं अधिकार के लिए शामिल हो। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। वही झारखंड सरकार के द्वारा अकाल राहत का पैसा सभी किसानों के खाता में नही जाने पर चिंता व्यक्त की और अविलंब भुगतान करने की बात कही। बैठक में सजीवन भुइंया, रामसागर भूइंया,नरेश राम,रानती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# श्री राम सेना ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्राम चूकरू पंचायत कौड़िया के शिव मंदिर प्रांगण में श्रीराम सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्रामीणों के साथ हुई। जिसकी अध्यक्षता टुकुरू ग्राम निवासी एवं पूर्व जिला पार्षद अर्जुन सिंह ने की।। इस बैठक में सनातन धर्म पर हो रहे आक्रमण ,धर्मांतरण एवं कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया एवं हिंदू समाज में हो रही कई कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा पर बल दिया गया। साथ ही साथ जातिवाद, ऊंचा-नीचा, अमीर गरीब इत्यादि के नाम पर हो रहे भेदभाव को समाप्त करने का भी संकल्प लिया गया। 'हम सभी सनातनी बंधु आपस में भाई-भाई हैं ऐसी मानसिकता विकसित करने हेतु प्रयास किया जाएगा इसका ग्रामीणों ने संकल्प लिया। इस बैठक में मुख्य रूप से श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ,उप राज्य प्रमुख मंटू कुमार, प्रदेश सचिव अनिल कुमार रवि, सतीश कुमार जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चिंटू गुप्ता, चूकरु ग्राम के गोपाल सिंह , प्रमोद कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह ,भुनेश्वर सिंह, नारियल सिंह ,विजय यादव ,पचुसिंह, संजय सिंह, राजदेव सिंह ,मलकू सिंह विनोद सिंह, अमित सिंह एवं अन्य सनातनी बंधु उपस्थित थे। भारत माता की जय ,गौ माता की जय, सनातन धर्म की जय के उद्घोष साथ बैठक का प्रारंभ किया गया एवं ओम के उच्चारण के साथ बैठक का समापन किया गया। आगामी बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ने लव जिहाद के माध्यम से हो रहे धर्मांतरण से सनातन को बचाने हेतु एकजुट होने का आह्वान किया और सजग होने को कहा। पूर्व जिला पार्षद अर्जुन सिंह ने कहा की लगातार हमारे जनजातीय बंधुओं को मिशनरी के द्वारा प्रलोभन देकर एवं छल कपट से धर्मांतरण का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। परंतु हम सनातनी इसे सफल नहीं होने देंगे और अपने समाज के जो लोग धर्मांतरण कर चुके हैं। उन्हें घर वापसी करने का कार्य करेंगे। सभी ग्रामीणों ने श्रीराम सेना के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प लिया।

## पलामू मैराथन दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया

# दौड़ में पलामू पुलिस का अहम योगदान

### फिनिश लाइन पर सीनियर ग्रुप की श्वेता कुमारी सबसे पहले पहुंच कर प्रथम स्थान हासिल की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** द कराटे एकेडमी से ओरियंट पब्लिक स्कूल तक मैराथन दौड़ का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें पलामू के छह सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ का आयोजन ओरिएंट पब्लिक स्कूल के द्वारा किया गया। मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए 4 कैटेगरी बनाई गई। सीनियर कैटेगरी जो 19 साल से ऊपर के लोग हैं। 16 साल से 18 साल तक के खिलाड़ियों के लिए जूनियर केटेगरी। 13 साल से 15 साल के खिलाड़ियों के लिए सब जूनियर कैटेगरी व 7 साल से 12 साल तक के खिलाड़ियों के लिए बालक वर्ग। खिलाड़ियों को पांकी

रोड द कराटे एकेडमी से पोखराहा पेट्रोल पंप ओरिएंट पब्लिक स्कूल (2.5 किलो मीटर) तक दौड़ाया गया। बालिका वर्ग की खिलाड़ियों के लिए टेडवा पुल से ओरियंट पब्लिक स्कूल (1 किलो मीटर) तक लक्ष्य रखा गया। फिनिश लाइन पर सीनियर ग्रुप की श्वेता कुमारी सबसे पहले पहुंच कर प्रथम स्थान हासिल की, दूसरा स्थान अंकिता कुमारी ,तीसरा स्थान खुशबू कुमारी ने हासिल किया । मौके पर ओरियंट पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों पर पुष्प की वर्षा करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। ओरियंट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सभी खिलाड़ियों के पहुंचने के पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित हुआ। एसडीपीओ सुरजीत कुमार, ऑरिंट ओरिएंट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रामाकांत मेहता, निर्देशक सुधीर मेहता, पलामू खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा, द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित वर्मन, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंदकिशोर भारती द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सुरजीत कुमार ने कहा कि दौड़ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हमें प्रतिदिन दौड़ना चाहिए पलामू मैराथन दौड़ यहां के युवाओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित की गई और यहां के युवाओं में कुछ कर गुजरने की क्षमता है ।इस शानदार आयोजन के लिए ओरिएंट पब्लिक स्कूल को धन्यवाद देता हूं कि वह इस तरह का आयोजन कर यहां से बेहतर खिलाड़ी निकालने का प्रयास कर रहे हैं। वही मौके पर उप महापौर मंगल सिंह ने कहा कि खेल अनुशासन से चलता है। यहां पर उपस्थित सभी अभिभावकों से निवेदन है कि वह अपने बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं ।आज भारत खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। ओलंपिक जैसे खेलों में भी भारत मेडल जीतकर आ रहा है। मौके पर ओरियंट पब्लिक स्कूल के चेयर मैन रामा कांत मेहता ने कहा की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पलामू पुलिस का अहम योगदान रहा है एवं द कराटे एकेडमी के सभी खिलाड़ियों ने अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम का संचालन द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित वर्मा ने किया।

## प्रखंड के कई गांवों में बड़े-बड़े टोलों पर लगे जलमीनार वर्षों से खराब, दूर-दूर के चापाकल से पानी लाने को मजबूर जनता

# डंडई प्रखंड के कई जलमीनार खराब, भीषण गर्मी में भयावह हो सकती है स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** क्षेत्र में खराब पड़े सोलर जल मीनारों को लेकर प्रखंड से लेकर जिला तक के पदाधिकारी सजग नहीं हुए तो आने वाले भीषण गर्मी के दिनों में प्रखंड की स्थिति भयावह हो सकती है। प्रखंड के कई गांवों में बड़े-बड़े टोलों पर लगे जलमीनार ऐसे हैं जो वर्षों से खराब पड़े हुए हैं। इसके कारण ग्रामीणों को दूर-दूर के चापाकल से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।

प्रखंड क्षेत्र के डंडाई, रारो, लवाही, करके, सोनेहरा इत्यादि गांवों में लगे अधिकांश जल मीनार खराब हैं। उक्त जल मीनार इन दिनों सिर्फ हाथी का दांत साबित हो रहे हैं। उनकी मरम्मत को लेकर न तो जनप्रतिनिधि सक्रियता दिखा रहे हैं और न ही पदाधिकारी। इसका खामियाजा टोली मोहल्ले वासियों को उठाना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि जहां मरम्मत को लेकर राशि नहीं होने की बात बता मामले से पल्ला झाड़ ले रहे हैं, वहीं पदाधिकारी भी उनके माथे पर ठीकरा फोड़कर बच निकलने में कामयाब हो जा रहे हैं। पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के अनुसार लगभग दो वर्ष पहले लगे जलमीनारों की मरम्मत व रखरखाव के लिए सरकार की ओर से प्रति जल मीनार 63000 रुपये की जो राशि विमुक्त की गई थी उसे बिना पांच वर्ष पूर्ण हुए निकाल ली गई है। काश! हम सभी के खातों में उक्त राशि होती तो अब तक सभी खराब पड़े जलमीनारों के मरम्मती कार्य करा दिए होते, जिसका लाभ टोला लोगों को मिलना शुरू हो जाता। प्रखंड की सभी पंचायतों में सबसे खराब स्थिति डंडई पंचायत की है, जहां पर अब तक 14वें व 15वें बीत योजना के अंतर्गत 23 जलमीनार लगाए जा चुके हैं। इनमें अधिकांश जलमीनार खराब है। पंचायत में विलुप्त प्राय परहिया टोला और भुइयां टोला पश्चिम भाग पर लगा जलमीनार महीनों से खराब होकर पड़ा हुआ है। राशि के अभाव में उक्त जलमीनारों की अभी तक मरम्मत नहीं कराया जा सकी है। इसका सीधा प्रभाव टोले वासियों पड़ रहा है। प्रत्येक दिन दूर-दूर के चापाकल से पानी लाकर ग्रामीणों को प्यास बुझानी पड़ रही है। इसी तरह पंचायत के अधिकांश जगहों पर लगे जलमीनार खराब होकर पड़े हुए हैं।

---

## NEWS इन ब्रीफ

### संघर्ष की ऊपज हैं भाजपा कार्यकर्ता, केस से डरने वाले नहीं

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी सहित अन्य कार्यकताओं पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में सांसद बीडी राम ने कहा कि भाजपा के एक-एक सिपाही संघर्ष की ऊपज हैं। जनहित के मुद्दे और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर प्राथमिकी से वर्तमान सरकार डरा नहीं सकती है। आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी झारखंड सरकार भय का माहौल पैदा कर आवाज को दबाना चाह रही है। मगर ऐसा नहीं होने वाला है। गढ़वा ही नहीं, पूरे राज्य की जनता जागरूक हो चुकी है। भाजपा कार्यकर्ता धमकी व साजिश से डरने वाले नहीं हैं।

### करकोमा गांव में दुगोला चैता का आयोजन आज

**गढ़वा।** मेराल थाना अंतर्गत करकोमा गांव में सोमवार की रात्रि दुगोला चैता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश तथा झारखंड के जाने-माने व्यास के बीच मुकाबला होगा। आयोजन समिति के संरक्षक तथा कर कोमा पंचायत के मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय भूईया टोली के मैदान में चैता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बलिया के जाने-माने व्यास निर्मला यादव तथा पलामू के व्यास राज मुनि झारखंडी के बीच दुगोला चैता का मुकाबला होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार की रात्रि 8:00 बजे होगा। आयोजन समिति के लोगों ने संगीत प्रेमियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर आनंद उठाने का आग्रह किया है।

---

## दबगर समाज के राष्ट्रीय महासम्मेलन में मंत्री मिथिलेश बोले

# पिछड़ों को बना रहे आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार अत्यंत पिछड़ों को आत्मनिर्भर बना रही है। वह दबगर समाज अस्थाई संयुक्त राज्य संगठन सह अखिल भारतीय दबगर समाज महासंघ की ओर से आयोजित अखिल भारतीय दबगर जाति राष्ट्रीय महासम्मेलन को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोति कर रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन भीलवाड़ा के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक कन्हैया लाल चौहान, अजमेर से आए नेपीचंद्र चौहान, भवरलाल चौहान, अहमदाबाद से आए अरूणभाई मोदी, जीतन भाई मोदी ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से दबगर समाज के लोग उपस्थित हुए।

इस मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज को संगठित होने की जरूरत है। समाज बढ़ने के कारण आज शिक्षा सहित विभिन्न दिशाओं में आगे नहीं बढ़ रहा है। धनगर समाज के युवाओं को शिक्षित होने की जरूरत है। तभी वह समाज को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज यह राष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी प्रदेशों के दबगर समाज के लोग शामिल हुए हैं और एक संकल्प के साथ इस कार्यक्रम से अपने अपने घर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न प्रदेशों में समाज के लोग अपना अलग-अलग टाइटल लगाकर अपनी जाति को छुपा रहे हैं, जो समाज हित में ठीक नहीं है।

वहीं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन में लगी भीड़ साबित करती है कि समाज काफी संगठित है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चल रही है। खासकर, दबे कुचले अत्यंत गरीब असहाय लोगों को सरकार विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर आत्मनिर्भर बना रही है। दबगर समाज के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं। जब भी जरूरत होगी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि दबगर समाज ने देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने दबगर समाज के जर्जर सामुदायिक भवन को अपने निजी खर्च पर बनवाने का घोषणा की। नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी ने कहा कि गढ़वा की धरती पर यह सबसे बड़ा आयोजन है। दबगर समाज की ओर से इतना बड़ा कार्यक्रम आज तक नहीं हुआ था।

इस मौके पर प्रतिनिधि संतोष केसरी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, संयुक्त स्थायी संगठन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, रामानुजगंज दबगर समाज के अध्यक्ष उमेश दास, एसएस प्रसाद, कानपुर से रामनरेश दास, गढ़वा के जिला उपाध्यक्ष बबलू दास, अंतू दास, मुकेश दास, सचिव उदय दास, कोषाध्यक्ष उदय कुमार दास, संरक्षक चंद्रिका दास, महंत रामदास, संतोष दास, सुनील दास, अनिल दास, संगठन मंत्री संतोष कुमार उपस्थित थे।

---

## मिथिलेश ठाकुर का गर्मजोशी से किया गया स्वागत

**मझिआंव/गढ़वा।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का पूर्व मंत्री ददई दुबे के बहू स्वर्गीय चित्रा दुबे के ब्राम्हभोज कार्यक्रम में चोका कांडी जाने के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर एसएन त्रिपाठी के निर्देशन में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर एसएन त्रिपाठी ने प्रखंड क्षेत्र में पानी की किल्लत एवं भूमि जल स्तर नीचे जाने से संबंधित समस्याओं से निपटारा हेतु सभी पंचायतो में पांच- पांच चापा कल निर्गत करने का आग्रह किया। वहीं उपस्थित युवा समाजसेवी मरूतनंदन सोनी ने क्षेत्र में पानी की किल्लत जैसी अन्य मूलभूत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने पानी से संबंधित समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर एसएन त्रिपाठी, युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी, विजय कमलापुरी, सहित दर्जनों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

---

# श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया गया ईस्टर पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया** भंडरिया प्रखंड में ईसाई समुदाय का ईस्टर पर्व भक्ति पूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर ईसाई समुदाय के सभी कब्रिस्तानों को साफ सफाई एवं रंग रोगन कर सजाया गया था। ईस्टर पर्व पर ईसाई धर्मावलंबियों ने 3 बजे भोर में ही कब्रिस्तान पहुंचकर अपने पूर्वजों के कब्रों में कैंडल जलाकर एवं फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर भंडरिया सीएनआई चर्च से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोग गाजे-बाजे के साथ कब्रिस्तान पहुंचे। यात्रा में शामिल लोग प्रभु यीशु मसीह के गीत गा रहे थे। कब्रिस्तान से लौटकर भंडरिया सीएनआई चर्च में फादर व पुरोहित आलेक्सियुस गुड़िया एवं जेम्स कुजुर द्वारा आराधना कराई गई। इस मौके पर फादर अलेक्सियुस गुड़िया ने प्रभु यीशु मसीह के शुभ संदेश को सुनाया। इस मौके पर भंडरिया, कंजिया, खजुरी, जमौति सहित अनेक चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर तिमुथ्युस कुजुर, किरुस समद, डेविड गिद्ध, सीतल पवन तिर्की, नीलकांत समद, रोविन्शन कच्छप, सुशीला केरकेट्टा, रवींद्र सिंह, लॉरेंस कुजुर, अमल प्रभात तिर्की, मेरोलीन बाखला, नीलम कुजूर, शोभावति कुजुर आदि उपस्थित थे।

---

# डंडाई अस्पताल में पहली बार महिला-पुरुष डॉक्टर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** वर्षों बाद प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार महिला व पुरुष एमबीबीएस चिकित्सक की पोस्टिंग हुई है। सरकार की ओर से रविवार को पुरुष चिकित्सक अरविंद कुमार सोरेन और महिला चिकित्सक प्रतिमा कुमारी की पोस्टिंग से संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है। अरविंद कुमार सोरेन अस्पताल के तीसरे एमबीबीएस चिकित्सक होंगे, जबकि प्रतिमा कुमारी उक्त अस्पताल की पहली महिला चिकित्सक होंगी।

सीएस अनिल कुमार ने टेलीफोन के माध्यम से उक्त चिकित्सकों की पोस्टिंग के बारे में जानकारी दी। इस खबर से प्रखंड वासियों के बीच हर्ष का माहौल बन गया है। इससे पहले डॉ. जितेंद्र कुमार व डॉ. संजय कुमार बैठा उक्त अस्पताल में अपना अपना योगदान दे चुके हैं। अस्पताल के निर्माण काल के बाद वर्ष 2011 में अस्पताल को डॉ. जितेंद्र कुमार के रूप में पहला चिकित्सक मिला था। लगभग चार वर्षों तक अस्पताल में सेवा देने के बाद वर्ष 2015 में पलामू जिले के पांडू प्रखंड के लिए उनका तबादला हो गया। वर्ष 2015 के दिसंबर माह में डॉ. संजय कुमार बैठा के रूप में प्रखंड को दूसरा एमबीबीएस चिकित्सक मिला था। 2018 में रिम्स रांची के लिए उनका भी तबादला हो गया था।

---

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के ओखरगाडा के धरणिया टोला में अनियंत्रित बाइक के पेड़ से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। मृतक की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव निवासी सुरेश यादव के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान बोराहा गांव निवासी विजय यादव के रूप में हुई है। घायल विजय को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर बौराहा से टिकुलिया जा रहे थे। उसी दौरान ओखरगाडा के धारणिया टोला पर बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई, जिसमें सुरेश यादव की मौत हो गई। विजय यादव घायल हो गया।

---

# कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा के साथ शहर के उचरी लाइन उस पार से गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के उचरी मोहल्ला निवासी निजामुद्दीन अंसारी का पुत्र इसरार अंसारी के रूप में हुई है। उक्त जानकारी एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने गढ़वा थाने में प्रेस वार्ता कर दी है।

उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली थी कि पारस महतो के घर के पास एक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी अभियान शुरू किया गया। छापेमारी के दौरान इसरार अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि युवक का आपराधिक इतिहास नहीं है। वह यूट्यूब पर पोस्ट के लिए रिल्स बना रहा था। उसी दौरान स्थानीय लोग उसे पिस्टल के साथ देखा और उसकी सूचना पुलिस को दी थी। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवक के पास कट्टा कैसे मिला पुलिस पूछताछ कर रही है। इस अवसर पर एसडीपीओ के अलावे पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, समीम अंसारी, अरुण प्रकाश बैठा, शैलेंद्र कुमार सिंह, नंदलाल कुमार, राहुल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

---

## प्रेम प्रसंग में युवक ने दी जान, प्रेमिका ने लगा ली थी फांसी

**गढ़वा।** रमकंडा थाना क्षेत्र के दुर्जन गांव निवासी मनोज भुईहर का पुत्र अमृत भूईहर ने प्रेम प्रसंग में घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक अमृत रमकंडा थाना क्षेत्र के तेतरडीह गांव की एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग करता था। उक्त दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन परिजनों के विरोध के कारण शुक्रवार को प्रेमिका ने जंगल में फांसी लगाकर जान दे दी थी। इसके बाद शनिवार की देर रात अमृत ने भी घर में फांसी लगा ली।

---

## प्रेसवार्ता कांग्रेस नेता बोले, धुरकी के युवक की मौत पुलिस की पिटाई से हुई

# पुलिसिया कार्रवाई पर कई गंभीर आरोप

**गढ़वा। प्रतिनिधि** कांग्रेस नेताओं व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर जिले में पुलिसिया कार्रवाई पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो. आशिक अंसारी ने कहा कि धुरकी थाने के युवक की हत्या पुलिस की पिटाई से हुई है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले से पार्टी के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को अवगत करा दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिले के पुलिस पदाधिकारियों की थाने में पोस्टिंग पैसों का टारगेट देकर किया जाता है। इस व्यवस्था में जो नहीं रहते हैं, उन्हें हटा दिया जाता हैं। बालू के लिए आम-अवाम को परेशान ही नहीं उनकी पिटाई तक की जाती है। वहीं बालू माफिया पुलिस की मिलीभगत से खुलेआम बालू का खनन कर बेच रहे हैं। जिले के पुलिस अधिकारियों से जनता का विश्वास उठ गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा व नौकरी देने की मांग की है। साथ ही कहा कि कांग्रेस सरकार में है। बावजूद इतनी दुदर्शा है। वहीं जन प्रतिनिधि गरीबों के साथ हो रहे अन्याय पर चुप्पी साधे हुए हैं। बालू प्रकरण में कई लोगों की जान जा चुकी हैं। इसके बावजूद बालू की कालाबाजारी जारी है।

अधिवक्ता हसन इमाम ने कहा कि लोगों में भय का माहौल पैदा करने व बालू के अवैध खनन में पुलिस की सांठगांठ पर पुलिस पदाधिकारियों पर कोई उंगली नहीं उठाए, इसलिए आम-अवाम की पिटाई पुलिस कर रही है ताकि पैसों की उगाही में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नहीं कर सकें। उन्होंने कहा कि धुरकी के युवक की पिटाई के बाद मौत हुई है। इसमें शामिल बंशीधर नगर के इंस्पेक्टर सहित सभी पुलिस कर्मियों पर तत्काल हत्या की प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की जानी चाहिए। साथ ही घटना की उच्च स्तरीय/न्यायिक जांच होनी चाहिए। जिले के एसपी सहित किसी भी पुलिस अधिकारी पर जनता को विश्वास अब नहीं रहा। पुलिस मामले की लीपापोती भी कर सकती है। कांग्रेस के जिला महासचिव नाशिर इकबाल ने कहा कि धुरकी निवासी वसीम सज्जाद नामक युवक की पुलिस की पिटाई से मौत हुई है। यह पहली घटना नहीं है। बालू को लेकर भिन्न-भिन्न तरह से कई मुस्लिम लोगों की हत्या की जा चुकी है। जिले में पुलिसिया टॉचर का पराकाष्ठा हो गया है। वर्तमान सरकार में मुस्लिम को ज्यादा टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय की इतनी बुरी हालत अन्य किसी सरकार में नहीं थी। कांग्रेस मनरेगा सेल के जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि बालू को लेकर सिर्फ गरीबों की पिटाई व हत्या की जा रही है।

---

# कर्म के अनुसार ही मिलता है फल

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर** श्री बंशीधर नगर-युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र जंगीपुर स्थित उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ शंख ध्वनि, बंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद संध्याकालीन प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ, अनुश्रुति ग्रंथ का सामूहिक पाठ किया गया।

सत्संग में इष्टचर्चा करते हुए ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि मनुष्य का कर्म सर्वोपरि है। कर्म के अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि वर्तमान आचार्य द्वारा दिया गया कार्य ही इष्ट कार्य है। वही कार्य सर्वोत्तम कार्य है। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य जो भी संकल्प करता है उस संकल्प को सम्पूर्ण जीवन तक निभाना चाहिये। शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि सत्संग करने से मन पवित्र हो जाता है। दुष्ट आचरण करने वाला व्यक्ति यदि सत्संग करता है या सत्संग में शामिल हो जाता है तो वह व्यक्ति धीरे-धीरे अच्छे कर्म करने लगता है और अंत में निर्मल हो जाता है। दुष्ट व्यक्ति भी सत्संगति से सुधर जाता है। सत्संग में राज कुमार, गीता देवी भी अपने विचार व्यक्त किये। सत्संग में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के जन्म महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने पर चर्चा की गई। सत्संग में रिशु कुमार, ब्रजेश तिवारी, अजय दा, संजय दा, धृतिदीप, वृंदा देवी, चंचला गुप्ता, निर्मला जायसवाल, भागमनी देवी, श्रवण कुमार, रेखा देवी, दीप माला, मधु सिन्हा, गोविन्द रजक, ललिता देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे। सत्संग में अल्पाहार की व्यवस्था संजय दा द्वारा की गई थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुएआगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। मंडल स्तर के कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की नीव होते हैं। उनके ही दम पर पार्टी अपना प्रदर्शन करती है। इसलिए पार्टी के उच्च अधिकारी व कार्यकर्ता के बीच आपसी संबंध में कोई खटास ना हो, इसके लिए उच्च अधिकारियों को विशेष पहल की आवश्यकता है। बैठक में ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजित कुमार यादव, ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार साहू, मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, युवा मोर्चा महामंत्री अनुज कुमार गुप्ता, राजकुमार रजक, अजित मिश्रा, अजित भारती, मिथलेश कुमार महतो, प्रगुन यादव, अजय यादव, विनेश साहू, पंकज कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, ज्योतिष गुप्ता, लवकुश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वार्ड सदस्यों की बैठक में प्रखंडस्तरीय संघ का गठन, अध्यक्ष बने धीरेंद्र

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कबरा पंचायत की वार्ड 3 सदस्य रुक्मणि देवी और संचालन बहेरा पंचायत से वार्ड 12 के सदस्य पंकज कुमार दास ने किया। बैठक में वार्ड सदस्यों के हक व अधिकार पर चर्चा करते हुए प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्य संघ का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से टंडवा के वार्ड 1 के सदस्य धीरेंद्र भगत को अध्यक्ष, पंकज कुमार दास को सचिव, दिलीप कुमार को कोषाध्यक्ष, सोनमती देव, रंजीत कुमार, माजदा खातून, विजय कुमार गंझू को उपाध्यक्ष एवं सरिता देवी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेवरी दी गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर संजय उरांव, रवि कुमार दास, पिंटू कुमार दास, रेशमी देवी, लीला देवी समेत विभिन्न वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### स्वावलंबी भारत अभियान को लेकर गौरक्षणी में हुई बैठक

**चतरा।** रविवार को स्वावलंबी भारत अभियान को लेकर एक दिवसीय बैठक चतरा जिला मुख्यालय स्थित गौरक्षणी में हुई। इसकी अध्यक्षता भाजपा से सिमरिया विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती ने की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की उद्यमिता एवं रोजगार से संबंधित चलाई गई सभी योजनाओं पर चर्चा करते हुए इसकी जानकारी आम जनों को उपलब्ध कराने की बात कही गई। बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्र ग्राम प्रमुख राघव राणा, वनवासी कल्याण केंद्र के जिलाध्यक्ष कृष्णनन्दन सिंह, जिला संगठन मंत्री सुरेश कुमार पाठक, धीरज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# बारियातु के युवक की निर्मम हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना क्षेत्र अंतर्गत टोंटी से भाटचतरा जाने वाली ग्रामीण पक्की सड़क से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित भाटचतरा के चैनपुर जंगल से रविवार सुबह 37 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। प्रथम दृष्टया व्यक्ति की चाकू से गोदकर व डंडे से मार मार कर निर्मम हत्या की गई प्रतीत होती है। जंगल में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।शव को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

इससे पहले शव को सर्वप्रथम बकरी चराने गए चरवाहा एवं लकड़ी चुनने गए लोगों ने देखा और इस बारे में ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पाकर बारियातु थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक दीपक नारायण सिंह, रवि कुमार सह दलबल एवं टोंटी पंचायत के पंसस मो होजैफा, समाजसेवी गौतम सिंह, धानेश्वर उरांव सहित कई समाजसेवी घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं घटना स्थल से पुलिस ने खून से सना एक डंडा भी बरामद किया है। मृतक के पैकेट में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान बारियातु बस्ती निवासी स्वर्ग पैरू भुईयां के 37 वर्षीय पुत्र लल्लू भुईयां के रूप में की गई है।पहचान के पश्चात थाना प्रभारी चौधरी ने मृतक की बहन ललीता से संपर्क किया। इसके बाद वह घटना स्थल पर पहुंची। मृतक की बहन कुशमाहा निवासी ललीता देवी पति किरण भुईयां ने बताया कि शनिवार को भाई मेरे घर पर पहुंचे थे और संध्या बेला में वह अपना घर बारियातु के लिए निकले थे। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लल्लू भुईयां मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जंगल से शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी चौधरी ने शव की पहचान के पश्चात थाना ले आए, जहां आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया। पुलिस इस मामले की छानबीन में जूट गई है।

## हाथियों ने घर को ध्वस्त करते हुए अनाज को किया चट

# जंगली हाथियों ने फिर मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड की लाधुप पंचायत में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शुक्रवार रात हाथियों का झुंड आरा गांव में आ धमका और सुकरी देवी, पति रामदयाल मुंडा के घर में तोड़फोड़ करने लगे। हाथियों ने घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर गया। हाथी जब घर की दीवार गिरा रहे थे तो उसकी चपेट में रामदयाल की मां भी आ गई पर गनीमत रही कि हाथियों के हमले में वह बाल बाल बच गई।

ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की संख्या लगभग 10 से 12 है जो कुछ दिनों से लगातार उत्पात मचाये हुये हैं। घटना की सूचना मिलते ही लाधुप पंसस पति सह समाजसेवी बुधन गंझु मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी। बुधन गंझु ने कहा कि हाथियों के डर से पूरा क्षेत्र डरा हुआ है। लोग रतजगा करने को मजबूर हैं। गंझु ने हाथियों से हुये नुकसान पर पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और आबादी वाले क्षेत्र से उन्हें भगाने की मांग की है। मौके पर कृष्णा मुंडा, उमेश तुरी, बालेश्वर मुंडा आदि मौजूद थे।

## रांची ग्रामीण क्षेत्र से ट्रक में राजस्थान ले जाया जा रहा था डोडा

# मादक पदार्थ समेत एक पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ से चंदवा पुलिस ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के मादक पदार्थ (डोडा) लदा एक ट्रक को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा इस संबंध में कांड सं 85/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में बताया कि डोडा को यहां से एक हजार रुपये प्रति किलो की दर से खरीद कर इसे राजस्थान में तीन हजार रुपये प्रति किलो की दर में बेच देते हैं।

इस संबंध में थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से एक बारह चक्का ट्रक, जिसमें भारी मात्रा में डोडा लोड है, चंदवा की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, चंदवा बीडीओ सह अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच 75 पर ब्लॉक के समीप छापेमारी अभियान चलाकर ट्रक संख्या आरजे 07 जीसी 1255 को पकड़ा गया। जब्त ट्रक में लगभग साढ़े चार टन मादक पदार्थ (डोडा) लोड पाया गया है। जब्त डोडा का अनुमानित मूल्य लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रहा है। पुलिस ने डोडा की खेप ले जा रहे राधेश्याम बिश्नोई (35), पिता प्रेम प्रकाश बिश्नोई, चक 14 केडी थाना रावलामंडी, जिला श्री गंगानगर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक ने पुलिस को बताया कि उक्त डोडा रांची-गुमला के जंगली इलाके से लोड किया गया है, जिसे राजस्थान के बीकानेर ले जाया जा रहा था।

**डेढ़ करोड़ रुपये के डोडा लदा एक ट्रक को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त करने के बाद जानकारी देते पुलिस अधिकारी। एक हजार रुपये प्रति किलो में खरीद कर तीन हजार में बेचते हैं डोडा।**

### एक माह पूर्व भी चंदवा पुलिस ने 10 टन डोडा लोड ट्रक को पकड़ा था

बताते चलें कि चंदवा पुलिस ने एक माह पूर्व भी एक ट्रक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की थी जिसमें लगभग 10 टन डोडा लोड था।श्री मिश्रा ने कहा कि मादक पदार्थों की खेती करने और इसके खरीब बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी इस प्रकार के अवैध कार्य में शामिल अपराधियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा,निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,बीडीओ सह अंचलाधिकारी विजय कुमार,पुअनि नारायण यादव,पुअनि दिव्यप्रकाश,पुअनि जमील अंसारी,पुअनि कुंदन कुमार,सअनि अरविंद कुमार समेत सैट 202 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# चट्टान तोड़ने के दौरान विस्फोट से आसपास के गांवों में हड़कंप

## ग्रामीणों ने मकानों में दरार पड़ने का लगाया आरोप, मुआवजे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा थाना क्षेत्र के टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन के पटरी बिछाने में लगी निर्माण कंपनी द्वारा रविवार दोपहर चट्टानों को तोड़ने के लिए विस्फोट किया गया, जिससे आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। अप्रत्याशित विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भगदड़ मच गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आवाज की तीव्रता इतनी अधिक थी कि लगभग 5 से 7 किलोमीटर की दूरी तक आवाज सुनाई दी। वहीं इसके दायरे में आने वाले कबरा, वृंदा, हांडू, शिवपुर, फुलवरिया समेत कई गांवों के लोग इस घटना के बाद अपने आशियाने में भारी दरार पड़ने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से समुचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वहीं इस मामले में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी विजय दास ने बताया कि मामले में सोमवार को समुचित विभागीय जांच व क्षति का आकलन के पश्चात विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।



### झामुमो कार्यकर्ताओं ने महतो को दी श्रद्धांजलि

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में झामुमो कार्यकर्ताओं ने शोक सभा आयोजित कर पार्टी के नेता और झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री रहे स्व. जगरनाथ महतो श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, प्रखंड सचिव मो इजहार, युवा नेता शितमोहन मुंडा, मो सरफराज आदि मौजूद रहे।

# मनिका में दुगोला कार्यक्रम गीत-संगीत पर झूमे दर्शक

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

मनिका प्रखंड स्थित देवी मंडप बाजारटांड़ में दुगोला कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर राजेंद्र भारती ने किया। कार्यक्रम में शामिल हुए गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिजानंद सिंह ने कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए गिरिजा नंदन सिंह ने नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। विधानसभा क्षेत्र में भेजा है। वहीं राजमुनि व्यास और सुरेंद्र व्यास द्वारा एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य का प्रस्तुत किया गया।

# अमन श्रीवास्तव के नाम जारी हुआ पर्चा, हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

दामोदर वैली कॉरपोरेशन के तुबेद कोल प्रोजेक्ट एरिया के विस्थापितों को अमन श्रीवास्तव के नाम से एक पर्चा जारी किया गया है।

पर्चा तुबेद कोलियरी के आसपास चिपकाकर अमन श्रीवास्तव गुट के सामलाल जी द्वारा बताया गया है कि डीवीसी कंपनी से रामदयाल, सुमेज, गोविंद, जुगेश्वर, मोहरलाल, मुनीलाल, महेंद्र, जमीदार, लाल सहाय, जोहन, रामकिशुन, सामलाल, विशु एवं बालदेव को जमीन की मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। पर्चा में चेतावनी दी गई है कि भुगतान की प्राप्त राशि से 8 प्रतिशत अमन श्रीवास्तव को दे दे और नहीं देने पर उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। पर्चा में यह भी लिखा गया है कि उपरोक्त कोई भी व्यक्ति होशियारी न दिखाएं अन्यथा परिवार समेत जान से हाथ धोना पड़ेगा। पर्चा में यह भी कहा गया है कि उपरोक्त मुआवजा पाने वाले व्यक्ति चार दिनों के भीतर पैसा का इंतजाम कर लें। कभी भी उनसे पैसा की मांग की जा सकती है और नहीं देने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहना है। पर्चा में निवेदक के रूप में सामलाल कम्प्यूटर से टाइप करके जारी किया गया है। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चा है। वहीं विस्थापितों में दहशत व्याप्त है। वहीं डीवीसी कर्मियों ने इससे अनभिज्ञता जताई है।

### संजय यादव राजद युवा के प्रदेश सचिव बने

**लातेहार।** चंदवा निवासी संजय यादव को 2022 से 2025 तक के लिए युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने अच्छे कार्य और लगातार संगठन में सक्रियता को देखते हुए युवा प्रदेश सचिव का कार्य भार दिया है। संजय यादव ने कहा कि युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे प्रदेश सचिव बनाया है। मैं संगठन की जो भी जिम्मेवारी मिलेगी उसे बखुबी से निभाऊंगा और जनहित के मुद्दों को लगातार उठाऊंगा। संजय यादव ने वन पर्यावरण मंत्री बिहार सरकार तेज प्रताप यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, श्रम मंत्री झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता, राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय यादव को धन्यवाद दिया।

# 'जिले का विकास प्राथमिकता'

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता की अध्यक्षता में जिला परिसद के सभागार में चतरा जिले के विकास को जिला परिषद, 20 सूत्री जिला व प्रखंड अध्यक्ष और प्रमुखों की बैठक हुई। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्री भोगता ने जिले के विकास के साथ बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुल पुलिया, विद्यालय बाउंड्रीवाल, सिंचाई, पर्यटन स्थलों के विकास, एंबुलेंस, स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित चिकित्सक के स्थापन, जाति-आवासीय व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों के मोनिटरिंग, जनप्रतिनिधियों पर फर्जी केस, बिजली कनेक्शन फर्जी केस आदि पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया। बैठक में सभी ने मंत्री को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री श्री भोगता ने समस्याओं को जल्द दूर करने का भरोसा दिलाया। साथ ही कई अहम सुझाव भी दिये। बैठक में राजद के नवलकिशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, प्रदेश नेता चन्द्रिका यादव, जिप सदस्य देवनंदन साहू सहीत सभी जिप सदस्य, प्रमुख व बीस सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

### केडीएम स्कूल में दिया गया कराटे का प्रशिक्षण

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के केडीएम स्कूल में रविवार को लातेहार जिला कराटा प्रशिक्षक सेंसई अक्षय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कराटे से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी मिश्रा ने कहा कि अभी के समय में कराटे आत्मरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अच्छा साधन है इसलिए सभी बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए। मौके पर कराटे प्रशिक्षक अक्षय कुमार सिंह ने मार्शल आर्ट कराटे करने से होने वाले फायदे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी बच्चों को दी गई। लातेहार जिले में 30 प्राइवेट स्कूलों में कराटे प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## आस्था | गिरिजाघरों में विशेष पूजा और अनुष्ठान किया गया

# परंपरागत तरीके से मना ईस्टर पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड में रविवार को ईस्टर(पास्का) का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया।इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान किया गया। संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य फादर सुरेश, चिरोपाठ चर्च में फा बर्नाबस खलखो, गोठगांव चर्च में फादर मृतुलाल, साले में फादर जॉर्ज तिग्रा पकरीपाठ में फादर अमित कुजूर और तुन्दटोली में फादर सुशील लकड़ा ने विशेष मिस्सा पूजा की अगुवाई की।

इस मौके पर साले पल्ली में फादर जॉर्ज ने कहा कि ईस्टर(पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया। प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनः जी उठे। ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो में फादर राजेश किस्पोटा, जान तिर्की, सेल्सियस, कमल, दिलिप, सेलिषटीन, मनोरंजन और फादर सिल्पयुस समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे।

**ईस्टर अंधकार से प्रकाश में आना :** अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया। उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। ईस्टर का शाब्दिक अर्थ है गुलामी से आजाद होना, अंधकार से प्रकाश में आना।

**समाज से जुड़कर करें सेवा :** इस मौके पर फादर बार्थो ने विश्वासियों के बीच अपने संदेश में कहा कि आज हमें प्रभु की उपासना के साथ यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम आपस के झगड़े- झंझट, ईर्ष्या-द्वेष आदि कुरीतियों को भूलकर समाज सेवा का कार्य करें।

### चार स्थायी वारंटी को भेजा गया जेल

**बारियातु।** बालुमाथ एसडीपीओ अजित कुमार सिंह के नेतृत्व में बारियातु पुलिस के एक छापामारी दल ने रविवार को चार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन को गुप्त सुचना मिली थी की स्थायी वारंटी धन्ना राम उर्फ लक्ष्मण राम, कैलाश राम, दोनों के पिता स्व. जपल राम उर्फ जयपाल राम, कार्तिक राम, पिता स्व. दासो राम, तीनों ग्राम नावाडीह, गोलू उर्फ ज्योति प्रसाद, पिता कपिल प्रसाद साव उर्फ कपीलदेव साव, ग्राम बारियातु बस्ती निवासी, सभी थाना बारियातु जिला लातेहार अपने-अपने घर आए हुए हैं। इसके आधार पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह द्वारा गठित टीम ने उक्त सभी स्थायी वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया गया।

# बंदियों को दी कानूनी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह एवं सचिव प्रज्ञा वाजपेई के मार्गदर्शन में रविवार को मंडल कारा चतरा में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें शामिल मुख्य कानूनी रक्षा परामर्शदाता किरण कुमार प्रधान एवं अशोक कुमार सिंह तथा सहायक कानूनी रक्षा परामर्शदाता मृणाली प्रसाद एवं जितेन्द्र कुमार द्वारा बंदियों को उनके अधिकरों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही जिन बंदियों की जमानत होने के बाबजूद किसी कारण से शर्तों के अनुसार वे जमानत बंध पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में हैं उन्हें तत्काल जमानत की शर्तों में बदलाव के लिए आवेदन देने तथा कानूनी सहायता लेने के अधिकार के संदर्भ में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त जिन बंदियों ने उनपर लगे आरोप की सजा के आधे या आधे से अधिक सजा काट ली है उनसे संबंधित धारा 436 ए सीआरपीसी के नियमों के संदर्भ में भी अवगत करवाया गया। जिन बंदियों को सजा सुनाई गई है, परंतु वे अपील में जाने को इच्छुक हैं, उन्हें भी कानूनी सहायता लेने के अधिकार के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। इस दौरान जेल के अधिकारियों के साथ पीएलवी सुधीर कुमार शर्मा एवं राजेश कुमार आदि शामिल थे।

# हर्षोल्लास व परंपरागत तरीके से मनाया गया ईस्टर , प्रार्थना में शामिल हुए लोग

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** प्रभु यीशु के पुनः जी उठने की घटना की याद में जिले भर में पास्का का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। आरसी समुदाय के लोग जहां चर्चों में विशेष प्रार्थना व मिस्सा अनुष्ठान में शामिल हुए तो जीईएल समुदाय के लोगों ने कब्रगाहों में जाकर मोमबत्तियां जलाईं एवं अपने पूर्वजों को याद किया। संत अन्ना महागिरजाघर में पास्का जागरण के साथ-साथ सुबह में मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सुबह में अनुष्ठान वीजी फादर इग्नासियुस टेटे ने संपन्न कराया। इस मौके पर फादर प्रवीण मिंज, फा.फूलजेम्स कुल्लू, फा. कोर्नेलियुस तिर्की, फा. राजेन सोरेंग, फा.एस सुरीन शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभु ख्रीस्त का जी उठना एक अद्भुत घटना है। प्रभु हमें बुराइयों से दूर रखें। संत अन्ना की बहनों ने मधुर स्वर गीत प्रस्तुत किए। धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

### पुनरुत्थान का पर्व है पास्का

**कुरडेग।** प्रखंड में रविवार को कैथोलिक समुदाय के लोगों ने ईस्टर का पर्व मनाया। इस अवसर पर विभिन्न गिरजाघरों में मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न किया गया। कुरडेग पल्ली में फा.इसीदोर केरकेट्टा एवं अन्य पुरोहितों द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की सच्चाई एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है। प्रभु यीशु के जीवन-मरण और पुनरुत्थान पर विश्वास करना ही पास्का का सच्चा उदाहरण है। ईसा मसीह के पुनरुत्थान में विश्वास करना ही पास्का का आनंद एवं शांति को प्राप्त करना है। मौके पर फा. जोसेफ टेटे, फा. विपिन किशोर सोरेंग,फा.बासिल डुंगडुंग एवं समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### विशेष मिस्सा पूजा हुई

**कोलेबिरा :**प्रखंड अंतगर्त लचरागढ़ में ईस्टर संडे के अवसर पर चर्च में विशेष मिस्सा पूजा का हुआ आयोजन। लचरागढ़ में ईस्टर संडे का पर्व मनाया गया जिसमे प्रखंड अंतर्गत गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठादाता फादर एरिक जोसेफ कुल्लू के नेतृत्व में मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया इस पर उन्होंने वहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु यीशु के आगमन काल को हम याद करें। प्रभु यीशु हमारे पथ प्रदर्शक है प्रभु यीशु ने विश्व वासियों की सेवा के लिए धरती पर आए। प्रभु यीशु की प्रार्थना में लीन रहे उनकी आराधना करें और जीवन बेहतर बनाने के लिए परोपकार और दया की भावना से जीवन को आगे ले जाए साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं धार्मिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में फादर डीन एरिक जोसेफ कुल्लू के साथ फादर अलेक्सियुस क्लेमेंट, फादर पीटर बरला, फादर मरियानुस, आदि ने मिस्सा बलिदान चढाने में सहयोग किया इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में अलबिनुस, शिलानंद बागे, निकोलस होबो ,त्यफिल डांग, के अलावा अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

### पास्का पर्व मनाया गया

**बानो।** -बानो प्रखण्ड के विभिन्न गिरजाघर में पास्का पर्व के अवसर पर मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। प्रखण्ड के आर सी बांकी ,जी ई एल चर्च बानो ,जी ई एल चर्च साहुबेडा, आर सी चर्च पबुड़ा आदि चर्चों में भक्ति पूर्वक मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। साहुबेडा जी ई एल चर्च में उत्साह पूर्वक पास्का पर्व मनाया गया। मिस्सा पूजा अनुष्ठान फादर बिमल जोजो ने किया। उन्होंने ने कहा येशु ख्रीस्त मृतकों में से जी उठेऔर उनके द्वारा हमें नया जीवन मिला।

## NEWS इन ब्रीफ

### केवट समाज उत्थान समिति का सम्मेलन

**पाकरटांड।** प्रखंड के किनबीरा गांव में सिमडेगा जिला स्तरीय केवट समाज उत्थान समिति का एक दिवसीय सामाजिक उत्थान हेतु जन सम्मेलन किया गया, जिसमें सिमडेगा, गुमला एवं बोकारो जिला के जिला स्तरीय समिति सदस्य उपस्थित हुए। इसमें समाज के पिछड़ेपन, एवं विकास के लिए किये जाने वाले प्रयास पर चिंतन मंथन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कलिंद्र राम, लोकनाथ राम, राजेन्द्र केवट,पीताम्बर राम,रवि केवट,जनक राम, हेमंत राम, लकेश्वर राम, प्रेमचंद राम,अमरजीत केवट, वासुदेव केवट, इत्यादि उपस्थित थे।

### फांसी लगाकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र के हल्दी बेड़ा पूरबटोली गांव में 60 वर्षीय वृद्ध ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मंगरा कुल्लू के रूप में हुई। घटना की जानकारी परिवार वाले थाना को दिया जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। मृतक की 3 बेटी की शादी हो चुकी है और पति पत्नी घर में रहते थे उसकी पत्नी अपनी बेटी के घर सिमडेगा खिजरी त्यौहार मनाने आई थी। इस दौरान किसी बात को लेकर नाराज मंगरा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### मिशन कार्यकारिणी की हुई बैठक

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा हाई स्कूल स्टेडियम में मिशन बदलाव कार्यकारिणी की बैठक किया गया। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत के अध्यक्षता में कोलेबिरा हाई स्कूल स्टेडियम में संपन्न हुई। बैठक में मिशन बदलाव सिमडेगा टीम से प्रभा देवी, सीता देवी, दीपक चीक बड़ाईक, दिलमोहन नायक, रवि गोप, एम. डी. सुहैल अहमद, आकाश नायक, दितराज नायक, अविनाश नायक, अनु खान, संतोष जोजो आदि मौजूद रहे।

### सीआरपीएफ 158 बटालियन ने मनाया शौर्य दिवस

# बहादुरी और बलिदान को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।** 158 बटालियन, सीआरपीएफ लोहरदगा, झारखंड मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शौर्य दिवस मनाया गया। शौर्य दिवस के इस अवसर पर 158 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी, प्रदीप कुमार सिंह ने सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया। इसमें उन्होंने जवानों एवं उनके परिवारजनों को शौर्य दिवस की शुभकामनाएं दी।

अतीत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज ही के दिन (09 अप्रैल) सन 1965 में पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा पर रन कच्छ (गुजरात) में सरदार पोस्ट और टॉक चौकी के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन डेजर्ट हॉक को सी.आर.पी.एफ., की द्वितीय वाहिनी के कार्मिकों ने अपनी दृढ़ता और पराक्रम से विफल किया। उसमें सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने पाकिस्तानी इन्फेन्ट्री के एक बिग्रेड को 12 घंटे तक निकट नहीं आने दिया। उन्होंने कहा कि सैनिक लड़ाई के इतिहास में यह अद्वितीय कार्य है जिसमें अर्द्धसैनिक बल की एक छोटी सी टुकड़ी के जवानों ने एक पाकिस्तानी बिग्रेड के नियोजित आक्रमण को विफल कर दिया। साथ ही यह अवगत कराया कि सरदार पोस्ट के रणबांकुरों के द्वारा किये गये बहादुरी के कार्यों, सेवा और बलिदान को यादगार बनाए रखने के लिए इस महान दिन को शौर्य दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 09 अप्रैल को मनाया जाता है।

तदोपरान्त द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा 158 बटालियन में वर्तमान में पदस्थ संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, राकेश कुमार मिश्रा, उप कमाण्डेन्ट, सहायक उप निरीक्षक/जीडी तापस कुमार साहा, सिपाही/ जीडी नजीर अहमद अंटू तथा सिपाही/जीडी विवेक कुमार को विभिन्न अभियानों के दौरान किए गए अनुकरणीय साहस एवं वीरता पूर्ण प्रदर्शन हेतु पूर्व में वीरता के लिए पुलिस पदक मिले हैं, उनका विवरण कार्मिकों के बीच साझा किया गया जिससे अन्य जवानों को उनसे बटालियन को सर्वदा श्रेष्ठ बनाए रखने के निश्चय को फलिभुत करते रहने की प्रेरणा मिलेगी। तदोपरान्त शाम में 158 बटालियन मुख्यालय में बॉलीबाल गेम का भी आयोजन किया गया जो कि मुख्यालय कम्पनी तथा मुख्यालय में संलग्न कार्मिकों के बीच खेला गया। तत्पश्चात रात्रि को बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा 158 बटालियन सी.आर.पी.एफ. के सुधीर कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट, बिशुनपुर थाना के थाना प्रभारी, कुन्दन कुमार, थाना के समस्त जवानों, स्थानीय लोगों तथा सी.आर.पी.एफ. के जवानों द्वारा गुमला के बिशुनपुर थाना के अन्तर्गत बनालात निवासी शहीद सिपाही समीर उराँव के वीरता व अदम्य साहस को याद करते हुए बनालात स्थित शहीद की प्रतिमा को पुष्पांजली व श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। दूसरी तरफ किस्को स्थित सी.आर.पी.एफ. की जी कम्पनी ने किस्को मुख्य चौक स्थित शहीद शिवनारायण भगत की प्रतिमा में माल्यार्पण कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

# शहीदों के परिजनों को दिया गया सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के टोंगो ग्राम स्थित सी आर पी एफ कैंप में शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद टी किण्डो की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके परिजनों को शाल एवं प्रस्स्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर उपस्थित सी आर पी एफ 218 बटालियन के सहायक कमांडेंट संजय त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टी किण्डो पिता जोसेफ किण्डो कांसीर के गमहरटोली के रहने वाले थे जो सी आर पी एफ 33 बटालियन में अपनी सेवा देते हुए त्रिपुरा में हुए आतंकवादी हमले में सन 1997 को शहीद हो गए थे। बाद में हर साल 9 अप्रैल को शहीदों के याद में शौर्य दिवस मनाया जाता है और इस दिन शहीद के परिजनों को बटालियन की ओर से सम्मान दिया जाता है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि सी आर पी एफ सभी शहीदों के परिजनों के साथ है। उन्हें जब भी कोई परेशानी हो तो वे अपनी समस्या लेकर बेझिझक हमारे पास आ सकते हैं।

इधर कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को सी आर पी एफ में बहाली प्रक्रिया सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक कमांडेंट संजय त्रिपाठी, इंस्पेक्टर गुरूदास चक्रवर्ती, सब इंस्पेक्टर सुशील नेगी, स्थानीय मुखिया,सहित पूरी सी आर पी एफ परिवार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# चैनपुर प्रखंड में नहीं रुक रहा हाथियों का आतंक

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )** चैनपुर मुख्यालय के सदान बुकमा गांव में शानिवार की रात 09:45 बजे जंगली हाथी ने एक घर पर हमला कर दिया, जिसमें घर में रखे घरेलू सामान तथा 50 किलो अनाज नष्ट कर दिया। घर के मालिक कलेंडर नगेसिया पिता मंगल नागेशिया ने बताया घर कि हाथी 9 बजे के करीब आया और घर के एक दीवार पर हमला कर गिरा दिया। इसके बाद हाथी घूम घूम कर घर की दीवारों को गिराते गया। घर में रखे अनाज भी नष्ट कर दिया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले उनके बगल के घर को भी हाथी ने छतिग्रस्त किया था।

ग्रमीणों ने बताया कि वन विभाग की ओर से कोई टॉर्च का वितरण नहीं किया गया है। हम अपने घर का टॉर्च यूज करते हैं, जिससे हाथी को खदड़ने में दिक्कत होती है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एक हाथी रात्रि 9:30 बजे के करीब गांव में प्रवेश कर उनके घर की ओर आ कर उनके बारी में लगे केले को खाया फिर घर की ओर आ के दीवाल पर अपने सूंढ से वार करते हुए गिरा दिया।

### शोक संतप्त परिवार से मिले पूर्व विधायक सुखदेव भगत

**कैरो / लोहरदगा।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक एआईसीसी के सदस्य सुखदेव भगत रविवार को कैरो निवासी दैनिक भास्कर के रिपोर्टर समीद अंसारी व राष्ट्रीय नवीन मेल के रिपोर्टर सकील अंसारी के आवास कैरो पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। विदित हो कि पत्रकार बन्धु के माता का देहांत विगत 3 अप्रैल को इलाज के दौरान हो गया था। सुखदेव भगत ने कहा आकस्मिक देहांत की खबर सुनकर दुख हुआ झारखण्ड से बाहर रहने के कारण अंतिम मिट्टी देने में सामील नही हो सका। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने की जरूरत है। हम सभी एक ही परिवार के सदस्य है।

# बंगाली एसोसिएशन झारखंड की सिमडेगा इकाई का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा के केलाघाघ डैम किनारे रविवार को बंगाली एसोसिएशन झारखंड की सिमडेगा इकाई की जिला स्तरीय सम्मेलन के साथ जिला समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड स्टेट चीफ पेट्रोन भास्कर दत्ता एवं स्मिता दत्ता उपस्थित रहे। इधर सम्मेलन के दौरान बंगाली समुदाय को एक सूत्र में बांधने एवं सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी जगहों पर रहने वाले बंगाली समुदाय के लोगों को संगठन में जोड़ने तथा सभी लोगों को एक साथ चल कर समाज के उत्थान में सहयोग करने की अपील की गई ।इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष सुरजीत दत्ता को बनाया गया जबकि सचिव दिग्विजय सहा ,कोषाध्यक्ष अशोक सहा, संगठन सचिव संजीव महंत ,रोहित दत्ता वही मीडिया प्रभारी विकास कर्मकार को बनाया गया। इसके अलावा संरक्षक के रूप में प्रदीप दत्ता ,अजय कुमार दास ,सपन कुमार साह, समीर कुमार साह, विद्युत कर्मकार को बनाया गया। बच्चों के बीच नृत्य प्रतियोगिता, शंख प्रतियोगिता म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उक्त कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को सम्मानित की गई।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा चौक स्थित मुर्की मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो गया। घायलों की पहचान लोहरदगा हिरही निवासी आजाद अंसारी एवम इम्तियाज अंसारी के रूप में किया गया है। दोनों घाघरा की ओर से लोहरदगा आने के क्रम में सेन्हा चौक स्थित मुर्की मोड़ समीप भीड़ होने के कारण मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरे जिससे दोनों को पैर और हाथ मे चोट लगी। जिसको ग्रामीणों के द्वारा सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार चौक पर भीड़ था। एक अन्य मोटरसाइकिल तेज गति से मोड़ने के कारण यह घटना घटी। यहाँ पर हमेशा भीड़ होने के कारण आये दिन सड़क हादसा होते रहता है।

### कार्यक्रम | पदाधिकारीगण व विद्यार्थियों ने किया ध्वजारोहण

# एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** राजेंद्र भवन में जिलाध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व छात्र संगठन एनएसयूआई का 53 वां स्थापना दिवस मनाया गया। एनएसयूआई के सभी पदाधिकारीगण तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय गान गाकर यह दिवस मनाया।

मौके पर छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष विनय उरांव कहा कि आज के ही दिन 9 अप्रैल 1971 ई. में छात्र संगठन एनएसयूआई का सोनिया गांधी द्वारा छात्रों को एकता में बांधने के लिए स्थापना की गई थी। तब से छात्र संगठन विद्यार्थियों की हर समस्या में साथ खड़ा होकर काम करते आ रहा है। मौजूदा समय में जिला एनएसयूआई मजबूती के साथ एक - एक विद्यार्थियों कि हर समस्याओं नामांकन, पंजीयन, स्कॉलरशिप तथा परीक्षा फॉर्म सहित सभी तरह के मुसीबत में हरसंभव विद्यार्थियों के साथ खड़ा होकर मदद कर रही हैं। तथा आगे भी विद्यार्थियों की हर समस्या में छात्र संगठन एनएसयूआई हमेशा से मदद के लिए खड़ी रहेगी। मुख्य रूप से जिला महासचिव हरि भगत, मनावर आलम, सह सचिव सकलदीप लोहारा, सोशल मीडिया प्रभारी शुभम सहदेव, सक्रिय सदस्य में गुड्डू जी, संदीप महली, कादिर अहमद, सविता कुमारी राशिप्रिय तिर्की, उषा कुमारी, लक्ष्मण उरांव, रिशु कुमार, विकास महतो, समीर अंसारी शामिल थे।

### बिजली की चपेट में आकर 4 मवेशी 1 लोमड़ी की मौत

**बोलबा।** बोलबा में बिजली विभाग की लापरवाही से समसेरा रामटोली में बिजली तार के झुलसने से 2 बैल, एवं 2 गाय बछिया की मौत हो गया। घटना रविवार सुबह 10 बजे करीब की यह घटना है, जिसकी जानकारी दोपहर 2 बजे रामटोली के ग्रामीण खेत की ओर जाने के क्रम में मिली। इसकी सुचन समसेरा के मुखिया सुरजन बडाईक को दी गयी। घटना स्थल पर पहुंचकर जयजा लेते मुखिया गरीब किसानों को विभाग की ओर से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही किसान प्रेमिका मिंज के 1 बैल रंग सफेद,सुको लोहराईन का गाय धर्मदासी सोरेंग का गाय एवं मंजुला किरण टेटे का 1 बैल का मौत हुई। बताया कि किसान ने एक सप्ताह पहले पैंतालिस हजार रुपए जोडा खरीदा था। बैल के झुलसने किसान का नुक्सान हुआ। वहीं एक जंगली जानवर लोमडी की भी घटना स्थल पर मौत हो चुकी है।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का जल्द होगा गठन : उदासन नाग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा तेली धर्मशाला लोहरदगा में जिला अध्यक्ष जयनाथ साहु कि अध्यक्षता में आहुत बैठक में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष उदाशन नाग मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार के गलत निर्णय के कारण आज नौ जिला में पिछड़ा समाज को जिला रोस्टर में शुन्य कर दिया गया है। आज पिछड़ा समाज अपने आप को ठगा महसुस कर रहा है , पिछड़ा समाज को हवा पानी को छोड़ कर सभी चिजों आरक्षित कर दिया गया है जिससे हमारे समाज के लोग पढ़ाई लिखाई, नौकरी या चुनाव से वंचित करने का षड्यंत्र किया गया है। पिछड़ा समाज के सभी जातियों का लोहरदगा जिला में एक बृहत संगठन का गठन जल्द किया जाएगा और जोरदार आंदोलन खड़ा किया जाएगा। झारखण्ड सरकार को हमारा हक देना होगा। बैठक में संरक्षक प्रो शिव दयाल साहु, कृष्णा प्रसाद साहु, लाखपति साहु, मनोज साहु, कमलेश साहु, रामबिलास साहु, राजु साहु, बिजया कुमार, अभिषेक कुमार गुप्ता, दीपक कुमार साहु, मुकेश साहु, बजरंग साहु, बिनोद प्रसाद,धनु प्रसाद साह, उज्जवल आनन्द , सचिन कुमार साहु ,सुभम साहु, सुरेन्द्र साहु, महेश्वर साहु, पंकज साहु, आकाश पंकज, अनिता साहु प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सामिल हुए।

# दुबई में कार नंबर प्लेट 'पी7' रिकॉर्ड 5.5 करोड़ में बिका

**एजेंसी। दुबई**
दुबई में 'मोस्ट नोबल नंबर्स' की नीलामी में कार का नंबर प्लेट पी7 रिकॉर्ड 5.5 करोड़ दिरहम (लगभग 1,22,61,44,700 रुपए) में बिका। शनिवार रात हुई नीलामी में 1.5 करोड़ दिरहम से बोली की शुरुआत की गई। कुछ ही सेकेंड में बोली तीन करोड़ दिरहम के पार पहुंच गई। एक समय 3.5 करोड़ दिरहम पर जाकर कुछ देर के लिए बोली रुक गई। यह बोली टेलीग्राम ऐप के संस्थापक और मालिक फ्रेंच अमिराती कारोबारी पावेल वालेरिविच डुरोव ने लगाई थी। एक बार फिर तेजी से बढ़ती हुई बोली 5.5 करोड़ दिरहम पर पहुंच गई। यह बोली पैनल सात ने लगाई थी जिसने अपनी पहचान गुप्त रखने की इच्छा जाहिर की है। प्रत्येक बोली पर भीड़ ने जमकर तालियां बजाई। जुमेरा के फोर सीजन नामक होटल में हुए इस कार्यक्रम में कई अन्य वीआईपी नंबर प्लेट और फोन नंबरों की भी नीलामी हुई। नीलामी से करीब 10 करोड़ दिरहम (2.7 करोड़ डॉलर) जुटाए गए जो रमजान के दौरान लोगों को खाना खिलाने के लिए दिए जाएंगे। कार प्लेटों और एक्सक्लुजिव मोबाइल नंबरों की नीलामी से कुल 9.792 करोड़ दिरहम मिले। इस कार्यक्रम का आयोजन अमीरात ऑक्शन, दुबई के सड़क एवं परिवहन प्राधिकरण और दूरसंचार कंपनियों एतिसलात तथा डू द्वारा किया गया था। 'पी 7' सूची में सबसे ऊपर रहा। दरअसल बोली लगाने वालों में कई लोग 2008 के मौजूदा रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते थे जब एक व्यवसायी ने अबू धाबी की नंबर 1 प्लेट के लिए 5.22 करोड़ दिरहम की बोली लगाई थी। इस नीलामी का पूरा पैसा 'वन बिलियन मील्स' अभियान को सौंप दिया जाएगा जिसकी स्थापना वैश्विक भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से की गई थी। रमजान की दान भावना के अनुरूप, दुबई के उपराष्ट्रपति एवं शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद द्वारा की गई थी।

# आईफोन 15 प्रो में स्पेशल होगा टाइटेनियम फ्रेम

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
एप्पल के अपकमिंग हाई-एंड स्मार्टफोन आईफोन 15 प्रो में राउंडर-एज डिजाइन, न्यू बटन, कैमरा बंप और बहुत कुछ के साथ एक टाइटेनियम फ्रेम होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, व्यक्तिगत कैमरा प्रोट्रूशियंस का साइज एक बार फिर बढ़ जाएगा, और पूरा हम्प मोटा हो जाएगा। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि आईफोन 15 प्रो मैक्स एक छोटे कैमरा प्रोट्रूशियंस को भी स्पोर्ट करता है, जो एक पेरिस्कोप जूम लेंस होने की अफवाह है। पिछले अनुमानों के अनुसार, आईफोन 15 प्रो के कैमरों में पूरी तरह से नई सेंसर तकनीक होगी जो अधिक रोशनी कैप्चर करेगी और कुछ सेटिंग्स में ओवरएक्सपोजर या अंडरएक्सपोजर को कम करेगी। यूएसबी-सी पोर्ट को भी व्यापक रूप से सभी आईफोन 15 वर्जन में शामिल किए जाने की उम्मीद है, लेकिन सबसे तेज चार्जिंग एप्पल द्वारा प्रमाणित यूएसबी-सी केबल तक ही सीमित होगी। रिपोर्ट में आगे दिखाया गया है कि वॉल्यूम और म्यूट बटन फिजिकल के बजाय हैप्टिक होंगे, जिसमें दो हैप्टिक इंजन सिमुलेटिंग बटन प्रेस के लिए समर्पित होंगे। म्यूट टॉगल अब स्लाइडिंग स्विच नहीं होगा, बल्कि एक हैप्टिक बटन होगा। बैक ग्लास की तरह, स्क्रीन ग्लास में चारों ओर केवल 1.55 मिमी बेजेल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पतले बेजेल्स आईफोन 15 प्रो को उसके पूर्ववर्ती की तुलना में संकरा बना देंगे, क्योंकि स्क्रीन का आकार समान रहेगा। 'हीरो' गहरे रेड कलर के अलावा, फोन व्हाइट, स्पेस ब्लैक और गोल्ड में भी आता है।

## नई सिम खरीदना होगा आसान

# अब ऑनलाइन होगा केवाइसी सत्यापन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
नकली सिम कार्ड की धोखाधड़ी को रोकने के लिए दूरसंचार विभाग नो योर कस्टमर प्रोसेस को बदलने की योजना बना रहा है। साथ ही एक व्यक्ति के नाम पर जारी किए जाने वाले सिम कार्ड की संख्या 5 की जा सकती है। अभी नियम के मुताबिक, एक आइडी पर 9 सिम एक्टिवेट किए जा सकते हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर, असम सहित उत्तर-पूर्व राज्य की आइडी पर 6 सिम एक्टिवेट हो सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, केवाइसी वेरिफिकेशन प्रोसेस को पूरी तरह डिजिटलाइज्ड किया जा सकता है। इसके लिए डिजिटली वेरिफाइड डॉक्युमेंट्स का इस्तेमाल किया जाएगा। यही नहीं, फ्रॉड करने वाले व्यक्ति के पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि, 'फर्जी आइडी के मुद्दे से निपटने के लिए डिजिटल डॉक्युमेंट सत्यापन को अनिवार्य बनाकर मजबूत केवाइसी मेकेनिज्म बनाने पर चर्चा चल रही है।' डॉट की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट विंग सिम कार्ड वेरिफिकेशन के मुद्दे पर काम कर रही है। ये विंग नेशनल वर्किंग ग्रुप की सलाह से 6 महीने के अंदर केवाइसी के नए नियम जारी कर सकती है। नेशनल वर्किंग ग्रुप में आइबीआइओबी मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी शामिल हैं। केवाइसी नॉर्म्स में डॉट दो महीने के अंदर टेलीकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन पोर्टल पैन-इंडिया लॉन्च करने की भी योजना बना रहा है। फिलहाल यह पोर्टल आंध्र प्रदेश, केरल, राजस्थान, तेलंगाना और जम्मू और कश्मीर जैसे राज्यों में सक्रिय है। रिपोर्ट के मुताबिक फर्जी सिम कार्डों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए अक्का प्रयोग किया जा रहा है और टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन के लिए फेशियल रिकॉग्निशन भी सरकार द्वारा पूरे भारत में लागू किया जा रहा है। टीएसएफ़सी को हरियाणा के मेवात में एक पायलट प्रोग्राम के रूप में शुरू किया गया था। टीएसएफ़सी का उपयोग करते हुए सरकार जाली दस्तावेजों का उपयोग कर सिम कार्ड का इस्तेमाल करने वाले लोगों की पहचान आसानी से हो सकती है।

## गूगल 2024 में नेस्ट सिक्योर, ड्रॉपकैम बंद करेगा

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल ने कहा है कि वह 8 अप्रैल 2024 से नेस्ट सिक्योर और ड्रॉपकैम होम सिक्योरिटी सिस्टम के लिए सपोर्ट समाप्त कर देगा। उस तारीख तक सभी मौजूदा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी और उपयोगकर्ता अपने नेस्ट सिक्योर और ड्रॉपकैम का उपयोग वैसे ही जारी रख सकते हैं जैसा कि वे अभी करते हैं। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, सभी सुविधाएं 8 अप्रैल, 2024 तक उपलब्ध रहेंगी। ड्रॉपकैम अब उस तारीख के बाद काम नहीं करेगा और स्टेटस देखने के लिए नेस्ट ऐप का उपयोग नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि वह 29 सितंबर से वर्क्स विद नेस्ट कार्यक्रम को भी बंद कर देगी। गूगल ने 2014 में वर्क्स विथ नेस्ट बनाया था। इस पहल के तहत थर्ड पार्टी के उपकरणों को नेस्ट उत्पादों के साथ जोड़कर और आसानी से काम किया जा सकता था ताकी इंटीग्रेटेड स्मार्ट होम का अनुभव मिल सके। कंपनी ने 2019 में इस प्रोग्राम को बंद करने का फैसला किया था लेकिन इसके लिए सपोर्ट कुछ साल तक बढ़ाया था। गूगल ने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों से वर्क्स विद नेस्ट के लिए सपोर्ट बढ़ाया था। हम आधिकारिक तौर पर वर्क्स विद नेस्ट को 29 सितंबर 2023 को समाप्त कर देंगे।

# दिल्ली में 160 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा नया बस डिपो

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली में 140 बसों की पार्किंग के साथ नया बस डिपो बनाया जा रहा है। 160 करो रुपये की लागत वाला यह बस डिपो दिल्ली के किराड़ी इलाके में बनाया जा रहा है और यह 5.4 एकड़ में फैला होगा। यह आधुनिक बस डिपो ईवी चार्जिंग सुविधाओं सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। दिल्ली सरकार किराड़ी में नया बस डिपो बनाने के लिए 160 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इस राशि में भूमि अधिग्रहण के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को भुगतान किए गए लगभग 40 करोड़ रुपये, डिपो के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को भुगतान किए जाने वाले 40 करोड़ रुपये और डिपो विद्युतीकरण के लिए लगभग 80 करोड़ रुपये शामिल हैं। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को 140 बसों की पार्किंग के लिए बन रहे किराड़ी बस डिपो का शिलान्यास किया। किराड़ी बस डिपो, दिल्ली सरकार की लगातार बढ़ती बसों की संख्या को पार्क करने के लिए पूरे शहर में 9 नए बस डिपो बनाने की योजना का हिस्सा है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि वर्ष 2015 में दिल्ली में 5,842 बसें थीं, जो अब 2023 में बढ़कर 7,379 हो

गई हैं। उनके मुताबिक, हाल ही में दिल्ली को दुनिया में सबसे अच्छे सार्वजनिक परिवहन वाले शीर्ष 35 शहरों में स्थान दिया गया था। दिल्ली में अधिकांश भूमि डीडीए के अधीन होने के कारण डिपो के लिए भूमि एक चुनौती है। यह सरकार की प्रतिबद्धता है कि आने वाले समय में शहर में 10,000 से अधिक बसों को पार्क करने के लिए डिपो के लिए, भूमि पार्सल का इंतजाम कर रही है। किराड़ी डिपो दिल्ली में बनने वाले कुल 9 आधुनिक डिपो में से एक है। दिल्ली सरकार का कहना है कि वह दिल्ली की जनता को आधुनिक परिवहन सुविधाएं प्रदान करना चाहती है। परिवहन मंत्री ने बताया कि जनता को इस डिपो के निर्माण से होने वाले फायदे को देखते हुए हमने इस विश्वस्तरीय आधुनिक बस डिपो के निर्माण के लिए 160 करोड़ रुपये प्रदान करने में कोई संकोच नहीं किया।

## हार्ले-डेविडसन की 'पैन अमेरिका 1250 स्पेशल' भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बाइक मेकिंग कंपनी हार्ले-डेविडसन ने भारत में 'पैन अमेरिका 1250 स्पेशल' एडवेंचर टूरर बाइक को लॉन्च किया है। कंपनी ने इसको एक्स-शोरूम प्राइज 24.49 लाख रुपए में पेश किया है। हार्ले-डेविडसन ने स्टैंडर्ड वैरिएंट को डिस्कंटीन्यू कर दिया है और केवल टॉप-ऑफ-द-लाइन स्पेशल ट्रिम वैरिएंट को लॉन्च किया है। हालांकि कंपनी ने लेटेस्ट बाइक 'पैन अमेरिका 1250 स्पेशल' एडिशन में ज्यादा बदलाव नहीं किया है, जिसके कारण ये अपने पिछले मॉडल से काफी हद तक मिलती-जुलती है। ये एडवेंचर टूरर बाइक अलॉय और स्पोक व्हील्स ऑप्शन के साथ आती है। स्पोक व्हील्स के साथ आने वाली इस बाइक में कंपनी ने ट्यूबलेस टायर दिया गया है, जिसकी कीमत अलॉय व्हील वाली बाइक से 1 लाख रुपए अधिक है। वहीं बायर्स डुअल टोन कलर ऑप्शन के साथ भी बाइक को खरीद सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। डुअल टोन कलर ऑप्शन के साथ आने वाली बाइक की एक्स शो-रूम कीमत 25.19 लाख रुपए है। हार्ले-डेविडसन ने 2023 पैन अमेरिका 1250 स्पेशल बाइक में 1252 का वी-ट्विन लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया है। यह इंजन 8750 फ्फट पर 30 इल्ड की पॉवर और 6750 फ्फट पर 128 टट का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। कंपनी ने इस एडवेंचर टूरर बाइक में 47 टट यूएसडी फ्रंट फोर्क्स सस्पेंशन और पीछे की तरफ इलेक्ट्रॉनिक रूप से एडजस्ट करने वाले सेमी-एक्टिव मोनोशॉक सस्पेंशन दिए गए हैं।

## विदेश

# ईरान में महिलाओं को हिजाब नहीं पहनने पर मिलेगी सजा

### अब सीसीटीवी से होगी निगरानी

**एजेंसी। तेहरान**
ईरान में हिजाब के मसले पर सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। इस अनिवार्य ड्रेस कोड का उल्लंघन करने वाली महिलाओं को पकड़ने के लिए ईरानी अधिकारी सार्वजनिक जगहों पर उठ्ठ्ठ कैमरे लगा रहे हैं। इसके जरिए हिजाब नहीं पहनने वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें सजा दी जाएगी। हालांकि किस तरह की सजा दी जाएगी, इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। पुलिस ने कहा कि उनकी पहचान होने के बाद नियम का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी जाएगी। इस कदम का मकसद हिजाब कानून के खिलाफ हो रहे विरोध को रोकना है। 16 सितंबर 2022 को महसा अमिनी की मौत के बाद से ही ईरान में हिजाब के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। महसा को 13 सितंबर को हिजाब नहीं पहनने के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके बाद अनिवार्य ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तारी का जोखिम उठाते हुए महिलाओं ने देश भर के मॉल, रेस्तरां, दुकानों और सड़कों पर विरोध किया। इनमें अब तक 517 लोग मारे जा चुके हैं।

## बुर्किना फासो में 2 आतंकी हमलों में 44 की मौत

**औगाडौगौ।** उत्तरी बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र में हुए दो आतंकवादी हमलों में कम से कम 44 नागरिक मारे गए हैं। एक क्षेत्रीय सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। साहेल क्षेत्र के गवर्नर लेफ्टिनेंट कर्नल रोडोल्फे सोरघो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने गुरुवार की रात सेतेंगा प्रांत के कम्यून से लगभग पांच किमी दूर स्थित कोराकौ और तोंडोबी के गांवों में घुस गए। राज्यपाल ने आबादी को आश्वस्त किया कि रक्षा और सुरक्षा बलों के नेतृत्व में आक्रमक के बाद क्षेत्र को स्थिर करने की कार्रवाई चल रही थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने स्थानीय आबादी को रक्षा और सुरक्षा बलों के साथ एकजुट होने के लिए भी आमंत्रित किया। 2015 से पश्चिम अफ्रीकी देश में असुरक्षा ने कई लोगों की जान ले ली है और हजारों को विस्थापित कर दिया है।

# रूस से 31 बच्चे यूक्रेन लौटे

### मां-बाप से लिपटकर रोने लगे, बोले- हमें जानवरों की तरह रखा जाता था

**एजेंसी। कीव**
जंग के दौरान यूक्रेन से अपहरण या डिपोर्ट कर रूस ले जाए गए कई बच्चे शनिवार को अपने परिवार के पास लौट गए। एक लंबे ऑपरेशन के बाद यूक्रेन में 31 बच्चे अपने मां-बाप के पास पहुंचे। इन बच्चों को जंग के बीच रूस या रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में डिपोर्ट कर दिया गया था। कीव पहुंचते से ही मांओं ने अपने बच्चों को गले से लगा लिया। चार देशों की यात्रा करके यूक्रेन पहुंचे इन बच्चों को बचाने के पीछे ठ्ठ्ठ ग्रुप सेव यूक्रेन का हाथ है। पिछले एक साल में वो ऐसे 95 बच्चों को रेस्क्यू कर चुका है। महीनों बाद अपने घर लौटे बच्चे अपने माता-पिता से मिलते ही रोने लगे। इस दौरान परिवार वालों की आंखों में भी आंसू थे। रेस्क्यू किए गए 31 बच्चों में शामिल 13 साल की एक लड़की दशा रक्क ने बताया- पिछले साल जंग शुरू होने के बाद

मैं और मेरी बहन रूसी कब्जे वाले खेरसॉन को छोड़कर कुछ हफ्तों के लिए क्रीमिया में एक हॉलि-डे कैंप चले गए। कुछ दिन तक वहां रहने के बाद एक दिन रूसी अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को ज्यादा समय के लिए रोका जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमें कुछ परिवार गोद लेंगे। हमें जैसे ही इसका पता चला तो हम सब रोने लगे और घर वापस भेजे जाने की गुहार लगाने लगे। दशा की मां ने बताया कि अपने बच्चों को वापस लाने के लिए वो यूक्रेन से पोलैंड, बेलारूस और मॉस्को होते हुए क्रीमिया पहुंची थीं। इस दौरान वो कई रातें तक सो नहीं पाई थीं। क्रीमिया में फेंसिंग के पीछे रोते हुए मासूमों को छोड़ना उनके लिए दुखद था। रूस ले जाए गए बच्चों को बचाने के लिए पांचवां ऑपरेशन चला रहे सेव यूक्रेन ठ्ठ्ठ ने पिछले महीने भी 18 बच्चों को रेस्क्यू किया था। कीव पहुंचने के बाद बच्चों ने बताया कि उन्हें कॉकरोच और चूहों के बीच में रखा जाता था।

## फिलीपींस में आग लगने से 7 की मौत, 60 से अधिक परिवार बेघर

**मनीला।** फिलीपींस के रिजाल प्रांत में एक आवासीय समुदाय में आग लगने से दो साल की एक लड़की और 12 साल के एक लड़के सहित सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तायटे कस्बे में शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात 10 बजे से पहले आग लग गई और घने आबादी वाले इलाके में तेजी से फैल गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग में 40 से ज्यादा घर जलकर खाक हो गए। पुलिस के अनुसार, पीड़ित अपने घरों में फंस गए थे और शव रसोई के फर्श और बाथरूम के अंदर पाए गए। आग ने 60 से अधिक परिवारों को बेघर कर दिया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

## चीन ने ताइवान की ओर दर्जनों युद्धक विमान भेजे

**ताईपेई।** चीन ने रविवार को भी लगातार दूसरे दिन सैन्य अभ्यास के लिए ताइवान की ओर दर्जनों युद्धक विमान भेजे। ताईवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के अमेरिका दौरे के दौरान यूएस हाउस के स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मुलाकात के प्रतिशोध में ये अभ्यास शुरू किया गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह चीन के मिसाइल बलों की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। अमेरिका ने भी कहा कि वह भी अलर्ट पर है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने रविवार सुबह ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में लड़ाकू जेट, टोही विमान और ईंधन भरने वाल सहित 58 युद्धक विमान भेजे। 31 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया जो ताइवान और चीन के बीच ताइवान जलडमरूमध्य में वास्तविक सीमा है। ताइवान के मंत्रालय ने कहा कि गतिविधि ने हिंद-प्रशांत शांति और स्थिरता का गंभीर उल्लंघन किया है, और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्थाओं पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसने अन्य देशों से चीन के कार्यों के खिलाफ बोलने का आग्रह किया।

### लोग परेशान

## चीन के पावर प्लांट से निकल रहा है एसिड, कई बच्चों को हो चुकी है स्किन डिसीज

# श्रीलंका में महाबोधि पेड़ को जहरीली गैस से खतरा

**एजेंसी। कोलंबो**
चीन की फंडिंग वाले नोरोचोलाई कोल पावर प्लांट से निकलने वाला जहरीला एसिड दुनिया के सबसे पुराने श्री महाबोधि पेड़ के लिए खतरनाक हो सकता है। इलाके में सर्वे करने के बाद इकोलॉजिस्ट ने बताया कि पावर प्लांट से निकलने वाले एसिडिक क्लाउड अनुराधापुरा की तरफ बढ़ सकते हैं, जहां महाबोधि पेड़ स्थित है। पावर प्लांट के आसपास मौजूद पेड़ों में पहले ही इसके लक्षण नजर आने लगे हैं। जहरीली गैस के चलते कुछ ऊंचे पेड़ों के पत्ते पीले पड़ चुके हैं। इलाके में रहने वाले कई बच्चों को स्किन डिसीज भी हो चुकी हैं। नोरोचोलाई प्लांट श्रीलंका का सबसे बड़ा थर्मल पावर प्लांट है। 900टह के इस प्लांट से तय मानक से ज्यादा इमिशन दर्ज किया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्लांट में अक्सर ब्रेकडाउन की दिक्कत रहती है। वहीं प्लांट से निकलने वाले अवशेष फ्लाई ऐश और बॉटम ऐश को एक खुले गड्ढे में स्टोर किया जाता है। ये पावर प्लांट से निकलने वाले बाय-प्रोडक्ट्स हैं। खुले गड्ढों में रखे जाने के चलते ये हवा के साथ आसपास के इलाकों में पहुंच जाते हैं जिससे कई बच्चों में स्किन संबंधी बीमारियां हो चुकी हैं। इसके अलावा पावर प्लांट से निकलने वाले गर्म पानी के चलते बढ़ी मात्रा में सॉलिड, हीट और वॉटर वेस्ट भी बढ़ता है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। ये एसिडिक कंडीशन धीरे-धीरे समुद्री क्षेत्र की तरफ भी बढ़ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन की सिनोपेक कंपनी ने श्रीलंका के हंबनटोटा में निवेश करने की बात कही है। कंपनी के अधिकारियों और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के बीच एक मीटिंग के बाद देश के मीडिया डिविजन ने इसकी घोषणा की। कोलंबो गजट के अनुसार, पहले भी चीनी प्रोजेक्ट्स के चलते कई बार महाबोधि पेड़ के लिए खतरा पैदा हो चुका है। वहीं श्रीलंका को कर्ज देने की आइएमएफ की शर्तों को मंजूरी देने के बाद चीन जल्द ही यहां वापसी करने वाला है। चीन श्रीलंका के पोर्ट्स और एनर्जी सेक्टर में अपने निवेश को बढ़ाना चाहता है। श्रीलंका की पिछली सरकार ने चीन के बनाए गए 1.5 अरब डॉलर के हंबनटोटा पोर्ट को 99 साल की लीज पर राज्य के स्वामित्व वाली फर्मों को पट्टे पर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने पोर्ट के चारों तरफ 15 हजार एकड़ का इंडस्ट्रियल जोन बनाने का भी वादा किया था जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। आशंका ये भी है कि श्रीलंका को अरबों डॉलर के कर्ज और निवेश के जरिए चीन हंबनटोटा में एक मिलिट्री बेस बनाने की योजना पर काम कर रहा है। श्रीलंका के उत्तर पश्चिमी प्रांत

में बना नोरोचोलाई पावर प्लांट अनुराधापुरा में श्री महाबोधि वृक्ष से लगभग एक घंटे की दूरी पर है। महाबोधि पेड़ दुनिया का सबसे पुराना पेड़ है जिसका लिखित इतिहास मौजूद है।

## उग्रवादियों ने सीरिया से इजराइल की ओर दागे तीन रॉकेट : सेना

**यरुशलम। सीरिया** में आतंकवादियों ने शनिवार रात उत्तरी इजराइल की ओर तीन रॉकेट दागे। इजराइली सेना ने कहा कि यह क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सीरिया की ओर से एक दुर्लभ हमला है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेना द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, केवल एक रॉकेट इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में घुसा और एक खुले क्षेत्र में गिरा। हालांकि किसी के घायल होने या क्षति की रिपोर्ट नहीं है। इजराइली सेना ने गुरुवार और शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान और गाजा पट्टी पर हमला किया, क्योंकि इजराइल ने हमास और अन्य आतंकवादी समूहों पर इजराइल पर दर्जनों रॉकेट दागने का आरोप लगाया। नवीनतम तनाव अल-अक्सा मस्जिद परिसर, मुसलमानों के तीसरे सबसे पवित्र स्थल पर इजराइल के छापे से शुरू हुआ था।

## 2 आईएस आतंकवादी मारे गए, एक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान के निमरोज प्रांत में रविवार को आईएस के दो आतंकवादी मारे गए, जबकि एक अन्य आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक मुफ्ती हबीबुल्लाह एलहम ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ के साथ बातचीत के दौरान यह पुष्टि की। उन्होंने कहा कि विशेष बलों की इकाइयों ने आज सुबह जरंज शहर में पुलिस जिला 3 के सैयदाबाद इलाके में खवरेज (आईएस समूह के संदर्भ में) के एक ठिकाने पर हमला किया जिसमें दो विद्रोही (आतंकी) मारे गए और एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

ज्ञान की बात

**मनुष्य जब पहले बार किसी से मिलता है तो उसके उस रूप और स्थिति को स्वीकार कर लेता है। उसके पश्चात उसके विकास और परिवर्तित आचरण को स्वीकार करना नहीं चाहता। जब किसी ऐसे व्यक्ति का महत्व स्वीकार करने का अवसर आता है तो उसे स्वीकार करने के स्थान पर वह उससे ईर्ष्या करने लगता है। यहीं तक रहे तो भी ठीक है, किंतु जब वह इसी कारण से किसी का शत्रु हो जाए और उसके प्राणों का हरण करना चाहे तो वह अधर्म और अपराध की ओर झुक जाता है...तब उसका प्रतिशोध करना पड़ता है। -ठाकुर जी**

# विपक्षी एका

***शरद*** पवार को मराठा क्षत्रप यूं ही नहीं कहा जाता है। वह भारी-भरकम शब्दों का इस्तेमाल करते हैं और उनके हर लफ्ज में गूढ़ सियासी अर्थ छिपे रहते हैं। दो दिन उनकी एक टिप्पणी ने विपक्ष का बंटाधार कर दिया। इतने दिनों से जिस विपक्षी एका के लिए नीतीश से लेकर तमाम लोग चाय पी रहे थे, अपने आपको को एक चेहरे के रूप में प्रकट करने की कोशिश में लगे हुए थे, पवार की एक टिप्पणी ने सभी को धराशायी कर दिया। पवार ने सिर्फ दो बातें कहीः पहली यह कि अडाणी-अंबानी के देश के प्रति योगदान को याद किया जाना चाहिए और दूसरी यह कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस ही अडाणी मामले में बेहतरीन काम कर सकेंगे। इन दो पंक्तियों ने विपक्षी एका की हवा निकाल कर रख दी। विपक्षी नेताओं की सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि वे किसी भी सूरत में एक साथ, खास कर कांग्रेस के साथ आने को तैयार नहीं हैं। राजद के लालू हों या फिर जदयू के नीतीश, केसीआर हों या शरद पवार या फिर उद्धव ठाकरे हों या अखिलेश, इन्हें कांग्रेस स्वीकार्य नहीं है। खास कर बसपा को रत्ती भर नहीं। दरअसल, आम आदमी पार्टी से लगायत टीएमसी हो या फिर द्रमुक, ये कांग्रेस के विरोध पर ही अपनी सियासी दुकानदारी चला रहे हैं। आपको भूलना नहीं चाहिए कि आज से एक दशक पहले किस भाषा का इस्तेमाल करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के दर्जनों सांसदों को करप्ट नंबर एक का खिताब दे दिया था। ऐसे में आज की तारीख में अगर आप कांग्रेस के साथ भी आना चाहे तो न तो आप के वर्कर और न ही कांग्रेस के वर्कर इसे पचा पाएंगे। ऐसे ही, टीएमसी के बनने का कारण भी कांग्रेस के प्रति नकारात्मकता और असंतोष की ही भावना थी। अन्यथा, जिस कांग्रेस का झंडा ढोती हुई ममता बनर्जी के शरीर के प्रायः अंगों को वामपंथी सरकार की पुलिस ने चोटिल किया, वह भला तृणमूल कांग्रेस बनाती ही क्यों? यह सियासत है और इसमें किसी का कोई ईमान-धर्म नहीं होता। सभी लोग अपना-अपना फायदा देखते हैं। आपने महसूस किया होगा कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में मायावती पहले से ही सीबीआई और ईडी के फेरे में फंसी हुई हैं। लिहाजा, तमाम दिक्कतों के बावजूद वह केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कुछ नहीं बोलतीं। बोलने के लिए नीतीश बोलते रहे हैं पर इन दिनों वह भी चुप हैं। वह पलटने में भी माहिर हैं। राजद के लोग बोलते हैं पर एक राज्य से बाहर उनके बोलने और न बोलने का कोई अर्थ नहीं। शरद पवार भी एक दौर में सीधे या परोक्ष तरीके से मोदी पर निशाना साधते रहे पर उन्होंने भी अब सारे तीर तरकश में रख लिए हैं। उनके भतीजे, अजीत पवार जरूर एक कदम आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने मोदी सरकार की मुक्तकंठ से तारीफ कर दी। उनकी तारीफ के अलग-अलग अर्थ लगाए जा रहे हैं और आइंदा भी लगाए जाते रहेंगे। दरअसल, विपक्ष का ढोल अभी बना ही नहीं है लेकिन उसे बजाने वाले कई लोग आगे आ गए हैं। विपक्षी एका की बात तो जरूर हो रही है पर ऐसा हो पाएगा, यह फिलहाल तो मुश्किल ही लग रहा है क्योंकि पवार के एक बयान से जब विपक्ष बगलें झांकने लगा है तो अब तो पवार और उनके भतीजे भी प्रधानमंत्री की तारीफ करने में पीछे नहीं रहे। फिर इस विपक्षी एका की कमान को कौन संभालेगा? और, अगर संभाल भी लिया तो इस बात की क्या गारंटी है कि उसे अमली जामा पहना ही दिया जाएगा। वैसे भी, विपक्ष जिनके विरुद्ध लामबंदी की कोशिश कर रहा है, वो तो हाथ पर हाथ धरे बैठेंगे नहीं। भाजपा एक बार फिर से आक्रामक तेवर अपनाने जा रही है। आने वाले दिनों में सियासी घटनाक्रम तेजी से बदलने की उम्मीद है।

**विपक्षी एका के लिए नीतीश से लेकर तमाम नेता लोग चाय पी रहे थे, अपने आपको को एक चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश में लगे हुए थे...पवार की एक टिप्पणी ने सभी को धराशायी कर दिया।**

# एकसमान विचारधारा ही विपक्षी एकता में बड़ी बाधा

यशोदा श्रीवास्तव

***लोकसभा*** चुनाव की कसरत के बीच भाजपा के खिलाफ समान विचारधारा वाले दलों के एक साथ आने की भी चर्चा चलती रहती है। अभी फिलहाल विपक्ष के ऐसे 19 दल सामने आये हैं जिनके एक साथ आने की संभावना है। चुनाव आते आते इसमें एकाध दलों के बिछड़ने और जुड़ने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। इस बीच एक सवाल यह है कि यह 'समान विचारधारा' है क्या! अभी तक विपक्षी दलों के मंच को लेकर यह राय नहीं बन पाई है कि इसमें कांग्रेस की भूमिका क्या हो? बताने की जरूरत नहीं कि गैर कांग्रेस विपक्षी दलों में कांग्रेस को लेकर एक राय नहीं है। इस तरह 'समान विचारधारा' का मतलब जहां तक मैं समझ पा रहा हूं,वह मेढकों का ऐसा झुंड है जिसे एक पलड़े में एक साथ रख पाना मुश्किल ही नहीं न मुमकिन है। आज के राजनीतिक हालात में भाजपा की यही सबसे बड़ी ताकत है। इस ताकत के सामने भला मेढकों का यह झुंड कहां टिक पायेगा? ऐसे में फिर एक सवाल सामने है कि अकेले कांग्रेस क्या कर पायेगी? एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग को खारिज कर विपक्षी एकता को भरपूर पलीता लगाया है। हालांकि दूसरे ही दिन मराठा छत्रप शरद पवार एक दिन पहले के दिए अपने बयान को संशोधित कर दूसरा बयान दिया है लेकिन उनके पहले के बयान से यह संदेश जहां तक पंहुचाना था पंहुच चुका कि कांग्रेस और शरद पवार के बीच 'समान विचारधारा' में कितनी समानता है। केवल शरद पवार ही क्यों, नितिश कुमार, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे समेत कई सारे विपक्षी दलों के नेताओं की विचारधारा कांग्रेस से भिन्न है, ऐसे में 'समान विचारधारा' का गुब्बारा उड़ान भरने के पहले ही फुस्स होने की संभावना प्रबल है। अडानी, चीन, डिग्री, डुबते बैंक, लाखों करोड़ों के साथ फरार गुजरातियों जैसे मसले को लेकर भाजपा की परेशानी और बेचैनी भी साफ दिख रही है। इसमें दो राय नहीं कि कांग्रेस के एक साथ इन सब आरोपों की तीर से भाजपा चोटिल हुई है लेकिन 'समान विचारधारा' वाले तमाम दल भाजपा पर कांग्रेस के इन आरोपों से इत्तेफाक नहीं रखते। भाजपा के सूरमा प्रवक्ता जब कांग्रेस के आरोपों का बचाव करने में विफल सिद्ध हुए तो भाजपा ने गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया सरीखे पूर्व कांग्रेसी नेताओं का कांग्रेस पर वार के लिए इस्तेमाल करने का अंतिम अस्त्र इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। गुलाम नबी आजाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस के सत्ता में रहने तक मलाई दार पदों पर रहे हैं और अब जब कांग्रेस अपने वजूद के लिए लड़ रही है तो गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस डूबती जहाज दिख रही है और ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो कांग्रेस की विचारधारा ही देश विरोधी दिखने लगी। भाजपा ने जिस तरह कांग्रेस पर कांग्रेसी तीर का इस्तेमाल शुरू किया है, उससे ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में भाजपा कांग्रेस छोड़ भाजपा में गये आरपीएन सिंह, डा.संजय सिंह, जतिन प्रसाद, जगदंबिका पाल, राज कुमारी रत्ना सिंह, राय बरेली की अदिती सिंह समेत सबके सब पूर्व कांग्रेसियों को राहुल गांधी के खिलाफ उतार सकती है। यहां एक बात गौर करने की है कि कांग्रेस के पराभव काल में जितने भी नेता कांग्रेस छोड़ भाजपा में गये हैं सबके सब राजा रजवाड़े परिवारों से रहे हैं और ये सब बिना सत्ता के नहीं रह सकते। इन परिवारों के राजनीति में आने की मंशा अपनी चल अचल संपत्तियों की सुरक्षा करनी थी। दुर्भाग्यवश कांग्रेस ने ही इन सबको पाला पोसा। वंशवाद परंपरा से ये राजनीति में आये और कांग्रेस के बड़े नेता बन गये। गुलाम नबी आजाद का तो उनके विधानसभा क्षेत्र कश्मीर के डोडा में ही खास वजूद नहीं है। 1977 के विधानसभा चुनाव में जनाब को चार सौ से भी कम वोट मिले थे फिर भी कांग्रेस ने इन्हें खूब तवज्जो दिया। राजनीतिक हैसियत जनाब की यह है कि वे अपने सूबे में सिर्फ एक बार अनंतनाग लोकसभा सीट से गठबंधन में जीत पाये थे। कांग्रेस में रहते वक्त ज्यादा तर राज्यसभा में रहे और इस दौरान शायद ही कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय हो जिसकी शोभा ये न बढ़ाये हों। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के भी करीब रहे। गांधी परिवार से जुड़ा ऐसा शख्स यदि यह कहे कि कांग्रेस डूबती जहाज है तो सोचिये इस शख्स की मानसिकता कैसी है। यह शख्स किसी अन्य पार्टी में क्या भरोसे लायक है? यही हाल श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी रहा है। पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की आकस्मिक निधन के बाद मात्र 27 साल की उम्र में गुना सीट से उपचुनाव के लिए खुद सोनिया गांधी ने जिसका नामांकन पत्र भरवाया हो, उस शख्स को आज कांग्रेस की विचारधारा ही देश विरोधी लगने लगी है। यह तो इस का शख्स का कबूलनामा है कि वह स्वयं लंबे समय तक देश विरोधी विचारधारा वाली पार्टी में रहते हुए देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा। कांग्रेस से जितने भी राजे रजवाड़े पार्टी छोड़ भाजपा में गये हैं, सबकी कांग्रेस में खास अहमियत रही है और दस जनपथ का दरवाजा उनके लिए सदैव खुला रहता था। लोकसभा चुनाव आते आते कांग्रेस को कितने लोग अलविदा कहेंगे, कहना मुश्किल है। लेकिन ऐसा होगा, इसलिए कि कुछ न कुछ विपक्षी दलों के साथ कांग्रेस का गठबंधन तय है ऐसे में टिकटों के बंटवारे को लेकर मुश्किलें भी तय है। अचरज की बात है कि कारण जो भी हो, कांग्रेस में टिकट को लेकर लाइन अभी भी लंबी रहती है, ऐसे में तमाम खास नेताओं के टिकट पर ग्रहण भी तय है फिर वे क्या करेंगे, जाहिर है कांग्रेस पर बड़ा से बड़ा तोहमत लगायेगे और दूसरी पार्टी में दाखिल हो जायेंगे। इधर विपक्षी एकता को लेकर गैर कांग्रेस दलों में कांग्रेस को लेकर असमंजस दूसरे 'समान विचारधारा' की अपनी अपनी परिभाषा! इन सब हालातों को देख कह पाना मुश्किल है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस खुद को कहां खड़ा पायेगी? फिर भी आशा की एक किरण कश्मीर से आई है जहां विपक्षी एकता को लेकर फारुख अब्दुल्ला ने कहा है कि उम्मीद रखिये कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक मजबूत मोर्चा बनेगा, जरुर बनेगा! 2024 के लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक ऐसे गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा के प्रसव की भी चर्चा है जो इस निर्णय को लेकर कंफ्यूज है कि वह चुनाव के दरम्यान किसके साथ हो? बताने की जरूरत नहीं है कि विपक्षी दलों के नेतृत्व के कुछ ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने सत्ता में रहकर भारी संपत्ति बनाई है। कुछ चेहरे ऐसे भी हैं, कहने को उनके आगे पीछे भले न कोई हो लेकिन सत्ता में रहते उन्होंने भाई भतीजे को मालामाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जाहिर है आज की राजनीति के दौर में जब सत्ता के लिए ईडी, सीबीआई, आईटी का इस्तेमाल किया जा रहा हो तब ऐसे लोग सत्ता के खिलाफ किसी गठबंधन के साथ खुलकर कैसे आ सकते हैं? ऐसे लोगों को चूंकि जनता के समक्ष अपनी छवि भी चमकाये रखना है इसलिए यदा कदा, विपक्षी गठबंधन का राग अलापते रहते हैं।

**गुलाम नबी आजाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस के सत्ता में रहने तक मलाईदार पदों पर रहे हैं और अब जब कांग्रेस अपने वजूद के लिए लड़ रही है तो गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस डूबती जहाज दिख रही है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें मां गंगा की कथा

***गंगा*** ने सभी उचित नियमों से राधा की पूजा करके बैकुण्ठ के लिए प्रस्थान किया। जब गंगा बैकुण्ठ को चली गई तब ब्रह्माजी भी बैकुण्ठ पहुंचे और जगत्प्रभु श्रीहरि को प्रणाम करके कहने लगे भगवन! श्रीराधा और श्रीकृष्ण के अंग से प्रकट हुई ब्रह्मद्रव- स्वरूपिणी गंगा इस समय एक देवी के रूप में सुशोभित है। प्रभो ! आप से मेरी प्रार्थना है कि आप सुरेश्वरी गंगा को अपनी पत्नी बना लीजिए। सभी पुरुष प्रकृति से उत्पन्न हुए हैं और स्त्रियां भी उसकी कला है। केवल आप भगवान विष्णु ही प्रकृति से परे निर्गुण ब्रह्म हैं। परिपूर्णतम श्रीकृष्ण स्वयं दो भागों में विभक्त हुए। आधे से तो दो भुजाध री श्रीकृष्ण बने रहे और उनका आधा अंग आप चतुर्भुज श्रीहरि के रूप में प्रकट हो गया । इसी प्रकार श्रीकृष्ण के वामांग से उत्पन्न हुई राधा भी दो रूपों में परिणित हुई। दाहिने अंश से वे स्वयं रही और बायें अंश से लक्ष्मी का प्रकट्य हुआ । अतः ये गंगा आपको ही वरण करना चाहती है क्योंकि आपके महाभाग ब्रह्मा ने गंगा को भगवान श्रीविष्णु के पास बैठा दिया। फिर स्वयं श्रीहरि ने विवाह के नियमानुसार गंगा को ग्रहण कर लिया और वे उसके प्रियतम पति बन गए। जो गंगा पृथ्वी पर पधार चुकी की थी वह भी समय अनुसार अपने उस स्थान पर पुनः आ गई। भगवान के चरण कमलों से प्रकट होने के कारण गंगा जी विष्णुपदी नाम से प्रसिद्ध हुई। तब से गंगा मां को विष्णुपदी नाम से जाना जाने लगा। श्रीनारायण जी बोले - विष्णु जी के सान्निध्य में रहने वाली यही गंगा और सरस्वती अभिशप्त होकर भारत में नदी रूप में बहती है। इन नदियों का सेवन करने वाले इस जन्म में गुणी और विद्वान बनते हैं तथा मरणोपरान्त बैकुण्ठ प्राप्त करते हैं। प्रतिदिन गंगा में स्नान करने वाला गर्भवास के संकट से भी मुक्त हो जाता है। श्रीनारायण के इस कथन को सुनकर नारद जी ने अपनी उत्सुकता न रोक पाते हुए पूछा- दोनों दिव्य देवियों गंगा और सरस्वती का विवाद किस कारण से हुआ यह आप मुझे सुनाने की कृपा करे।

(क्रमशः)

# महात्मा गांधी से मोदी तक रेडियो का अभिनव प्रयोग

मनोज कुमार

***रेडियो*** अपने जन्म से विश्वसनीय रहा है। सुभाष बाबू का रेडियो आजाद हिन्द हो या आज का ऑल इंडिया रेडियो। प्रसारण की तमाम मर्यादा का पालन करते हुए जो शुचिता और सौम्यता रेडियो प्रसारण में है, वह और कहीं नहीं। मौजूं सवाल यह है कि रेडियो प्रसारण सेवा का आप कैसे उपयोग करते हैं? इस मामले में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो अभिनव प्रयोग किया है, वह अलहदा है। गांधीजी ने रेडियो को शक्तिशाली माध्यम कहकर संबोधित किया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे चरितार्थ कर दिखाया। संचार के विभिन्न माध्यमों के साथ मोदी का दोस्ताना व्यवहार रहा है लेकिन रेडियो प्रसारण के साथ वे मन से जुड़ते हैं। मन से मन को जोड़ने का उपक्रम 'मन की बात' के सौ एपिसोड पूरे होने जा रहे हैं तो इसके प्रभाव को लेकर कुछ चर्चा किया जाना सामयिक है। कहने को सौ एपिसोड बहुत आसान सा लगता है लेकिन देखा जाए तो यह एक कठिन टास्क है जिसे मोदीजी जैसे व्यक्ति पूरा कर सकते थे और किया भी। 'मन की बात' शीर्षक को लेकर लोगों को लगने लगा कि वे अपने मन की बात कह रहे हैं लेकिन 'मन की बात' कार्यक्रम का कोई भी एपिसोड सुन लीजिये और विषयों की विविधता मिलेगी। एक तंत्र विकसित किया गया जो देश के अनजाने और दूरदराज इलाकों में अपने काम से कामयाबी हासिल करने वालों से प्रधानमंत्री सीधे बात करते हैं। उनके कार्यों के बारे में जानते हैं और अपनी आपसी चर्चा के बीच उस कामयाबी के रास्ते को समझने की कोशिश करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में देशभर से लाखों की तादाद में जुड़े श्रोताओं को न केवल नई जानकारी मिलती है बल्कि उन्हें भी कुछ नया करने का हौसला मिलता है। इसे ही मैंने मन से मन को जोड़ने वाला कार्यक्रम 'मन की बात' कहा है। शुरूआती दौर में रेडियो सामान्य दिनचर्या का एक हिस्सा था। देश और दुनिया से जोड़े रखने का भी यही एक माध्यम था। मोबाइल का दौर आया और रेडियो बाजार से गायब हो गये। हालांकि संचार की इस दौड़ में बने रहने के लिए रेडियो बन गये अब मोबाइल रेडियो। लेकिन वर्ष 2014 के बाद मोबाइल रेडियो में बड़ा बदलाव देखा गया जब 03 अक्टूबर, 2014 को ऑल इंडिया रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया कार्यक्रम 'मन की बात'। कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब कुल 98 एपिसोड प्रसारित किये जा चुके हैं। इस कार्यक्रम की शुरूआत करने का मकसद भारत में एक बार फिर लोगों का ध्यान रेडियो की ओर लाना तो था ही साथ ही जनता से रेडियो के जरिए संवाद कर जनता के मुद्दों पर बातचीत करना भी था। इसका असर यह हुआ कि जहां जनता पहले तक खास मौकों पर ही रेडियो सुना करती थी वही प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के शुरू होने के बाद तक भी जनता इस कार्यक्रम से जुड़ी हुई है। 'मन की बात' में मोदी जी अपनी मन की बात कम करते हैं और लोगों के मन की बात ज्यादा सुनते हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते हुए मुझे एक छोटी सी कहानी का स्मरण हो आता है। यहां इस कहानी का उल्लेख करना समीचीन होगा। बात यूं है कि एक बंद ताला पड़ा हुआ था और उसके पास एक छोटी सी चाबी और एक भारी-भरकम हथौड़ा भी। बंद ताले को खोलने के लिए हथौड़े ने अपनी पूरी ताकत लगा दी और परास्त होकर वहीं बैठ गया। इतने में छोटी सी चाबी बंद ताले के दिल में प्रवेश हुई और ताला खुल गया। भारी-भरकम हथौड़े के लिए यह रहस्य की बात थी। उसने चाबी से पूछा कि मैं इतना वजनदार होने के बाद भी ताला नहीं खोल पाया और तू इत्ती सी चाबी ताले को खोल दिया। यह कैसे हुआ? ताले की तरफ मुस्कराती हुई चाबी ने कहा कि किसी के दिल को खोलने के लिए उसके दिल में उतरना पड़ता है और वही मैंने किया।

**गांधीजी ने रेडियो को शक्तिशाली माध्यम कहकर संबोधित किया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे चरितार्थ कर दिखाया। संचार के विभिन्न माध्यमों के साथ मोदी का दोस्ताना व्यवहार रहा है।**

संचार माध्यम

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Ramvir Singh Bidhuri
@RamvirBidhuri

•शिक्षा की क्रांति के झूठे दावे के साथ शिक्षकों का कर रहे शोषण।
•केजरीवाल सरकार शिक्षकों को नहीं दे रही पूरा वेतन।
•वेतन की मांग करने पर किया जा रहा है सौतेला व्यवहार।

## फेसबुक वॉल से

Babulal Marandi
15 h

इतिहास को याद करिये हेमंत सोरेन जी।
पशुपालन घोटाला हो रहा था तो जिन अफ़सरों को लालू प्रसाद ने बचाने का प्रयास किया उनमें से ही कई गवाह बन गये। परिणाम हुआ कि चारा घोटाला में लालू जी जेल जाते, क़ानूनी लड़ाई लड़ते और सजा काटते हुए जवान से बूढ़े हो कर व्हील चेयर पर आ गये।

आज भी उनका जीवन कोर्ट कचहरी में ही बीत रहा है।

उनका ये हाल कांग्रेस के शासन में ही हुआ क्योंकि न्यायालय उस जाँच को मोनिटर कर रहा था।

याद रखिये, देश का क़ानून इतना सशक्त है कि गुनहगार चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो, देर-सबेर उसे सजा देता ही है। फिर आप आप अपने गुनाहों से कैसे बच पायेंगे? यक़ीन न हो तो यूपी वाले मुख़्तार अहमद को ही देख लीजिये कि आज क्या हालत हो रही है?

# शिवराज चौहान जी! आपके वादे अच्छे हैं

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***मध्य*** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर अक्सर विपक्षी खासकर कांग्रेस उन्हें घोषणावीर कहकर उनका मजाक उड़ाने का प्रयास करती है। चुनाव आने के पूर्व कभी ऐसा नहीं हुआ कि कांग्रेस ने उनकी घोषणाओं को लेकर सड़कों पर बवाल न किया हो। किंतु जब आप शिवराज चौहान की घोषणा करने की नीयत को लेकर गहराई से पड़ताल करते हैं, तब यही निष्कर्ष निकलता है कि ''न केवल मुख्यमंत्री शिवराज की घोषणाएं करने का अंदाज निराला है बल्कि ये वादे अच्छे हैं। ''आप विचार करें, आखिर मुख्यमंत्री की घोषणाओं को पूरा करने का कार्य किसका है? मुख्यमंत्री जो घोषणाएं करते हैं वे किसके लिए हैं ? ऐसे में जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जब आरोप लगाते हैं कि शिवराज सिंह चौहान लगातार झूठी घोषणाएं कर रहे हैं, वे घोषणा और आश्वासन के नशे में हैं। इन दिनों प्रदेश में आश्वासन और घोषणाओं के मिशन पर वे निकले हुए हैं। तब अवश्य यह समीक्षा करने का विषय बन गया है। नियमानुसार जब मुख्यमंत्री कोई घोषणा करते हैं, उससे पहले संबंधित विभाग अपनी पूरी तैयारी करता है। वह मुख्यमंत्री को सही तथ्यों के अवगत कराता है और बताता है कि फलां कार्य किया जाना संभव है और फलां नहीं। फिर इन घोषणाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी भी विभागों की होती है। सरकार का कार्य है कि उसके लिए आवश्यक धन मुहैया कराये। बजट में योजना के अनुसार आर्थिक प्रावधान करे। यहां इस संदर्भ में आज मध्य प्रदेश में सरकार के कार्यों और मुख्यमंत्री शिवराज द्वारा की गई घोषणाओं को रखकर देखें। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा अपने चौथे कार्यकाल में की गई रिकार्ड दो हजार 383 घोषणाओं में से 48 प्रतिशत को आज पूरा किया जा चुका है। 1188 घोषणाएं ऐसी चिह्नित की गईं जिन पर अभी कार्य चल रहा है। जिन विभागों में लंबित घोषणाएं होने की बात कही जा रही है उनमें नौ विभाग मुख्य रूप से सामने आए हैं, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, स्कूल शिक्षा, राजस्व, संस्कृति, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा और सामान्य प्रशासन। उस पर भी इन सभी में तेज गति लाने के लिए भाजपा सरकार अत्यधिक सक्रिय नजर आ रही है। लंबित घोषणाओं की समीक्षा कर विभागों को 30 अप्रैल तक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। तय किया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई सभी योजनाओं को श्रेणीबद्ध तरीके से पूर्ण करना है। मॉनिटरिंग के लिए अफसरों का जिम्मा भी निश्चित कर दिया गया है। यह इसी भाजपा सरकार की हिम्मत है जिसने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की दीर्घकालीन योजनाओं पर विशेष फोकस किया गया। न केवल इनकी घोषणा करने में उन्होंने संकोच किया बल्कि इसके लिए आवश्यक संसाधन भी लगातार जुटाने का प्रयास जारी है। इसे आप हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने एवं छोटे शहरों का कायाकल्प स्मार्ट सिटी बनाने के रूप में देख सकते हैं। यह घोषणाओं का ही परिणाम है कि पिछले कुछ सालों में मध्य प्रदेश की स्थिति देश के अन्य राज्यों में खासकर बड़े राज्यों में लगातार सुदृढ़ हुई है। विचार किया जा सकता है कि यदि ये घोषणाएं हुई ही नहीं होती तो क्या यहां इतना कार्य जमीन पर साकार हो पाता? मुख्यमंत्री शिवराज की घोषणाओं का यह तेज परिणाम ही है कि आर्थिक और वित्तीय दृष्टि से मध्य प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगतिरत है। राजस्व संग्रहण और पूंजीगत व्यय में वृद्धि लगातार जारी है। प्रदेश की औद्योगिक विकास दर भी बढ़ी है। प्रदेश की आर्थिक वृद्धि दर अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2022-23 में 16.43 प्रतिशत रही ।

**शिवराज सिंह द्वारा अपने चौथे कार्यकाल में की गई रिकार्ड दो हजार 383 घोषणाओं में से 48 प्रतिशत को आज पूरा किया जा चुका है। 1188 घोषणाएं ऐसी चिह्नित की गई जिन पर अभी कार्य चल रहा है।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बच्छानाग काला : मनुष्य को दीर्घायु बना देता है

वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

संस्कृत वत्सनाभ, गरल, विष, ब्रहमपुत्र, अमृत, गरद, जांगल, हलाहल, तीक्ष्ण, प्राणहर, रसायन।

**हिन्दी :** बच्छनाग, मीठा विष, सींगिया विष।

**लैटिन :** (एकोनिटम फेरोक्स)

**रसायनिक संगठन :** स्ट्रिकनाइन, बुसीन, क्लोरोजेनिक एसिड, ग्लाइसिन, स्ट्राइक्नोस्नक्स, मोनोटेरपीन इंडोल अल्क्लॉड, मेवलोनेट, शिकिमेट स्ट्रिकोसिडाइन, रोडेंटिसाइट, पोस्टासिनेप्टिक, बेंजोडायजेपींसर, पैनकोरोनियम पाये जाते हैं।

**वर्णन व स्वरूप :** यह वनस्पति नेपाल के अल्पाईन हिमालय प्रांत में पैदा एक दूसरे के सामने रहते हैं। ये अखण्ड होते है। इसकी जड़े गठानदार होती है। ये गहरे बादामी रंग की होती है। कोई कोई पीले रंग की भी होती है। बच्छनाग की करीब 180 जातियों का पता अब तक लग चुका है लेकिन 50 से अधिक यूरोपियन जातियां और 24 भारतीय जातियों का अभी तक पता लग चुका है। जिनमें प्रभावशाली उपक्षार पाये जाते है। इन जातियों में एकोनिटम नेपलेस, एकोनिटम फेरोक्स, एकोनिटम हैट्रोफिलम (अतीस) एकोनिटम स्पिकेटम, इत्यादि जातियां विशेष रूप से प्रसिद्ध है और उनका वर्णन मिलता है।

**गुण दोष और प्रभाव :** आयुर्वेदिक मत से बच्छनाग अत्यन्त मधुर, गरम, वात-कफ नाशक और कण्ठरोग तथा सन्निपात को दूर करने वाला होता है। यह पित्त और संताप को उत्पन्न करता है। यह अधिकमात्रा व बिना शोधन के सेवन करने से प्राणनाशक होता है। इस विष में रूक्ष, उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म,आशु, व्यवायी, बिकासी, विशद, लघु और अपाकी ये दस धर्म रहते हैं। यह अपने रूक्ष गुण से वायु को कुपित करता है। उष्ण गुण से पित्त और रक्त को कुपित करता है। तीक्ष्ण गुण से बुद्धि हो भ्रमित करता है और मर्म बन्धन को छिन्न-भिन्न करता है। सूक्ष्म, गुण से मनुष्य शरीर के सब अवयवों में हठ पूर्वक प्रवेश कर के उनकी क्रियाओं को प्रकाश में लाता है। आशु गुण से अत्यन्त शीघ्र, अपने प्रभाव को घोषित करता है। व्यवायी गुण से प्रकृति को नष्ट करता है। बिकासी गुण से शारीरिक वातादि दोष, रसादि, धातु और मूत्रादि मल के समूह को फैलाता है। विशद गुण के द्वारा अत्यन्त दस्तों को लाता है। लघु गुण की वजह से बहुत कठिनाई से वश में आता है और आपकी गुण की वजह से बहुत दुर्जर और बहुत दीर्घकाल तक कलेश का कारण होता है।
लेकिन शुद्ध किया हुआ और विधिपूर्वक सेवन किया हुआ विष रसायन, बलकारक, तथा वात, श्लेष्म, कुष्ठ, वातरक्त, अग्निमांघ, श्वांस, खांसी प्लीहा, जलोदर, भगन्दर, गुल्म, पाण्ड और ब्रण का नाश करता है। युक्तिपूर्वक सेवन करने से यह बलदायेक, रसायन, कोमोदीपक और त्रिदोषजन्य रोगों को नष्ट करने वाला होता है।

**बच्छनाग का को शुद्ध करने की विधि:** सिंगिया विष और बच्छनाग विष को 3 दिन तक गोमूत्र में डूबाकर पड़ा रखें मगर रोज पुराने गोमूत्र को निकाल कर नया गोमूत्र ताजा डालते रहें (बदलते रहें) तीसरे दिन उस बच्छनाग को गोमूत्र में औटा कर निकाल लें और उसके

छोटे-छोटे टुकड़े करके धूप में सूखा लें। इसी क्रिया से बच्छनाग शुद्ध हो जाता है। बच्छनाग को शुद्ध करने से उसका विषैला प्रभाव कम हो जाता है। और उसका अवसादक गुण कम हो कर उसमें उत्तेजक गुण पैदा हो जाता है।
बच्छनाग से शरीर के भिन्न-भिन्न अवयवों पर होने वाले प्रभावः बच्छनाग को पेट में देने से आमाशय के ज्ञानतन्तुओं में जड़ता आजाती है और आमाशय में कफ और रस की कमी हो जाती है। इन गुणों की वजह से आमाशय की पीड़ा जलन और गर्भावस्था की वमन को बन्द करने के लिए बच्छनाग का प्रयोग किया जाता। इसको छोटी मात्रा में देने से आमाशय की पाचन शक्ति बढ़ती है।
बच्छनाग के तत्व रक्त के अन्दर बहुत जल्द मिल जाते हैं और रक्त में मिलकर हृदय केन्द्र, श्वासोच्छबास के केन्द्र, लचा और मूत्र पिण्ड पर बहुत शीघ्र अपने प्रभाव बतलाते हैं। बच्छनाग से नाड़ी का बेग कम हो जाता है। त्वचा में स्निग्धता पैदा होती है और पेशाब का परिणाम बढ़ जाता है। हृदय के ऊपर इसकी क्रिया विशेष रूप से अवसादक होती है। जिससे हृदय की धड़कन और उसका जोर कम हो जाता है। नाड़ी शिथिल हो जाती है। श्वांसोच्छवास की क्रिया मंद हो जाती है। पसीना और पेशाब बहुत छूटता है। शरीर के सब ज्ञानतंतुओं में थोड़ी बहुत जड़ता पैदा हो जाती है। इन सब गुणों की वजह से बच्छनाग का उपयोग ज्वर ओर बेदना मुक्त बीमारीयों में किया जाता है। ज्वर के अन्दर बच्छनाग को देने से पसीना होता है। पेशाब अधिक होता है और नाड़ी की गति शांत हो जाती है इसी प्रकार शरीर के भीतर होने वाली सूजन की कमी हो जाती है।
बच्छनाग में वेदनाशामक गुण रहता है। पर यह वैद्यकीय प्रमाणों में देने से विशेष सौम्य होता है अर्थात बच्छनाग को अफीम और खुरासानी अजवायन अथवा और किसी पीड़ा शामक द्रव्य के साथ मिलाकर देते है।
मधुमेह या डायविटीज रोग में इससे बहुत लाभ होता है। जिस दिन से इसका उपयोग शुरू किया जाय उसी दिन से अधिक मूत्र को जाना बंद हो जाता है और शक्कर भी कम हो जाती है। अनैच्छिक वीर्यरत्राव और अनैच्छिक मूत्रारत्राव पर भी इसका बहुत ही अच्छा प्रभाव होता है। पक्षाघाता और कुष्ठ के रोगियों पर भी यह बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है।

**गठिया में :** गठिया और छोटे जड़ो की सूजन पर बच्छनाग के तेल की मालिश करने से और बहुत थोड़ी मात्रा (आधा चावल के बराबर शुद्ध किया हुआ बच्छनाग) में पेट में देने से गठिया और छोटे जोड़ो की सूजन मिटती है।

**मूत्रकृच्छ :** शुद्ध बच्छनाग को आधे चावल की मात्रा में देने से मूत्रकृच्छ मिटते है।

**मधुप्रमेह :** 1 तोला शुद्ध बच्छनाग में 7 तोला आरारोट मिलाकर एक रस कर दें और उसमें से आधी रत्ती (62 एमजी) से 1 रत्ती (125 एमजी) तक की मात्रा में देने से मूत्त्रातिसार, मधुप्रमेह, पक्षाघात और कुष्ठरोग ठीक होते हैं।

**रसायन :** बच्छनाग में समान भाग सुहागा मिलाकर थोड़ी मात्रा में जो इसको खाने की आदत डालता है वह दीर्घायु होता है। उसकी जानेन्द्रियां शक्तिशाली हो जाता है। शरीर में तेज और जोश बना रहता है। उसकी काम शक्ति हमेशा , जागृत रहती है और हृदय की गति बहुत धीमी और व्यवस्थित रहती है। बुखार, मंदाग्नि, गठिया, फोडे, फन्सी इत्यादी बीमारियों से बचा रहता है।

**तिला बच्छनाग :** बच्छनाग +अकरकरा+सिंदूर+आक का दूध और गाय के मक्खन के माध्यम से एक तिला का निर्माण किया जाता है। इस तिला के प्रयोग से लिंगेन्द्रिय में पुनः जान आ जाता है। कुछ दिनों के प्रयोग से लिंगेन्द्रिय की नसो क कमजोरी, बॉका टेढ़ापन, हस्थमैथुन, तथा दूसरी कुटेववों से पैदा हुई नपुसकता मिट जाती है और मनुष्य की कामशक्ति पुनः जागृत हो जाती है।

# सिर्फ खुशियां ही नहीं, बड़ी चुनौतियां भी लेकर आता है बच्चे का जन्म



बच्चे के जीवन में आगमन के बाद कपल को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कपल को पहले से ही इन चुनौतियों के बारे में पता होता है। हालांकि, बावजूद इसके वह इनसे सही ढंग से नहीं निपट पाते हैं। ये सामन्य सी चुनौतियां रिश्ते में तनाव पैदा कर सकती हैं, जो आगे जाकर लड़ाई-झगड़ों का कारण बन सकता है। माता-पिता बनना एक कपल की जिंदगी के सबसे खूबसूरत पलों में से एक होता है। बच्चे का जन्म हर कपल के लिए कई मायनों खास माना जाता है। कहते हैं कपल जब अपनी जिंदगी में पहले बच्चे का स्वागत करते हैं तब उनके बीच की बॉन्डिंग पहले से भी ज्यादा मजबूत हो जाती है। इतना ही नहीं पहले बच्चे के जन्म के बाद उनके रिश्ते में नए सिरे से प्यार भरने लगता है, जो उन्हें साथ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हालांकि, बच्चे का जन्म सिर्फ खुशियों से जुड़ा हुआ नहीं होता है। बच्चे के जीवन में आगमन के बाद कपल को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कपल को पहले से ही इन चुनौतियों के बारे में पता होता है। हालांकि, बावजूद इसके वह इनसे सही ढंग से नहीं निपट पाते हैं। ये सामन्य सी चुनौतियाँ रिश्ते में तनाव पैदा कर सकती हैं, जो आगे जाकर लड़ाई-झगड़ों का कारण बन सकता है। लड़ाई-झगड़ें न तो कपल के लिए और न ही उनके बच्चे के लिए अच्छे होते हैं। इसलिए आज हम बच्चे के जन्म के बाद होने वाली समस्याओं के हल बताने जा रहे हैं, जो रिश्ते को तनाव से दूर रखने में आपकी मदद करेंगे।

**नींद की कमी की वजह से तनाव :** बच्चे के जन्म के बाद माता-पिता का ज्यादातर समय उसकी देखभाल करने में चला जाता है। दिन और रात बच्चे का ख्याल रखने के दौरान माता-पिता को नींद की कमी महसूस हो सकती है। पर्याप्त नींद नहीं मिलने की वजह से महिलाओं के स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ सकता है। इसके अलावा वह तनाव भी महसूस करने लगती है। इन चीजों से बचने के लिए अपने आसपास मौजूद लोगों से बच्चे को संभालने में मदद मांग सकते हैं। कोई कुछ घंटों के लिए आपके बच्चे को संभाल लेगा और इस दौरान आप अपनी नींद भी पूरी कर सकेंगी।

**एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाना :** बच्चे के आने के बाद कपल की जिंदगी में कई बड़े बदलाव आते हैं, जिसमें एक-दूसरे को समय नहीं दे पाना भी शामिल है। बच्चे को संभालने में माता-पिता इतने व्यस्त हो जाते है कि उनके लिए एक-दूसरे को समय दे पाना मुश्किल हो जाता है। इस मुद्दे को हल करने के लिए कपल रात के समय बच्चे के सो जाने के बाद एक-दूसरे को समय दे सकते हैं।

**पैसो और खर्चो को लेकर तनाव :** बच्चे के आने के बाद एक कपल पर पैसो और खर्चो का तनाव बढ़ जाता है। बच्चे के पालन पोषण का खर्च कपल की जेब पर अत्यधिक दबाब डाल देता है। ये बात मानसिक तौर पर कपल को परेशान कर सकती है। इस समस्या से बचने का एक मात्रा उपाय यह है कि कपल पैसो का हिसाब रखें और उन्हें सही ढंग से खर्च करने पर ध्यान दें।

**यौन गतिविधियों में बदलाव :** बच्चे के जन्म से कपल की सेक्स लाइफ सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। बच्चे के जन्म के बाद कपल के बीच कम सेक्स या सेक्स खत्म ही हो जाता है। रिश्ते को बनाए रखने के लिए अतरंगता बनाए रखना बेहद जरुरी है। इसलिए कपल को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल कर लेना चाहिए। इसे हल करने के लिए समय निकालकर एक-दूसरे के साथ कुछ रोमांटिक पल सांझा करें।

## काव्य कोना

### सूत्रधार

नित नये निमंत्रण
नित नया सूत्रधार
नित नया रूप है
कथासार वही, पर
व्याख्या अनेक हैं।

शब्द का भ्रम बना
दुविधा का खेल हो
सरल को जटिल बना
छाया - उपछाया का खेल हो
चक्रव्यूह स्वयं बना
उलझ गया, स्वयं है
नित - नित भेज रहा
नये नये निमंत्रण।

ढूँढ रहा है, कहाँ
व्यथा के कगार को
भूलने का स्वाँग यह
चिर परिचित खेल है
फिर पूछता क्यूँ , यहाँ
दर्द से कराह कर
छुपे हो तुम कहाँ
नित नये निमंत्रण
नित नया सूत्रधार।

❖ नाग मणि

# बहुत अधिक प्रोटीन लेने से नजर आते हैं ये संकेत

वेट लॉस के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना जरूरी है। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा प्रोटीन का सेवन करते हैं तो यह वेट गेन की समस्या को जन्म दे सकता है। खासकर अगर प्रोटीन हाई फैट सोर्स जैसे रेड मीट से आ रहा हो। कहते हैं कि किसी भी चीज की अति क्षति का कारण बनती है। ऐसा ही कुछ हमारे आहार व पोषक तत्वों के साथ भी होता है। शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का आहार में होना आवश्यक है। लेकिन जिस तरह इनकी कमी से आपको परेशानी होती है, ठीक उसी तरह इनकी अधिकता भी सेहत के लिए ठीक नहीं है। जब आप किसी भी पोषक तत्व जैसे प्रोटीन का सेवन अधिक मात्रा में लेते हैं तो यह भी आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

**वजन बढ़ना :** वेट लॉस के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना जरूरी है। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा प्रोटीन का सेवन करते हैं तो यह वेट गेन की समस्या को जन्म दे सकता है। खासकर अगर प्रोटीन हाई फैट सोर्स जैसे रेड मीट से आ रहा हो।

**बॉडी में डिहाइड्रेशन होना :** जब आप अधिक मात्रा में प्रोटीन लेते हैं तो इससे उसे पचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना जरूरी होता है। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते हैं तो इससे हाई प्रोटीन के कारण आपकी बॉडी डिहाइड्रेट होती है। इसलिए, अगर आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो रही है तो हो सकता है कि आप आवश्यकता से अधिक प्रोटीन ले रहे हों।

**किडनी की समस्या :** बहुत अधिक प्रोटीन का सेवन करना आपकी किडनी के लिए भी नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल, जब आप बहुत अधिक प्रोटीन लेते हैं तो इससे किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। ऐसे में किडनी स्टोन होने की संभावना बढ़ जाती है। कभी-कभी तो इसके कारण किडनी भी खराब हो सकती है।

**कब्ज की समस्या होना :** अगर आप अपनी डाइट में आवश्यकता से अधिक प्रोटीन का सेवन करते हैं तो इससे आपके पाचन तंत्र में समस्या हो सकती है। दरअसल, प्रोटीन का अधिक सेवन कब्ज पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं, इससे आपको पेट की परेशानी, सूजन और गैस हो सकती है।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6665

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6664 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## दैनिक पंचांग

10 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.01 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृष | 07.41 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.40 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.53 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.09 बजे से |
| शुक्र | वृष में | कन्या | 16.21 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.32 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 20.46 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 23.02 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मकर | 01.08 बजे से |
| | | कुंभ | 02.54 बजे से |
| | | मीन | 04.27 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 100 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 08.38 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 13.39 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 20.11 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 08.38 बजे तदनन्तर कौलव 20.01 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 46'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871579
**जूलियन दिन** 2460044.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान
**तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7728

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब,शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश,बरखा-4
11. शांति,सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला,मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां,मम्मी,मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार,अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1. नाज,नखरा,चौंचला-2
2. भाग्य,किस्मत-3
3. अचानक,अकस्मात -3
4. देह,बदन-2
5. बिजली,विद्युत रश्मि-3
7. दबाना,कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत,युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा,शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र,आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

### शब्द पहेली -7727 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ली | न | ■ | ■ | ह | ■ | श |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| दी | न | ई | मा | न | ■ | क | स | म |
| ■ | ■ | य | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | त | क | रा | र |
| ■ | की | ■ | ध | न | ■ | गा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | का | ज | ल | ■ | दा | ■ | ण |
| ई | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ण | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा और धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ ? से चिंता भी रहेगी। परिवार में खुसी का माहौल बना रहेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर सकेंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। आकस्मिक धनलाभ के योग भी बन रहे हैं, लेकिन अनावश्यक और व्यर्थ खर्चे भी अधिक रहेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ के प्रबल योग हैं। सामाजिक कार्यों में सुयश मिलेगा और समाज में प्रतिष्ठा व प्रभाव की बढ़ोतरी होगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धन प्राप्ति के योग बनेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से चिंतित रहेंगे। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। पारिवारिक सुख और धन में बढ़ोतरी होगी। समाज के कार्यों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ रहेगा। परिवार में सुख और धन की वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन का योग बन सकता है। खान का ध्यान रखेंगे, तो सेहत अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ प्राप्ति के योग हैं। आर्थिक निवेश फायदेमंद होगा। धन संबंधित कार्य पूरे होंगे। मानसिक शांति की तलाश में अध्यात्म से जुडने.का मौका मिलेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्चों की भी अधिकता रहेगी। खराब सेहत की वजह से आप अपने जरूरी कामों को नहीं कर पाएंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ का योग बन रहा है। कारोबार में नई योजनाओं की शुरूआत हो सकती है। अच्छी दिनचर्या की वजह से अपने स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में लाभ होगा। समाज में यश, मान और सम्मान में बढ़ोतरी होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन लोगों का व्यवहार आपके लिए निराशाजनक रहेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आपकी सूझबूझ से कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा। परिजनों और मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### एलओसी पर एक घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना द्वारा घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करने के बाद एक घुसपैठिए को मार गिराया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 8/9 अप्रैल 2023 की रात को, पुंछ सेक्टर (जम्मू-कश्मीर) में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के सतर्क सैनिकों ने एक समूह (व्यक्तियों) की कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी। उनको भारतीय सेना के जवानों ने बाड़ के करीब चुनौती दी। सेना के ऑपरेशन के बाद एक शव मिला और अन्य घुसपैठिए वन क्षेत्र में भाग गए।

### कॉनमैन सुकेश ने जैकलीन को लिखा लव लेटर

**नई दिल्ली।** सुकेश चंद्रशेखर ने बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज को 'हैप्पी ईस्टर' की शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि वह जैकलीन को मिस कर रहा है। वह उन्हें 'दिल की गहराई से' प्यार करता है। बेबी ईस्टर की ढेर सारी शुभकामनाएं। यह साल के आपके पसंदीदा त्योहारों में से एक है और आपको ईस्टर एग्स बहुत पसंद है। क्या आपको पता है कि आप कितनी खूबसूरत हो मेरी बेबी, इस दुनिया में तुमसे खूबसूरत कोई नहीं है। मेरी बन्नी रैबिट, आई लव यू मेरी बेबी, तुम और मैं हमेशा के लिए एक साथ आने के लिए बने हैं। मेरी फॉरएवर।

### हरियाणा के पूर्व सीएम हुड्डा बाल-बाल बचे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा उस समय बाल-बाल बचे जब उनकी एसयूवी कार हिसार में एक आवारा नीलगाय से टकरा गई। दुर्घटना के समय कांग्रेस नेता एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हिसार के पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने मीडिया को बताया कि सड़क पर एक नीलगाय दिखाई दी और हुड्डा के वाहन से टकरा गई। हालांकि, वह बाल-बाल बच गए और वाहन में सवार किसी अन्य को कोई चोट नहीं आई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हादसे के बाद पूर्व सीएम हुड्डा सार्वजनिक समारोह के लिए रवाना हुए।

### पीएम के बयान को विपक्ष ने दी चुनौती, मोदी ने कहा था

# पिछली सरकारों ने भ्रष्टाचार से निपटने में अपनाया ढुलमुल रवैया

**पीएम ने कहा था : दुर्भाग्य से आजादी के समय भारत को भ्रष्टाचार विरासत में मिला और इसे हटाने की बजाय कुछ लोग इस बीमारी का करते रहे पोषण**

**सैयद मोजिज इमाम जैदी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार से निपटने में ढुलमुल रवैया अपनाने के लिए पिछली सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि 2014 में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सत्ता में आने के बाद इस मुद्दे से सख्ती से निपटा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से आजादी के समय भारत को भ्रष्टाचार विरासत में मिला और खेद व्यक्त किया कि इसे हटाने की बजाय, कुछ लोग इस बीमारी का पोषण करते रहे। उन्होंने एक दशक पहले जब यूपीए सत्ता में थी उस समय व्याप्त घोटालों और सजा के प्रति निडरता की प्रचलित भावना को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहाः इस स्थिति ने तंत्र को नष्ट कर दिया और नीतिगत निष्क्रियता के कारण विकास रुक गया। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि 2014 के बाद सरकार की प्राथमिकता तंत्र में विश्वास जगाने की थी। इसके लिए सरकार ने काले धन तथा बेनामी संपत्ति के खिलाफ मिशन मोड में कार्रवाई शुरू कर दी है और भ्रष्टाचारियों के साथ-साथ भ्रष्टाचार के कारणों को भी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।

#### विपक्ष सीबीआई पर उठा रहा सवाल

सिब्बल ने एक ट्वीट में लिखा था, प्रधानमंत्री ने सीबीआई से कहाः भ्रष्टाचारियों को न बख्शें। मार्च 2016 में जितेंद्र सिंह ने संसद को बताया- 2013: 1,136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया, 2014: 993, 2015: 878, 2016: 71 व्यक्ति। यूपीए के कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों को अधिक सजा मिली थी! इंसान झूठ बोल सकता है लेकिन तथ्य झूठ नहीं बोलते। भ्रष्टाचारियों को कौन बचा रहा है? इस मुद्दे पर विपक्ष का अविश्वास इस कदर है कि 14 राजनीतिक दल राजनीतिक मामलों में दिशा-निर्देश की याचना लेकर सर्वोच्च न्यायालय गए। लेकिन शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए उसे खारिज कर दिया कि राजनेताओं के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। विपक्ष सीबीआई पर सवाल उठा रहा है। राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां भाजपा की पटकथा पर काम कर रही हैं। झा ने कहाः सीबीआई और ईडी भाजपा द्वारा दी गई पटकथा पर काम कर रहे हैं। जब भाजपा सत्ता में नहीं होगी, तो उसके नेताओं के साथ भी ऐसा ही व्यवहार होगा। उन्होंने कहाः केंद्र सरकार की दबाव की राजनीति (राजद प्रमुख) लालू प्रसाद का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। इससे वह पीछे हटने वाले नहीं हैं। राजनीतिक लड़ाई राजनीतिक तरीके से लड़ी जानी चाहिए। उन्हें सीबीआई और ईडी का खेल बंद करना चाहिए।

हालांकि, विपक्ष प्रधानमंत्री से असहमत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल कहते हैं कि यूपीए शासन के दौरान सजा दर अधिक थी। सिब्बल ने मौजूदा सरकार के कार्यकाल में सजा की दर पर भी सवाल उठाया जो 2016 में केवल 71 थी।

## बेटी के लिव-इन पार्टनर ने महिला को मारी गोली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के डीबीजी रोड इलाके में एक महिला को उसकी बेटी के लिव-इन पार्टनर ने गोली मार दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार शाम करीब छह बजे पीसीआर को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस गौशाला रोड, सिद्धिपुरा पहुंची। घायल महिला को पास के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया और पुलिस उनका बयान दर्ज करने के लिए वहां पहुंची। पुलिस ने कहाः जांच के दौरान हमने पाया कि महिला की बेटी आलोक उर्फ प्रिंस के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। कल आलोक और उसके लिव-इन पार्टनर के बीच एक छोटे से मुद्दे पर तीखी बहस हुई और बात बिगड़ गई। हालांकि, जब महिला (बेटी की मां) ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आलोक ने उस पर गोली चला दी जिससे वह घायल हो गई। जांच में यह भी पता चला कि आलोक थाना अमन विहार का रहने वाला है। पुलिस ने कहा कि आलोक फरार है और टीमें उसे पकड़ने के लिए ढूंढ रही हैं। आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बिहार-बंगाल में बवाल पर नीतीश और ममता को देना होगा जवाब : एसएन सिंह

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता एसएन सिंह ने कहा है कि बिहार में सासाराम और बिहारशरीफ और पश्चिम बंगाल में हुगली और हावड़ा में रामनवमी समारोह के दौरान जमकर हिंसा हुई। दोनों की राज्यों में देश की धर्मनिरपेक्ष साख दांव है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपनी जिम्मेदारी और पद की गरिमा को भूलकर तुष्टिकरण की सियासत में जुटे हैं। ये दुर्भाग्य है कि देश के एक हिस्से पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्रा को शांति से नहीं निकलने दिया जाता है और सीएम ममता बनर्जी कोई ठोस कार्रवाई करने की बजाय हिंदुओं की आवाजाही को ही प्रतिबंधित करने में लगी हैं। वो कहती हैं कि हिंदू इस इलाके में न जाएं, उस इलाके में न जाएं। भला, कोई मुख्यमंत्री समाज और क्षेत्र को बांटने की बात कैसे कर सकता है? दोनों ही राज्यों में धर्म और समाज का मामला अपने दायरे से निकलकर बड़ा सियासी हो गया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प. बंगाल के हावड़ा में रामनवमी पर शोभायात्रा निकली। कुछ देर में ही सांप्रदायिक हिंसा का रूप ले लिया। इस बार की हिंसा का रूप पिछली बार से भयानक था। बिहार में भी कुछ ऐसा ही है। बंगाल और बिहार के सीएम अपने-अपने राज्य की जनता के साथ पक्षपात करने का काम करते हैं जो कि अपने आप में सवाल खड़े करते हैं। इन घटनाओं के पीछे क्या एक वर्ग है या फिर तुष्टिकरण की सियासत, जो उनको और हवा देने का काम करती है। क्या वोटबैंक की राजनीति में अशांति फैलाने का काम इस प्रकार से भी किया जाता है, ये अपने आप में बड़ा सवाल खड़ा करता है। बिहार के दो जिले सासाराम और नालंदा में रामनवमी के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान पथराव से तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बिहार भी बंगाल के रास्ते पर चल रहा है। बिहार में सत्ता-संरक्षण में तुष्टिकरण के लिए हिंसा की आग भड़काई जा रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली के रिसडा में रेलवे स्टेशन के पास कट्टरपंथियों ने बम फेंके। इसकी वजह से रेल सेवा बाधित हुई। पूर्व नियोजित साजिश के तहत रामनवमी के पावन मौके पर पूरे बिहार को अशांत करने की साजिश रची गई, जिसकी आग अभी धधक रही है। दुख की बात यह है कि इन दोनों राज्यो में पीड़ितों के साथ खड़े होने की बजाय सत्ताधारी दल और सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है। बिहार और बंगाल में सियासी तुष्टिकरण को लेकर ये सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर ताजिया पर पत्थर क्यों नहीं चलते? सिर्फ हिंदुओं की शोभायात्रा पर पत्थर और तलवार क्यों चलते हैं? आखिर बुद्ध का बिहार बम और बंटवारे में क्यों उलझ गया है। आखिर टैगोर का बंगाल अशांति की आग में क्यों झुलस रहा है? जब भी किसी राज्य में हिंसा होती है तो इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार पर ही होती है, क्योंकि कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकारी ही जिम्मेदार होती है। इस तरह की घटनाओं के बाद दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री से लेकर अधिकारियों तक की सुस्ती को साफ जाहिर करती है। चाहे पश्चिम बंगाल सरकार हो या बिहार सरकार, दोनों को जवाब देना होगा कि आखिर वो कर क्या रही थी?

#### यूपी में आखिर क्यों नहीं होता दंगा?

**एसएन** सिंह ने पूछा कि बिहार और बंगाल के मुकाबले यूपी में मुसलमानों की संख्या कई गुणा ज्यादा होने के बावजूद आखिर यहां कोई दंगा क्यों नहीं हो रहा है? दरअसल, यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार चौबीसों घंटे और सालों भर पूरे ऐक्शन में रहती है। सरकार बिना किसी पक्षपात के दंगाइयों और अपराधियों पर एक्शन लेती है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में एक ओर जहां कानून का शिकंजा माफिया और अपराधियों पर कसता चला गया, वहीं दुर्दांत बदमाशों का एनकाउंटर के जरिये सफाया भी हुआ। वर्ष 2022 में 62 माफियाओं की 26 सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त और ध्वस्त किया गया। इसी तरह खौफ का पर्याय बने करीब 8 अपराधियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया। वहीं, अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिसिया कार्रवाई करने के साथ ही कोर्ट में असरदार और प्रभावी पैरवी कर उन्हें सजा भी दिलवाई जा रही है। इससे यूपी में कानून का राज स्थापित हुआ है और दंगाइयों पर नकेल कसी जा सकी है। इसके उलट बंगाल और बिहार में दंगाइयों को सरकारी प्रश्रय दिया जा रहा है, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और इसका दंश आम जनता झेलती है।

## राजा भैया अपनी बीवी को देंगे तलाक!

**चर्चा है कि राजा भैया ने तलाक लेने के लिए दिल्ली के साकेत पारिवारिक न्यायालय में दे दी है अर्जी**

**एजेंसी। लखनऊ**

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और उनकी पत्नी पूर्व राज्यमंत्री स्वाति सिंह के तलाक के बाद अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष एवं कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी कुमारी के बीच तलाक की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि राजा भैया ने पत्नी से तलाक लेने के लिए दिल्ली के साकेत पारिवारिक न्यायालय में अर्जी भी दे दी है। यह भी बताया जा रहा है कि यह अर्जी करीब दो साल पहले ही दी गई थी।

सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच पिछले कई दिनों से अनबन चल रही है। हाल में ही भानवी कुमारी द्वारा राजा भैया के करीबी अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर कराने पर पति और पत्नी के बीच अनबन होने का मामला पहली बार सामने आया था। अब राजा भैया द्वारा कोर्ट में तलाक लेने की अर्जी देने की चर्चा जोरों पर है। यह भी कहा जा रहा है कि राजा भैया द्वारा कोर्ट में दाखिल तलाक की अर्जी में पत्नी भानवी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

राजा द्वारा अर्जी में पत्नी के खिलाफ परिजनों को अपमानित करने और बच्चों की परवरिश में उदासीनता बरतने जैसे कई आरोप लगाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस संबंध में कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। राजा भैया का विवाह करीब 27 साल पहले हुआ था। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें दो बड़ी बेटियां और दो जुड़वां लड़के हैं।

### भोजपुरी लोकगीत 'पातर पियवा मोर' हुआ रिलीज, मिल रहा अच्छा रिस्पांस

**भोजपुरी** सिंगर प्रियंका सिंह चौहान और अदाकारा नीतू यादव दोनों के आजकल खूब चर्चे हो रहे हैं। हाल ही मे वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से नीतू यादव और प्रियंका सिंह चौहान का नया गाना 'पातर पियवा मोर' रिलीज किया गया है। इससे दर्शकों का खास अटेंशन मिला रहा है और दर्शक इसे बार-बार देख एवं सुन रहे हैं। इस गाने को प्रियंका सिंह ने अपनी खास शैली में गाया है। इसके ऊपर नीतू यादव ने अपनी गजब की परफॉर्मेंस से गाने में चार चांद लगा दिए हैं। गाने में उनके एक्सप्रेशन कमाल के नजर आ रहे हैं। जो दर्शकों को उनका दीवाना बना रहे हैं। वहीं गांव के परिवेश वाली लोकेशन इसको सुपर से ऊपर लेकर जा रही है। गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से जारी किया गया है। जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला रहा है।

### स्टार पवन सिंह और अनंजय रघुराज की नई फिल्म 'जियो मेरी जान' की शूटिंग शुरू

भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद से इन दिनों जबरदस्त सुर्खियों में हैं। इसी बीच एक और खबर यह है कि उनकी नई फिल्म 'जियो मेरी जान' की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म के निर्देशक अनंजय रघुराज हैं, जो पहले ही कई हिट फिल्में दे चुके हैं। वे अब पवन सिंह को लेकर एक खूबसूरत फिल्म बना रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म के निर्माता आयुष गुप्ता हैं, जबकि निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि फिल्म 'जियो मेरी जान' मेरी प्राथमिकता होगी। इस फिल्म की कहानी मुझे बेहद पसंद आई। एक कलाकार के नाते मेरे लिए यह फिल्म शानदार होगी। फिल्म की टीम बेहतरीन है, जिसके साथ मिलकर हम एक अच्छी और पारिवारिक फिल्म लेकर आने वाले हैं। पवन सिंह ने कहा कि मुझे पब्लिक ने अपने प्यार और आशीर्वाद से यहां तक पहुंचाया है। उनके मनोरंजन के लिए ऐसे प्रोजेक्ट्स बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### वर्कआउट के लिए ऑक्सीजन मास्क लगाए अनिल कपूर का वीडियो वायरल

**बॉलीवुड** में सदाबहार अभिनेता के रूप में जाने वाले अनिल कपूर हमेशा अपनी फिटनेस और लाइफस्टाइल को लेकर चर्चा में रहते हैं। आज के युवाओं को अभिनेता अपनी व्यायाम की आदतों से कड़ी टक्कर देते नजर आते हैं। अनिल कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अपने जीवन में होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं को शेयर करके अपने प्रशंसकों के संपर्क में रहते हैं। उन्होंने जिम करते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। अभिनेता अनिल कपूर फिटनेस फ्रीक हैं। वे हमेशा एक्सरसाइज करते हैं और खुद को फिट रखते हैं। अब हाल ही में उन्होंने ऑक्सीजन मास्क पहनकर ट्रेडमिल पर दौड़ते हुए अपना एक वीडियो पोस्ट किया।

### विकलांग शख्स के बर्ताव से प्रीति जिंटा परेशान

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस प्रीति जिंटा इस वक्त सुर्खियों में हैं। हाल ही में प्रीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया और पिछले हफ्ते अपने दो बुरे

अनुभवों पर अपनी बात कही है। प्रीति ने अपनी पोस्ट में कहा : मैं दो घटनाओं से पूरी तरह से स्तब्ध हूं। पहली घटना मेरी छोटी बेटी जिया के साथ हुई। एक महिला मेरी बेटी के साथ तस्वीर लेना चाहती थी, लेकिन मेरे मना करने पर वे चले गए। कुछ देर बाद वो फिर आई और जिया को जबरन किस करने लगी। जिया के गाल पर किस करने के बाद वह व्हाट अ ब्यूटीफुल गर्ल कहकर चली गई। अगर मैं सेलेब्रिटी नहीं होती तो बहुत बुरा रिएक्ट करती, लेकिन मैं किसी तरह का ड्रामा नहीं चाहती थी। दूसरी घटना पर कमेंट करते हुए प्रीति ने पैपराजी को आड़े हाथों लिया है। प्रीति कहती हैंः दूसरी घटना का वीडियो आप देख सकते हैं। एक विकलांग मुझसे पैसे मांग रहा है। लेकिन, मुझे फ्लाइट पकड़ने में देर हो रही थी, इसलिए मैंने मना कर दिया। मैंने उससे यह भी कहा कि मेरे पास पैसे नहीं हैं, सिर्फ एक क्रेडिट कार्ड है। जो महिला मेरे साथ थी, उसने उसे कुछ पैसे दिए। इसके बावजूद वह उनकी कार के पीछे आ रहा था।

**अटूट समर्थन** पीएम ने भ्रष्टाचार से लड़ने के अपने संकल्प को दोहराया

## सीबीआई निदेशक के चयन पर क्यों उठे सवाल

**शेखर सिंह। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए अपनी सरकार के अटूट समर्थन को व्यक्त किया और भ्रष्टाचार से लड़ने के अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक सभा में उन्होंने अधिकारियों को भ्रष्टाचारियों की शक्ति और उनके द्वारा जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता को कम करने के लिए बनाए गए माहौल से विचलित नहीं होने के लिए प्रोत्साहित किया। हालांकि, ऐसा लगता है कि वर्तमान सीबीआई निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल के चयन में प्रधानमंत्री के उच्च मानकों को लागू नहीं किया गया है। उन्हें एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा नियुक्त किया गया था, जिसमें स्वयं प्रधान मंत्री शामिल थे।

ऐसा लगता है कि समिति ने मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) कोर्ट और भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जायसवाल के खिलाफ दिखाई गई सख्ती को नजरअंदाज कर दिया, जब वह एसआईटी (विशेष जांच दल) के डीआईजी थे, जो अपने समय में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े मामलों में से एक 2001 और 2004 के बीच उजागर हुए तेलगी फर्जी स्टांप पेपर घोटाले की जांच कर रही थी। 2005 के अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा जहां तक कफ परेड फ्लैट के निरीक्षण का संबंध है, उच्च न्यायालय यह नोटिस करने में विफल रहा कि फ्लैट के निरीक्षण के समय जायसवाल कुछ निश्चित कार्रवाई कर सकते थे, जो उन्होंने नहीं की। कम से कम वह तेलगी का मोबाइल फोन जब्त कर सकते थे। अपीलकर्ता ने वह सभी कदम उठाए जो वह उठा सकता था। जब मामला उनके संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने जायसवाल की उपस्थिति में अधिकारियों के निलंबन का आदेश टेलीफोन पर दिया।

विशेष मामला संख्याः 2/2003 में मकोका विशेष न्यायालय, पुणे के विशेष न्यायाधीश चित्रा किरण भेदी ने 26 जून, 2007 को फैसला सुनाया, जैसा कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त रंजीत सिंह शर्मा द्वारा दायर आवेदन के निर्वहन आदेश में कहा गया है, एक अधिकारी जैसे डीआईजी जायसवाल ने अपनी डेढ़ साल की जांच में तेलगी के खिलाफ कुछ नहीं किया।

# हमले में पांच हुए गिरफ्तार

### वार्ड पार्षद के चुनाव के वर्चस्व में इस घटना को अंजाम दिया गया

### कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पुलिस ने सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में शनिवार शाम अपराधियों ने वार्ड पार्षद ओम प्रकाश प्रसाद के घर पर हमला कर दो दर्जन से अधिक फायरिंग मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में रांची पुलिस ने बीते देर शाम को ही मुख्य आरोपी विक्रम सिंह उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया था। इसकी गिरफ्तारी के बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। बताया जाता है कि वार्ड पार्षद के चुनाव के वर्चस्व में इस घटना को अंजाम दिया गया था। रांची पुलिस ने बताया कि कई लोग इस घटना में शामिल थे हालांकि पुलिस अभी इस पूरे मामले की जांच कर रही है और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में पांच लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि वर्चस्व की जंग में इस घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि गोली किसी व्यक्ति को नहीं लगी है। पुलिस ने सात खोखा और एक जिंदा गोली बरामद किया था।

## रांची नगर निगम सिटीजन फोरम की बैठक आयोजित

# परिसीमन एक सबसे बड़ी समस्या है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची नगर निगम सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड-53 अंतर्गत बसारगढ़ के ओमप्रकाश नगर, रोड नंबर-03 स्थित सावित्री सदन में संयोजक दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र से जुड़ी अनेक समस्याओं को सामने रखा। उनहोंने कहा कि परिसीमन एक बहुत बड़ी समस्या हो गयी है, जिसमें प्रमुख रुप से बसारगढ़ के ओमप्रकाश नगर के रोड नंबर 03 और 04 तक ही रांची नगर निगम की सुविधाओं का बहाल होना बताया गया और रोड नंबर-04 से लेकर रोड नंबर-19 तक के लोगों ने बताया कि वह रांची नगर निगम की वोटर लिस्ट में है और वार्ड पार्षद, मेयर, और डिप्टी मेयर का चुनाव करते हैं, नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स दे रहे हैं, कई लोगों ने अपना गृह निर्माण यहां रांची नगर निगम से नक्शा पास कराकर कराया है, बावजूद इसके अब रांची नगर निगम इनको अपना निवासी नहीं मान रहा है और इस क्षेत्र को रांची नगर निगम क्षेत्र से बाहर माना जा रहा है और ना ही यहां रांची नगर निगम कोई जन सुविधा बहाल कर रहा है, जिस कारण यह लोग सभी सुविधाओं के लिए रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (आरआरडीए) पर निर्भर हैं, जिस कारण यहां के लोग नाली की समस्या, जलजमाव की समस्या, स्ट्रीट लाइट का ना होना, चौड़ी सड़क का ना हो पाना, पाइप लाइन बिछ जाने के बावजूद सप्लाई पानी का नहीं आना, कूड़ा-करकट का उठाव नहीं होना, जैसी दर्जनों समस्याओं से जूझ रहे हैं। बसारगढ़ में 580 से अधिक घरों का निर्माण हुआ है और यहां 1535 लोग वोटर हैं, लेकिन यह लोग जन सुविधाओं से महरूम हैं और नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। उक्त बैठक में संयोजक दीपेश कुमार निराला के साथ कोर कमेटी सदस्य रेणुका तिवारी, विवेक कुमार महारथी, प्रमोद कुमार जायसवाल, सुशील क्रांतिकारी, विनोद जैन बेगवानी, उमाशंकर सिंह, मनोज कुमार मिश्रा के साथ-साथ प्रीति कुमार सिंह, जनार्दन कुमार वर्मा, देवीलाल, राहुल कुमार ओझा, नीरज कांत, रविंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, गोपाल कुमार सिंह, आशीष रंजन, कृष्ण कुमार, प्रतीक कुमार, कुमुद कुमार, चंदन कुमार, मृत्युंजय शर्मा, गोलू शर्मा, रामप्रवेश सिंह, विद्यानंद, मृत्युंजय सिंह, पवन पाण्डेय, धीरेंद्र कुमार सिंह, रंजीत मिश्रा, इत्यादि उपस्थित हुए। मंच संचालन रेणुका तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुशील क्रांतिकारी ने किया।

### नवोदित कलाकारों की प्रतिभा से सजेगा रांची विवि का नाट्योत्सव

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों की अभिनय प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए नाट्योत्सव का आयोजन करने जा रहा है। इसके तहत 18-19 अप्रैल को दो दिवसीय नाट्योत्सव की मेजबानी मारवाड़ी कॉलेज करेगा। इसमें रांची विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत व संबद्धता प्राप्त कॉलेजों व स्नातकोत्तर विभागों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए मारवाड़ी कॉलेज की ओर से कॉलेजों/विभागों को पत्र जारी कर दिया गया है। नाट्योत्सव में भागीदारी के लिए प्रविष्टियां 10 अप्रैल तक स्वीकार की जाएंगी। हर कॉलेज/विभाग से एक ही प्रविष्टी स्वीकार की जाएगी। नाटकों के लिए विषय भी तय किए गए हैं, जिनमें- समृद्ध भारत, आधुनिक शिक्षा आदि शामिल हैं। प्रतिभागी नाट्य दल को इन विषयों में से किसी एक विषय पर नाटक प्रस्तुत करना होगा। नाटक की अवधि अधिकतम 30 मिनट की होगी।

# भाजयुमो ने योग खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर की ओर से रविवार को नामकुम में सैकड़ों योग खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अमृत महोत्सव के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत अटल बिहारी वाजपेयी खेल सम्मान का प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि लगातार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम भाजयुमो कर रही है। खिलाड़ियों का सम्मान देने से खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ता है। झारखंड खिलाड़ियों का गढ़ रहा है। यहां के खिलाड़ी कम संसाधन के बावजूद भी अपनी लगन और मेहनत से झारखंड का नाम पूरे देश में रोशन कर रहे हैं। सम्मानित खिलाड़ियों में झारखंड के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट इन योगा, 36 नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, यूनिवर्सिटी गेम्स आदि के सैकड़ों योग खिलाड़ी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल कुमार, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, गुरुकुल शिक्षा के निदेशक सूरज प्रसाद , विकास कुमार गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हेमन्त सरकार को बदलने का आ गया समय : लक्ष्मीकांत बाजपेयी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, यहां पर किसी की आवाज को नहीं दबाया जा सकता है। यदि कांग्रेस के लोग यह कह रहे हैं कि उनके नेता को लोकसभा में नहीं बोलने दिया गया तो यह पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस खुद लोकतंत्र की हत्या करने वाली पार्टी है। भाजपा नेता व झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को रांची हवाई अड्डे पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले स्थानीय हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में बाजपेयी ने कहा कि झारखंड की हेमन्त सरकार को बदलने का समय आ गया है और संवैधानिक तरीके से वर्तमान सरकार को भाजपा के कार्यकर्ता हटाने का काम करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग हर जगह यह शिकायत दर्ज करा रहे हैं कि उनके नेता राहुल गांधी की सदस्यता भारतीय जनता पार्टी के कारण चली गई है, जबकि पूरा मामला कोर्ट में है और जो भी निर्णय लिया गया है, वह न्यायालय ने लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में यदि कांग्रेस के लोग भाजपा पर आरोप लगाते हैं तो वह पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कई तरह की समस्या है, जैसे भ्रष्टाचार, महंगाई महिलाओं की सुरक्षा।

### कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर मंत्री फिर करेंगे बैठक

**रांची।** कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। ऐसे में रविवार शाम को एक बार फिर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया, स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी देशभर के जिलाधिकारियों और जिला उपायुक्तों, सिविल सर्जनों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी राज्यों के साथ झारखंड के स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य मंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा भी कोरोना संक्रमण बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सभी जिलों के डीसी और सिविल सर्जन के साथ वर्चुअल बैठक करेंगे। राज्य में 7 अप्रैल तक 24 जिलों में से 8 जिलों में अभी कोरोना के एक्टिव केस हैं।

### लालपुर रोड किनारे नॉनवेज बेचने वालों पर 11 अप्रैल से होगी कार्रवाई

रांची। शहर के लालपुर कोकर मार्ग पर डिस्टलरी वेंडर मार्केट में 74 दुकानदारों को मार्केट में जगह उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों को शिफ्ट करने की आखिरी तारीख है। इसके बाद रोड किनारे दुकान लगाने वालों पर नगर निगम कार्रवाई करेगा। निगम एक्ट के तहत ऐसे दुकानदारों पर जुमार्ना लगाएगा और उनका सामान भी जब्त करेगा। नगर निगम इंफोर्समेंट टीम ने बताया कि पुल के पास लगने वाले जाम से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से निर्देश दिया गया है। उसका पालन सभी को करना होगा। लालपुर कोकर मार्ग पर मटन, चिकन और मछली विक्रेताओं को दुकानें आवंटित की गई है। दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। मामले को लेकर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि आवंटित दुकान 10 अप्रैल तक नहीं लगाई गई तो 11 अप्रैल से मार्केट के बाहर फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने दिया जाएगा। दुकानदारों का कहना था कुछ लोगों को दुकान नहीं मिली है।

# श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रविवार को बाईजू राज (श्री श्यामा महारानी) के 380 वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य मे 81वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण संस्था के सदस्य शिव भगवान अग्रवाल ने अपनी धर्म पत्नी स्व. उर्मिला देवी की स्मृति मे उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। आज बाईजू राज (श्री श्यामा महारानी) के 380वें प्राकट्य दिवस एवं गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 09 अप्रैल 23 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण)मंदिर के प्रांगण मे संस्था के शिव भगवान एव अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की देखरेख मे संस्था के सदस्य ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार एवं विष्णु सोनी के द्वारा वहां के जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त ग्रामीणों एवं बच्चों के बीच 81 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 81 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में संस्था ने भोजन के प्रसाद में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का वितरण किया। रविवार को लगभग 900 से ज्यादा श्रद्धालुओं राहगीरों एवं जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद का वितरण कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे में समाज के लोग बढ़-चढकर अपनी भागेदारी निभा रहे हैं। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढ़ती जा रही है। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है। आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन प्रणामी समाज की बाईजू राज (श्री श्यामा महारानी) जी के 380वें प्राकट्य दिवस पर संस्था के सदस्य शिव भगवान अग्रवाल एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गई। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, संतोष देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

### बीजेपी प्रभारी तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे

# सचिवालय घेराव को सफल बनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी अपने तीन दिवसीय प्रवास पर रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के बाद वे प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह सरकार अपने भ्रष्टाचार,वादा खिलाफी ,तुष्टिकरण के कारण जनता की नजरों में गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को युवाओं,गरीबों, किसानों,महिलाओं, पिछड़ों, आदिवासी, दलितों की आह लग चुकी है। यह सरकार अपने कृत्यों से ही गिरने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मुट्ठी भींच कर इस सरकार को अपदस्थ करने का संकल्प लीजिए और अपने अपने जिम्मेवारियों को पूरा कीजिए। बैठक में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि किसी कार्यक्रम की सफलता के पीछे कार्यक्रम की तैयारी में जुटे कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। व्यवस्था में जुटे कार्यकताओं को अपनी जिम्मेवारी को तन्मयता से पूरा करने का आह्वान किया। कहा कि व्यवस्था के कार्यकताओं के व्यवहार का असर सुदुर क्षेत्रों से आए लोगों पर पड़ता है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रत्येक विभाग की क्रमवार जानकारी ली। तैयारी की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह, बालमुकुंद सहाय, दीपक बंका, सुबोध सिंह गुड्डू, संजीव विजय वर्गीय, अरुण झा, मुनचुन राय,चंदन कुमार, बबन गुप्ता, सूरज चौरसिया, पंकज शहदेव,अंचल तिवारी,रविनाथ किशोर,सतीश सिन्हा सहित कई उपस्थित थे।

**योजना**

## 'मीनू' मीना सिन्हा को अंगभूमि महिला गौरव सम्मान मिला

# दशकों से लेखन के क्षेत्र में अहम भूमिका रहा

### परिवार की देख-भाल के साथ समाज की महिलाओं की प्रेरणा स्रोत के लिए प्रदान किया गया

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 22 सालों तक पुस्तकालयाध्यक्षा के पद पर योगदान दिया।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची की कवयित्री 'मीनू' मीना सिन्हा को जीवन जागृति सोसायटी द्वारा भागलपुर, बिहार में आयोजित सादे समारोह में विशिष्ट महिला साहित्यकार एवं शिक्षण में योगदान के लिए अंगभूमि महिला गौरव सम्मान - 2023 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान प्रतिकूल परिस्थितियों में परिवार की देख-भाल के साथ समाज की महिलाओं की प्रेरणा स्रोत के लिए प्रदान किया गया। मोरहाबादी, रांची निवासी मीना सिन्हा दशकों से लेखन के क्षेत्र में जुड़ी है। उन्होंने पारिवारिक दायित्वों के साथ रांची ब्रिटिश लाइब्रेरी तथा कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 22 सालों तक पुस्तकालयाध्यक्षा के पद पर योगदान दिया। इनकी तीन काव्य संग्रह जीवनधारा ( 2018), बिटिया (2021), अनुभव के दरख़्त (2023) प्रकाशित हुई है। काव्य संग्रह तथा कहानी संग्रह से सबंधित दो अन्य पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं।

## कृषि वैज्ञानिकों का किसानों को सलाह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीएयू के निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र एवं शस्य वैज्ञानिक डॉ. एस कमार्कार ने मौसम पूवार्नुमान को देखते हुए सफल खेती प्रबंधन के लिए किसानोपयोगी महत्वपूर्ण सलाह दिये है। आने वाले दिनों में आकाश में हल्के बादल, हल्की वर्षा की संभावना, दिन के तापमान में बढ़ोतरी, हवा की तेज गति एवं खेतों में नमी में कमी आसार को देखते हुए खेतों के खड़ी फसल/ सब्जियों में नियमित अंतराल में सिंचाई करते रहने को कहा है। खेतों की नमी संरक्षित रखने के लिए निकाई-गुडाई जरुर करने को कहा है। खेतों में तैयार रबी फसलों की अविलंब कटाई एवं गहाई के बाद दानों को 10 प्रतिशत नमी तक सुखाकर अच्छी तरह साफ-सफाई एवं छटाई के बाद थैलों में भरकर भंडारित करने को कहा है। फसल कटाई के बाद और खाली पड़े खेतों में नमी की मौजूदगी या हल्की बारिश होने पर खेतों की गहरी जुताई करने या हल्की जुताई करने तथा खेतों में पाटा नहीं चलाने को कहा है। इस प्रकार खेतों की मिट्टी खुला रहने से खर-पतवार एवं कीट-मकोड़े नष्ट हो जायेंगे। रबी फसल की कटाई के बाद या खाली पड़े खेतों की मिट्टी की जांच कराने का उपयुक्त समय है। इस जांच से खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी से आगामी खरीफ एवं रबी मौसम में अच्छी उपज ली जा सकेगी। गर्मी में पशुओं के लिए हरे चारे की कमी हो जाती है। पशुओं के खाने के लिए सिंचित भूमि में चारा फसल ज्वार की बुवाई करें। इसके लिए ज्वार के प्रभेद रियो 988, पूसाचरी 615 या हरा सोना का चयन करें। बुवाई के लिए 17 किलो बीज प्रति एकड़ का प्रयोग तथा बोवाई पूर्व बीज को फफूंदनाशक थाइरम 75 प्रतिशत डब्लू पी का 1 से 1.5 ग्राम प्रति किलो बीज के दर से बीजोपचार जरुर करनी चाहिए।

### राजद युवाओं को साथ लेकर चलने वाली पार्टी : रंजन यादव

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि 2023-25 के कमिटी की पहली सूची जारी की गयी है। लोकसभा-विधानसभा चुनाव को लेकर राजद अपनी तैयारियों में जुट गया है। युवा संगठन की रीढ़ होते हैं। हमारी पार्टी युवाओं को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की उम्मीद पर हम खड़ा उतरेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए युवा मोर्चा ने नयी कमिटी की पहली सूची जारी की है। रंजन ने कहा कि मेहनत करने वाले लोगों को नयी कमिटी में जिम्मेदारी दी गयी है। रंजन यादव रविवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युवा राजद उपाध्यक्ष के लिए तीन लोगों को नयी कमिटी में जगह दी गयी है। इनमें रांची से सुनील कुमार, रांची से सौकत अंसारी और चतरा से विनोद भोक्ता हैं। जिला अध्यक्ष में साहेबगंज मो. सद्दाम हुसैन, देवघर नगर अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह, गोड्डा मो अंजर अहमद, हजारीबाग में मो. अय्यान रजा खान, गढ़वा से विनीत कुमार हैं।

## कुड़मी आंदोलन का पांचवां दिन, 31 ट्रेनें रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कुड़मी आंदोलन की वजह से आज (रविवार) भी 31 ट्रेन नहीं चलेंगी। एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज के अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन का रविवार को पांचवा दिन है। रद्द की गई ट्रेनें रांची रेल मंडल से परिचालित होती हैं। आंदोलनकारी खेमाशुलि स्टेशन तथा कुस्तौर स्टेशन पर पटरी पर बैठे हैं।

**यह ट्रेनें नहीं चलेंगी :** -03358 कोयम्बत्तूर बरौनी स्पेशल एक्सप्रेस 12 अप्रैल तक रद्द रहेगी। 12875 आनंद बिहार एक्सप्रेस नौ अप्रैल को रदद रहेगी। 12876 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस नौ अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 13351-धनबाद-अल्लपुजा (एलेप्पी) एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। ट्रेन संख्या 13352 अल्लपुजा (एलेप्पी)- धनबाद एक्सप्रेस नौ अप्रैल को रद्द रहेगी। 18036 हटिया -खड़गपुर एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द रहेगी। 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 18086 रांची-खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 18085 खड़गपुर-रांची मेमू एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 18615 हावड़ा-हटिया क्रियायोग एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द रहेगी। 18616 हटिया- हावड़ा क्रियायोग एक्सप्रेस नौ एवं 10 अप्रैल को रद्द रहेगी। 22823 भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 10 अप्रैल को रद्द रहेगी। 15028 गोरखपुर-हटिया मौर्य एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 18623 इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 13319 दुमका-रांची एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द रहेगी। 13304 रांची-धनबाद एक्सप्रेस नौ अप्रैल एवं 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 12818 आंनदविहार-हटिया एक्सप्रेस 10 अप्रैल को रद्द रहेगी। 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी। 02832 भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल नौ अप्रैल एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 10 अप्रैल को रद्द्द रहेगी।

### आईपीएल मैचों पर लग रहा सट्टा

# अब तक 9 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। मुंबई**
पुणे पुलिस ने सट्टेबाजी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों पर सट्टा लगाने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा ने शनिवार को कोंढवा इलाके में छापेमारी की, जहां नौ लोगों को आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए पाया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, एक कंप्यूटर और 92,000 रुपये नकद जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान चल रहे जुए के अड्डे के बारे में सूचना मिली थी। अधिकारी ने कहा कि बंबई जुआ रोकथाम अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कोंढवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# सहवाग ने वॉर्नर को दिया अल्टीमेटम, कहा- तो आईपीएल में मत खेलो

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी धीमी पारी के लिए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर की खिंचाई की। विशेष रूप से संजू सैमसन की रॉयल्स ने शनिवार 8 अप्रैल को गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कैपिटल्स को 57 रनों से हरा दिया।

राजस्थान के यशस्वी जायसवाल (60) और जोस बटलर (79) की सलामी जोड़ी ने शानदार पारी खेलकर टीम को पहली पारी में 199 रन का विशाल स्कोर हासिल करने में मदद की। जवाब में ट्रेंट बाउल्ट ने लक्ष्य का पीछा करने के दौरान पहले ही ओवर में दिल्ली को उलझा दिया और लगातार विकेट हासिल कर दिल्ली आत्मविश्वास को कम कर दिया। वार्नर ने ललित यादव के साथ 64 रन की साझेदारी और अर्धशतक (65) बनाने के बावजूद टीम को जीत नहीं दिला पाए।
सहवाग ने ऑस्ट्रेलियाई दक्षिणपूर्वी को कहा कि उसे अपने पक्ष को आगे बढ़ाने के लिए जायसवाल के समान खेलने की जरूरत है। सहवाग ने कहा, 'मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हम उसे अंग्रेजी में बताएं ताकि वार्नर इसे सुनें और आहत महसूस करें। डेविड, अगर तुम सुन रहे हो, तो कृपया अच्छा खेलो। 25 गेंदों में 50 रन, जायसवाल से सीखें, उन्होंने 25 गेंदों में चौके लगाए। यदि आप ऐसा नहीं कर सकते हैं, तो आईपीएल में मत खेलो।' पूर्व भारतीय ओपनर ने आगे कहा, 'टीम के लिए बेहतर होता अगर वार्नर 55-60 रन बनाने के बजाय 30 रन पर आउट हो जाते। रोवमैन पॉवेल और इशान पोरेल जैसे खिलाड़ी बहुत पहले आ सकते थे और शायद कुछ भी कर सकते थे। उन खिलाड़ियों के लिए कोई गेंद नहीं बची थी और वे टीम में बिग हिटर हैं।' गौर हो कि दिल्ली को आईपीएल 2023 में लगातार तीसरी हार से जल्दी वापसी करनी होगी और प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए यहां से मैच जीतने होंगे। वार्नर एंड कंपनी पांच बार के विजेता मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार 11 अप्रैल को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेगी।

## ग्राउंड स्टाफ ने धोनी से लिया आशीर्वाद, पैर छूने वाली तस्वीर हुई वायरल

भारत और दुनिया भर में एमएस धोनी की लोकप्रियता की कोई सीमा नहीं है और उन्होंने अपनी उपलब्धियों के आधार पर इस मुकाम को हासिल किया है। हाल ही में एक तस्वीर ने इंटरनेट पर वायरल हो रही है जिसमें ग्राउंड स्टाफ के एक सदस्य को चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी के पैर छूते हुए देखा जा सकता है। इससे पहले हाल ही में प्लेबैक सिंगर अरिजीत सिंह ने भी इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान भारत के पूर्व कप्तान के पैर छुए थे। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चल रहे सीजन का अपना पहला गेम हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स जल्द ही जीत की राह पर लौट आई क्योंकि उन्होंने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने घरेलू मैदान पर सीजन के अपने दूसरे गेम में लखनऊ सुपर जायंट्स को रौंद दिया। धोनी की टीम अपने डेथ बॉलिंग संकट से जूझ रही है और अभी भी एक डेथ बॉलर की तलाश में है जो उन्हें संकट से उबार सके।

**आईपीएल 2023**

# रिंकू सिंह ने जड़े 5 छक्के 3 विकेट से हारा गुजरात

**एजेंसी। अहमदाबाद**
गुजरात टाइटंस को अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2023 के 13वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में केकेआर को जीत के लिए 29 रन चाहिए थे, लेकिन रिंकू सिंह ने आखिरी 5 गेंदों में लगातार 5 छक्के लगाकर टीम को जीत दिला दी। वहीं राशिद खान ने सीजन की पहली हैट्रिक लगाई, लेकिन वो जीत के काम नहीं आ सकी। उन्होंने 37 रन देकर 3 शिकार किए।

इससे पहले अनुभवी हरफनमौला विजय शंकर की 24 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 204 रन बनाये। गुजरात ने आखिरी दो ओवरों में 45 रन बटोरे जिसमें शंकर ने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन के खिलाफ दो चौके और दो छक्के जबकि 20वें ओवर में शारदुल ठाकुर के खिलाफ लगातार तीन छक्के लगाये। शंकर ने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाये। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने 38 गेंद में 53 जबकि शुभमन गिल ने 31 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। सुनील नारायण केकेआर के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिये। सुयश शर्मा (चार ओवर में 35 रन) को एक सफलता मिली। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के बीमार होने के कारण राशिद खान गुजरात की टीम की अगुवाई कर रहे है। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद गिल और रिद्धिमान साहा (17 गेंद में 17 रन) ने एक बार फिर से गुजरात को सधी हुई शुरूआत दिलायी। साहा ने शुरूआती चार ओवर में तीन जबकि गिल ने एक चौका जड़ा।

## शतक लगाने से चूके शिखर धवन, हैदराबाद को मिला 144 रनों का लक्ष्य

**हैदराबाद।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2023 के 14वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 9 विकेट खोकर 144 रनों का लक्ष्य रखा। कप्तान शिखर धवन ने 66 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए, जिसमें 12 चौके व 5 छक्के शामिल रहे। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। हैदराबाद के लिए मयंक मारकंडे ने सबसे ज्यादा 4 विकेट हासिल किए। इससे पहले हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमों ने 2-2 मैच खेले हैं। जहां हैदराबाद ने दोनों मैच गंवाए हैं वहीं पंजाब ने शानदार शुरूआत करते हुए दोनों मैच जीते हैं।

## कसात्किना को हराकर जाबौर चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में

**चार्ल्सटन।** विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी ओंस जाबौर ने लम्बे बारिश विलम्ब के बावजूद आठवीं सीड डारिया कसात्किना को सेमीफाइनल में 7-5, 7-5 से हराकर लगातार दूसरी बार चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। 2022 में उपविजेता रहीं ट्यूनीशिया की जाबौर का खिताब के लिए टॉप सीड जेसिका पेगुला या गत चैंपियन बेलिंडा बेनसिच से मुकाबला होगा। पेगुला और बेनसिच के बीच सेमीफाइनल बारिश के कारण अधूरा रह गया था जिसमें स्विस खिलाड़ी 7-5, 6-6 से आगे थीं लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने टाई ब्रेक में 4-2 की बढ़त बना ली थी। मैच रविवार को स्थानीय समयानुसार 1330 बजे शुरू होगा और पर्याप्त विश्राम के बाद फाइनल खेला जाएगा। जाबौर ने इस जीत से कसात्किना के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 5-2 पहुंचा दिया है। उन्होंने कसात्किना के खिलाफ अपने पिछले पांच मुकाबले जीते हैं। सर्जरी के कारण फरवरी में एक्शन से बाहर रहने के बाद जाबौर का सत्र का यह पहला फाइनल होगा।

# दिल्ली को आत्ममंथन करने की जरूरत : रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। गुवाहाटी**
दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग ने स्वीकार किया है कि आईपीएल 2023 में लगातार तीसरी हार झेलने के बाद दिल्ली की टीम को आत्ममंथन करने की जरूरत है। दिल्ली को यहां अपने तीसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों शनिवार को 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में राजस्थान ने चार विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि दिल्ली 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। पोंटिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें अभी लम्बा सफर तय करना है। मैं किसी पर उंगली नहीं उठा सकता क्योंकि मैंने इन लड़कों को ट्रेनिंग और तैयारी करते देखा था। उनकी मेहनत अच्छी थी, ट्रेनिंग बढ़िया थी लेकिन यह सब कुछ मैदान पर परिणाम के रूप में नहीं दिखाई दे रहा है।" उन्होंने कहा, हमें एक समूह के रूप में आत्ममंथन करना होगा। मैं खिलाड़ियों को इस बारे में सोचने के लिए छोड़ता हूं। हम इसका अगले दिन हल निकाल सकते हैं लेकिन हमें इसे जल्दी करना होगा। तीन मैच हो चुके हैं और कोई जीत नहीं। आप इससे ज्यादा खराब शुरूआत की उम्मीद नहीं कर सकते। शनिवार के मैच में पहले ओवर ने ही दिल्ली और राजस्थान के बीच सारा अंतर पैदा कर दिया था। यशस्वी जायसवाल ने खलील अहमद के ओवर में पांच चौके जड़े। ट्रेंट बोल्ट ने दिल्ली की पारी की पहली दो गेंदों पर पृथ्वी शॉ और मनीष पांडेय को पवेलियन की राह दिखा दी थी।

पोंटिंग ने कहा, पहले दो मैचों में हम शुरूआत में बिना कोई विकेट खोये 40 रन तक पहुंच गए थे लेकिन पॉवरप्ले के बाद हमने विकेट गंवाए। यहां स्थिति बिलकुल अलग थी। हम पहले ओवर में ही दो विकेट गंवा बैठे और उसके बाद मुकाबले में नहीं लौट पाए।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए कोचिंग स्टाफ की घोषणा की

**एजेंसी। लाहौर**
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अपने कोचिंग स्टाफ की घोषणा कर दी है। बोर्ड ने ग्रांट ब्रैडबर्न को पक्ष के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की पुष्टि की। अब्दुल रहमान को सहायक मुख्य कोच के रूप में नामित किया गया है, जबकि एंड्रयू पुटिक और उमर गुल को क्रमशः बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।

### निजी टूर्नामेंट में खेलने को लेकर लगा प्रतिबंधित

# 3 शतरंज खिलाड़ी तमिलनाडु जिला टूर्नामेंट से हुए बाहर

**एजेंसी। चेन्नई**
भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने शतरंज खिलाड़ियों को निजी टूर्नामेंट में खेलने को लेकर प्रतिबंधित करने से इंकार किया है लेकिन यह व्यवस्था तमिलनाडु में अब भी चल रही है। तीन फिडे रेटिड सीनियर खिलाड़ियों को इसी कारण रविवार को तमिलनाडु जिला टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया और उन्होंने इसकी शिकायत की है। तीन खिलाड़ियों -एम करुणाकरण, 68, वी पलानीकुमार , 58, और मेरीस्टोन डेविड स्केनी, 48, को रविवार को अंतिम क्षणों में तिरुनेवेली जिला चयन टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं दी गयी।

तीन खिलाड़ियों ने उन्हें न खेलने देने के लिए तिरुनेवेली जिला शतरंज विकास संघ के सचिव बी पॉलकुमार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# प्रियांशु ने जीता अपना पहला बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर खिताब

**एजेंसी। ओर्लांस**
भारत के उभरते पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को रविवार को फाइनल में 21-15, 19-21, 21-16 से हराकर ओर्लांस मास्टर्स का खिताब जीत लिया।

अपने पहले सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे राजावत का यह पहला बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है। इससे पहले उनका एकमात्र बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल ओडिशा ओपन सुपर 100 इवेंट था।

राजावत का इस वर्ष जनवरी में लक्ष्य सेन के इंडिया ओपन जीतने के बाद से किसी भारतीय शटलर का पहला पुरुष एकल खिताब है।

अपने पहले सुपर 300 खिताब के सफर में युवा शटलर ने पूरे टूर्नामेंट में मात्र एक गेम गंवाया।

पहला गेम आसानी से जीतने के बाद राजावत ने दूसरे गेम में कुछ गलतियां कर डेनमार्क के खिलाड़ी को वापसी करने का मौका दे दिया।

निर्णायक गेम में राजावत ने मजबूत शुरूआत करते हुए पहले पांच अंक जीते। कुछ गलतियों ने जोहानसन को नजदीक आने का मौका दिया लेकिन राजावत ने अपना धैर्य बनाये रखते हुए एक घंटे आठ मिनट में जीत हासिल की।

**एमओयू** — भुवनेश्वर में जिम्नास्टिक में एक उच्च प्रदर्शन केंद्र

# अकादमियां बनाने के लिए एएमएनएस से साझेदारी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**
ओडिशा सरकार ने राज्य में जिम्नास्टिक खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए भुवनेश्वर में जिम्नास्टिक में एक उच्च प्रदर्शन केंद्र (एचपीसी) स्थापित करने के लिए आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील (एएमएनएस) इंडिया के साथ साझेदारी की है। ओडिशा के खेल और युवा सेवा सचिव विनील कृष्णा और उप निदेशक (एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन), एएम/एनएस इंडिया, कीजी कुबोता ने जापान के क्योटो में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत पुरी, कोरापुट जिले के जयपुर और सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला में भी अकादमियां स्थापित की जाएंगी। समझौते के अनुसार, ओडिशा सरकार एचपीसी और अकादमियों के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और रखरखाव करेगी, जबकि एएम/एनएस इंडिया इन केंद्रों का संचालन और प्रबंधन करेगी और जिमनास्ट को प्रशिक्षित करेगी, विशेष रूप से महिला जिमनास्ट को, और कोचिंग विकास और प्रमाणन, और जज प्रमाणन प्रदान करेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में खेलों के विकास के लिए समर्पित है। जिम्नास्टिक एक ओलंपिक खेल के रूप में विकसित हो रहा है और इसकी हमेशा व्यापक अपील रही है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में प्रतिभा का एक पूल है जो विशेषज्ञ मार्गदर्शन और एक समग्र समर्थन प्रणाली के तहत अगले पांच वर्षो में अंतर्राष्ट्रीय जिमनास्ट बनने के लिए तैयार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अपने राज्य और एएम/एनएस इंडिया को फिर से एक साथ देखकर बहुत खुश हूं, इस बार जिम्नास्टिक को बढ़ावा देने के लिए। यह साझेदारी देश में एक जीवंत जिमनास्टिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी और हमें युवा प्रतिभा की पहचान करने और विकसित करने में मदद करेगी। पटनायक ने कहा कि अल्टीमेट खो खो लीग के दौरान एएम/एनएस इंडिया के साथ ओडिशा का पूर्व सहयोग टीम ओडिशा जगरनॉट्स के उभरते चैंपियन के साथ बहुत उपयोगी साबित हुआ। हॉकी को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के प्रयास भी सराहनीय रहे। उन्होंने कहा, हम इस प्रयास में एएम/एनएस इंडिया के निरंतर समर्थन को महत्व देते हैं, जिसमें ओडिशा राज्य भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र के रूप में उभर रहा है। ओडिशा एएम/एनएस जिमनास्टिक हाई परफॉर्मेंस सेंटर, भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 'एलीट सीनियर जिम्नास्टिक प्रोग्राम' में भाग लेने वाले वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक सुविधा होगी। जबकि तीन ओडिशा एएम/एनएस जिम्नास्टिक अकादमियां जमीनी स्तर के एथलीटों के लिए पुरी, जयपुर और राउरकेला में स्थित होंगी। अधिकारियों ने कहा कि एचपीसी और अकादमियां एक मजबूत स्काउटिंग ढांचा तैयार करने, सक्षम कोचिंग टीमों, गुणवत्ता उपकरण और खेल विज्ञान समर्थन के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए ओडिशा से प्रतिभा विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।